संपादकीय

# एकलव्याचा अंगठा नव्हे, जीवच!

**पेपरफुटीच्या** विरोधात दिल्लीतील आंदोलनाच्या निमित्ताने जेन-झी पिढीच्या आक्रोशाचे हाकारे अजूनही आसमंतात घुमत असतानाच आयआयटी मुंबई या जगप्रसिद्ध शिक्षण संस्थेतील साहिल वाकोडे नावाच्या बी.टेक.च्या दुसऱ्या वर्षाच्या विद्यार्थ्याने आत्महत्या केली. साहिल मूळचा यवतमाळ जिल्ह्यातील. आर्णी तालुक्यातील शेलू ब्राह्मणवाडा हे त्याचे गाव. वडील रवींद्र एका गावच्या वि.का.स. सोसायटीत सचिव, तर आई सोनाली शिक्षिका आहे. साहिल अत्यंत प्रतिभावान. जेईई प्रवेश परीक्षेतून त्याने आयआयटीत प्रवेश मिळवला. पहिल्या वर्षी त्याला चांगले गुणही पडले. त्याच्या आत्महत्येबाबत आयआयटीकडून तातडीने सांगण्यात आले की, तो एआयचा वापर करून प्रश्नपत्रिका सोडविताना सापडला होता. तथापि, परीक्षेचे संचालन करणारे अधिष्ठाता प्रा. सूर्यनारायण डुल्ला यांच्या कथनाशिवाय त्या आरोपाला आधार नव्हता. कसलीही नोंद नव्हती. उलट, हे डुल्ला जातीय आधारे मानसिक त्रास देत होते, छळ करीत होते, असा आरोप साहिलच्या वडिलांनी केला. विद्यार्थ्यांनी आंदोलन सुरू केले. तेव्हा साहिलवर परीक्षेतील फसवणुकीचा आरोप करणाऱ्या निवेदनाबद्दल आयआयटीने माफी मागितली आणि प्रा. डुल्ला यांचे अधिष्ठातापद काढून घेतले. या घटनाक्रमाने आयआयटी, एनआयटी किंवा आयआयएम यांसारख्या नामांकित राष्ट्रीय शिक्षण संस्थांमधील मागासवर्गीय विद्यार्थ्यांना कशी भेदभावाची वागणूक मिळते तसेच जगातील सर्वोत्तम तंत्रज्ञ, शास्त्रज्ञ घडविण्याचा दावा करणाऱ्या या संस्था भयंकर जातीयवादाने किती व कशा पोखरल्या गेल्या आहेत, हे पुन्हा एकदा चव्हाट्यावर आले आहे. अशारीतीने शिक्षक किंवा सहपाठी विद्यार्थ्यांनी केलेल्या जातीय छळामुळे आयुष्य संपवून टाकणाऱ्या मुला-मुलींची यादी मोठी आहे आणि अशी घटना घडल्यानंतर संपूर्ण शिक्षण व्यवस्थेवर कब्जा केलेले जात्यांध लोक त्या मृत्यूला वेगळे वळण देतात हा अनुभवदेखील मोठा आहे. हैदराबाद विद्यापीठातील रोहित वेमुला याची २०१६ च्या जानेवारीतील आत्महत्या देशभर गाजली. संसदेत रणकंदन झाले. तेव्हा, रोहित मुळात दलित आहे का, या मुद्द्यावर बुद्धिभेद करण्यात आला. त्याला अखेरपर्यंत न्याय मिळाला नाही. सोमवारी मुंबई आयआयटीच्या प्रवेशद्वारावरील विद्यार्थ्यांच्या आंदोलनात तीन वर्षांपूर्वी तिथेच आत्महत्या केलेल्या दर्शन सोलंकी या विद्यार्थ्याचे कमनशिबी वडील सहभागी झाले होते. मागासवर्गीय असल्याने दर्शनचा आयआयटीत छळ होत होता, हे त्याच्या माता-पित्याचे म्हणणे त्या आत्महत्येची चौकशी करणाऱ्या समितीने अखेरपर्यंत मान्य केले नाही. मुंबईच्या नायर इस्पितळात डॉ. पायल तडवी नावाच्या आदिवासी मुलीने सहाध्यायी विद्यार्थिनींकडून होणाऱ्या छळाला कंटाळून मे २०१९ मध्ये आत्महत्या केली. तेव्हाही प्रारंभी संबंधितांनी छळाचा आरोप मान्य केला नाही. पुरावे भक्कम असल्याने व सामाजिक दबाव वाढल्याने तीन विद्यार्थिनींवर कारवाई झाली. आताही साहिलच्या आत्महत्येला परीक्षेतील फसवणुकीचे वळण देण्याचा प्रयत्न झाला. तो फसल्याने आयआयटीला माफी मागावी लागली. तरीदेखील आयआयटीचे प्राध्यापक, काही विद्यार्थी तसेच सोशल मीडियावर एरव्ही स्वतःला पुरोगामी वगैरे म्हणविणारे प्रा. सूर्यनारायण डुल्ला यांच्या समर्थनार्थ उतरले आहेत. हे जग सोडून गेलेला साहिल हाच दोषी असल्याचे सिद्ध करण्याचा प्रयत्न सुरू आहे. त्याचे कारण, प्राध्यापक असोत की उच्चवर्णीय विद्यार्थी, साऱ्यांच्या मनात मागास विद्यार्थ्यांना आरक्षणातून मिळालेले प्रवेश, तुलनेने कमी फी व इतर सवलतींबद्दल आकस आहे. त्यातून त्यांना जाहीरपणे हिणवले जाते, जातीचा उल्लेख करून शेरेबाजी होते. हा वेदनादायी आणि सोबतच चिंताजनक प्रकार आहे. कारण, आयआयटी, एनआयटी, आयआयएमच्या विद्यार्थ्यांच्या आत्महत्या हा संपूर्ण देशाच्या चिंतेचा विषय आहे. २००६ पासून वीस वर्षांत केवळ या राष्ट्रीय संस्थांमध्ये तब्बल १७१ विद्यार्थ्यांचे मृत्यू झाले असून, त्यापैकी ८२ टक्के मृत्यू आत्महत्या आहेत. अतिकठीण अभ्यासक्रमाचा ताण, परीक्षेत अपयशाची भीती, नोकरीची चिंता ही सर्वच विद्यार्थ्यांना लागू असलेली कारणे त्यामागे आहेत. सोबतच आरक्षित जागांवर प्रवेश घेतल्यानंतर मागास विद्यार्थ्यांना मिळणारी वागणूक हे आत्महत्यांचे प्रमुख कारण आहे. आता एकविसाव्या शतकात कुठे आहे जातीयवाद, असा युक्तिवाद करणाऱ्यांना सणसणीत चपराक देणारी ही आकडेवारी असून, रोहित, दर्शन, पायल किंवा साहिल, हे या जीवघेण्या जातीयवादाचे प्रातिनिधिक बळी आहेत. आपली शिक्षणव्यवस्था शहराच्या झोपडपट्ट्यांमध्ये, खेड्यापाड्यात, गावकुसाबाहेर किंवा दुर्गम डोंगरदऱ्यात राहणाऱ्या दलित, आदिवासी अशा वंचितांच्या नव्या पिढीमधील गुणवत्तेची मारेकरी ठरत आहे. ही मानसिकता पूर्वी एकलव्याचा अंगठा मागायची, आता ती थेट एकलव्याचा जीव घेत आहे.

# केंद्रीय मंत्रिमंडळातील नवे चेहरे 'वेटिंग'वर !

**मंत्रिपदाच्या इच्छुकांची उत्सुकता आणि सस्पेन्स कायम आहे. खुर्च्या रिकाम्या आहेत हे खरे; पण मुहूर्ताची प्रतीक्षा मात्र अजून संपलेली नाही.**



हरीष गुप्ता
नॅशनल एडिटर, लोकमत, नवी दिल्ली

**मोदी** मंत्रिमंडळाच्या दाराबाहेर ताटकळत बसलेल्या इच्छुकांसाठी सध्या एक परिचित संदेश फिरतो आहे- 'कृपया प्रतीक्षा करा. पंतप्रधान व्यग्र आहेत.'

पंतप्रधानांच्या 'सेवा तीर्थ'मधून मिळणाऱ्या संकेतांवरून असे दिसते की, पंतप्रधान आपल्या मंत्रिमंडळात मोठ्या फेरबदलाची अंतिम तयारी करीत आहेत. मोदींच्या मनातला हा फेरबदल 'कामराज प्लॅन'ची आठवण करून देणारा असेल असे म्हणतात. सत्तरच्या दशकाच्या सुरुवातीला तत्कालीन पंतप्रधान नेहरू यांनी ज्येष्ठ केंद्रीय मंत्र्यांसह अनेक मुख्यमंत्र्यांना पदावरून दूर करून पक्षाच्या कामासाठी पाठवले होते. मोदींचा प्लॅन मात्र सध्या अधांतरी असल्याचे दिसते.

२६ सप्टेंबरपासून 'श्राद्ध पक्ष' सुरू होत असल्याने त्या काळात मंत्रिमंडळ फेरबदल होण्याची शक्यता जवळजवळ नाही. ऑक्टोबरमधील मोदींचे वेळापत्रक आधीच विविध कार्यक्रम आणि आंतरराष्ट्रीय दौऱ्यांनी गच्च भरलेले आहे. भाजपचा 'सेवा पंधरवडा' ७ ऑक्टोबरला संपणार असून, २००१ मध्ये गुजरातचे मुख्यमंत्री म्हणून मोदींनी प्रथम सार्वजनिक जीवनात प्रवेश केल्याला २५ वर्षे पूर्ण होत आहेत.

१० ऑक्टोबरपासून मोदी महत्त्वाच्या शिखर परिषदेसाठी लाओसला जाणार आहेत. दुसऱ्याच दिवशी नवरात्र सुरू होते. २० ऑक्टोबरला दसरा आणि त्यानंतर दिवाळी. सणासुदीच्या या काळात कामराज पद्धतीचा मंत्रिमंडळ फेरबदल करून मोठी उलथापालथ घडवणे हे काही फारसे उचित ठरणार नाही.

संसदेचे विशेष अधिवेशन बोलावले गेले तर परिस्थिती आणखी बदलू शकते. त्यातच उत्तर प्रदेशातील राज्यसभेच्या १० जागांसाठीची द्विवार्षिक निवडणूक आहे. अनेक दिग्गज या निवडणुकीच्या निमित्ताने मैदानात उतरण्याच्या प्रतीक्षेत आहेत. दिल्लीत तीही धामधूम असेलच.

त्यामुळे मंत्रिपदाच्या इच्छुकांची उत्सुकता आणि सस्पेन्स कायम आहे. खुर्च्या रिकाम्या आहेत हे खरे; पण, मुहूर्ताची प्रतीक्षा मात्र अजून संपलेली नाही.

**झुरळे सांदीकोपऱ्यात शिरू लागलीत!**

'जनरेशन झेड' या नव्या पिढीचे आंदोलन म्हणून सुरू झालेल्या चळवळीने आता स्वतःचे स्वतंत्र अस्तित्व निर्माण केलेले दिसते. 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी)चे पडसाद आता रस्ते आणि सोशल मीडियाच्या पलीकडेही उमटू लागले आहेत. या मोहिमेत मांडले जाणारे प्रश्न राजकीय आणि प्रशासकीय व्यवस्थेच्या रडारवर आले आहेत.

बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडळ फेरबदलाबाबत भाजपच्या विचारप्रक्रियेवरही या आंदोलनाचा परिणाम झाला आहे. 'जेन-झी'ला सकारात्मक संदेश देण्यासाठी निर्णयप्रक्रियेत तरुण चेहरे आणि नव्या विचारांना स्थान देण्याची पंतप्रधानांची इच्छा आहे म्हणतात. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघही या पिढीशी संवाद



साधण्याचे नवे मार्ग शोधत आहे. त्याचाच एक भाग म्हणून अलीकडे दिल्लीत 'जेन-झी भजन संध्या'चे आयोजन करण्यात आले होते.

राजस्थानमध्ये स्थानिक स्वराज्य संस्थांच्या निवडणुकांमध्ये अपक्ष उमेदवारांनी २२७३ जागा जिंकल्या आणि अनेक स्थानिक संस्थांमध्ये ते किंगमेकर ठरले. राज्यातील सरकारी शाळांच्या स्थितीचा मुद्दा सीजेपीने सातत्याने उपस्थित केला होता. त्याचा प्रतिध्वनी न्यायालयातही ऐकू आला. विद्यार्थी आंदोलकांविरुद्ध कोणतीही दडपशाहीची कारवाई करू नये, असा आदेश सर्वोच्च न्यायालयाने दिल्यानंतर ग्रेटर नोएडातील एका कार्यकारी दंडाधिकाऱ्याने एका विद्यार्थ्याला नोटीस बजावली. त्यानंतर संबंधित अधिकाऱ्याला निलंबित करण्यात आल्याचे उत्तर प्रदेश सरकारने सर्वोच्च न्यायालयाला सांगितले.

या सगळ्यात सर्वाधिक कुतूहल आहे ते एका व्यक्तीबाबत - अभिजित दीपके. तो येतो, आवाज उठवतो, एखादा प्रश्न उपस्थित करतो आणि मग अचानक नजरेआड होतो. त्याच्या पुढच्या खेळीचा अंदाज बांधण्याचे काम त्यामुळे सत्ताव्यवस्थेला करावे लागते आहे.

'सीजेपी' हा एक अपरंपरागत राजकीय प्रयोग आहे, असे अजून तरी म्हणता येते. पण, ही झुरळे आता सांदीकोपऱ्यात शिरू लागली आहेत, हे मात्र नक्की!

**शिंदेंची 'वडनगर' वारी**

पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांच्या वाढदिवसाच्या सोहळ्यासाठी भाजपचे मित्रपक्ष मोठ्या संख्येने उपस्थित होते. आंध्र प्रदेशचे मुख्यमंत्री एन. चंद्राबाबू नायडू हे मोदींचा लोकसभा मतदारसंघ असलेल्या वाराणसीत पोहोचले. चिराग पासवान, अनुप्रिया पटेल आणि जेडीयूचे नेतेही या सोहळ्यात सहभागी झाले होते.

पण, दिल्लीत चर्चा याची आहे की, महाराष्ट्राचे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुजरातमधील वडनगरपर्यंत का गेले? आणि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह यांच्यासोबत उभे राहून त्यांनी पंतप्रधानांच्या दीर्घायुष्यासाठी प्रार्थना का केली? या दोघांनी महिनाभर चालणाऱ्या 'सेवा संकल्प अभियाना'चा शुभारंभ केला आणि मोटारसायकल रॅलीला हिरवा झेंडा दाखवला. शिंदे यांनी आपल्या भाषणाची सुरुवातही गुजराती भाषेत केली.

मात्र, भाजपच्या वाढदिवसाच्या कार्यक्रमांच्या आखणीशी परिचित असलेल्यांच्या मते, हे सारे पूर्वनियोजितच होते. पण, दिल्लीतील राजकीय कुजबुज करणारे जग अधिकृत कार्यक्रमपत्रिकेवर फारसा विश्वास ठेवत नाही.

एकनाथ शिंदे यांना आपला मुलगा श्रीकांत यांना मोदी सरकारमध्ये स्थान मिळवून देण्याची इच्छा असल्याची दिल्लीत चर्चा आहे. एनडीएच्या महाराष्ट्रातील या भागीदाराला खुश ठेवण्यामागे भाजपचीही कारणे आहेत. त्यामुळे वडनगरमधील शिंदे यांची उपस्थिती जाणकारांच्या डोळ्यांवर आली असावी!

harish.gupta@lokmat.com

अन्वयार्थ

# १५ रुपयांचा सलाइन सेट २५० रुपयांना ! - हे काय गौडबंगाल?

**वस्तूंवर एमआरपीबरोबरच उत्पादन किंमत छापणे बंधनकारक करायला हवे, तरच उत्पादक आणि विक्रेत्यांकडून होणारी ग्राहकांची ही लूट थांबू शकेल !**



विवेक वेलणकर
अध्यक्ष, सजग नागरिक मंच, पुणे

**अन्न** व औषध विभागाचे आयुक्त तुकाराम मुंढे यांनी १५ रुपयांचा आयव्ही सेट रुग्णांना २५० रुपयांना घ्यावा लागतो, त्यात दोन हजार टक्के नफा कमावला जातो, असे उघडकीस आणले आहे. कायद्याने कारवाई शक्य होत नाही; कारण त्यावर उत्पादन करणारी कंपनी २५० रुपये एमआरपी (कमाल किरकोळ किंमत) छापते.

एमआरपीचा मूळ उद्देश ग्राहकाला त्यापेक्षा जास्त भावाने वस्तू खरेदी करावी लागू नये आणि ग्राहकांची विक्रेत्यांकडून लूट होऊ नये हा आहे. एमआरपीपेक्षा जास्त किमतीला कोणी वस्तू विकत असेल तर ग्राहकाला त्याविरोधात दाद मागता येते. मात्र, मुळात एमआरपी हाच खूप मोठा झोल आहे, हे ग्राहकांच्या लक्षात येत नाही आणि मग छोट्या दुकानदारांपासून मोठ्या मॉलपर्यंत सगळेजण वस्तूंच्या एमआरपीवर आकर्षक सवलती जाहीर करतात आणि ग्राहकही त्याला भुलतात. मुळातच कोणताही विक्रेता स्वतःचा तोटा करून विक्री करत नाही, या साध्या तत्त्वाचा ग्राहकांना विसर पडतो.

वस्तूंच्या निर्मितीमूल्याचा (कॉस्ट ऑफ प्रॉडक्शन) या एमआरपीशी काडीचा संबंध नसतो. वस्तू विक्रीयोग्य होण्यासाठी ती तयार करणाऱ्या कंपन्यांना येणाऱ्या खर्चाच्या 'काही पट' सुद्धा ही एमआरपी छापली जाते. अनेक जेनेरिक औषधे, सौंदर्यप्रसाधने, इलेक्ट्रिक केबल व वस्तूंवर घाऊक विक्रेते ३०-४० टक्के सूट देतात. पुणे महापालिका दरवर्षी जी औषधे खरेदी करते, त्यातील जेनेरिक औषधांवर एमआरपीच्या ८० टक्के तर ब्रॅण्डेड औषधांवर ४० टक्के सूट ती विकणारा घाऊक विक्रेता पुणे महापालिकेला सरसकट देतो. एवढी मोठी सूट घाऊक विक्रेता देतो, उत्पादक नाही. यातले कुणीच खिशाला चाट देऊन व्यवसाय करत नाही, याचाच अर्थ एमआरपी किंमत उत्पादन खर्चाच्या काही पटीने



फुगवून छापली जाते.

गेली अनेक वर्षे ग्राहक संघटना सरकारकडे सातत्याने मागणी करत आहेत की, निर्मिती कंपन्यांना वस्तूंवर एमआरपीबरोबरच उत्पादन किंमत छापणे बंधनकारक करायला हवे, जेणेकरून ग्राहकांना आपण एखाद्या वस्तूच्या खरेदीसाठी मोजत असलेली किंमत योग्य आहे की नाही हे समजेल. ही मागणी सरकार दरबारी दुर्लक्षितच राहिली आहे. पन्नास वर्षांपूर्वी केंद्र सरकारने केलेल्या कायद्याप्रमाणे प्रत्येक निर्मिती कंपनीला आपल्या वस्तू निर्मिती खर्चाचे कॉस्ट ऑडिट करून घेणे आणि ते सरकार दरबारी दाखल करणे अनिवार्य आहे. या कंपन्यांकडे ही माहिती तयारच असते, मग सरकार त्यांना वस्तूंवर एमआरपीबरोबरच निर्मिती खर्च छापण्याची सक्ती तर करत नाही? कॉस्ट ऑडिट्सच्या आधारे २०१६-१७ यावर्षी केंद्र सरकारने पेट्रोलियम, खते, प्लास्टिक, रबर, औषधे, सौंदर्यप्रसाधने अशा वीस उद्योगांतील उत्पादनांची निर्मिती किंमत व नफा यासंबंधीचा एक अहवाल प्रसिद्ध केला होता. त्यानंतर गेल्या दहा वर्षांत असा अहवाल पुन्हा प्रसिद्ध केला गेला नाही. कारण काय तर म्हणे पुरेसे मनुष्यबळ नाही. एआयच्या जमान्यात यावर शेंबडे पोर तरी विश्वास ठेवेल का? सर्वच उद्योगांच्या बाबतीत हा अहवाल दरवर्षी प्रसिद्ध होणे आणि गतवर्षीच्या तुलनेत कोणत्या इंडस्ट्रीचा नफा किती वाढला, हे ग्राहकांना पारदर्शकपणे समजणे ही काळाची गरज आहे.

तेच टोलचे. बहुतांश रस्त्यांवर वाहनचालक वर्षानुवर्षे टोल भरतच राहतात. सदर रस्ता बांधण्यासाठी कंत्राटदाराला खर्च किती आला आणि दरवर्षी देखभाल-दुरुस्तीसाठी किती खर्च आला, याचे कॉस्ट ऑडिट संबंधित कंत्राटदाराने सादर करणे बंधनकारक करून ते जनतेच्या माहितीसाठी शासनाने प्रकाशित केले पाहिजे, जेणेकरून आपण टोल नक्की कशाचा आणि किती वर्षे द्यायचा, या संदर्भात ग्राहकांना संपूर्ण माहिती मिळेल. 'ग्राहक देवो भव' असे नुसते म्हणून किंवा अवास्तव एमआरपी वस्तूंवर छापून ग्राहकांप्रती इतिकर्तव्यता झाली, हे समजणे चुकीचे आहे. जोपर्यंत एमआरपीबरोबरच वस्तूंचा उत्पादन खर्च प्रसिद्ध होत नाही, तोपर्यंत खऱ्या अर्थाने ग्राहकहिताचे संरक्षण होणार नाही.

vkvelankar@gmail.com

जगभर

# वॉरेन बफेंच्या मुलांसाठी वडील 'सिक्युरिटी गार्ड' !

**दिग्गज** गुंतवणूकदार आणि जगातील सर्वाधिक श्रीमंतांपैकी एक वॉरेन बफे यांचं नाव कोणाला माहीत नाही? त्यांचं नाव ऐकलं की प्रचंड संपत्ती, गुंतवणुकीचं कौशल्य आणि साधी जीवनशैली अशी अनेक चित्रं डोळ्यांसमोर येतात. त्यांचा स्वतःचा मुलगा हॉवर्ड बफे यांना मात्र वडिलांचं हे कर्तृत्व अनेक वर्ष माहीत नव्हतं. कारण वॉरेन बफे यांनी आपल्या मुलांना अगदी सर्वसामान्य मुलांप्रमाणे वाढवलं. त्यामुळे घरात कुबेर पाणी भरत असताना आणि अब्जावधीची संपत्ती पायाशी लोळण घेत असतानाही, त्यांच्या मुलांना वाटत होतं, आपले वडील गरीब आहेत!

आपल्या बालपणीची एक गमतीदार आठवण हॉवर्ड यांनी स्वतःच सांगितली आहे. शाळेत एकदा शिक्षकांनी सर्व मुलांना तुमचे वडील काय करतात, त्यांचा व्यवसाय काय याबद्दल सहज म्हणून विचारलं. हॉवर्ड आणि त्यांची बहीण सुसान यांची पाळी आली, तेव्हा त्यांनी काय सांगावं? दोघंही म्हणाले, आमचे वडील सिक्युरिटी गार्ड आहेत! पुढे मोठं झाल्यावर त्यांना वडिलांचं वास्तविक आर्थिक सामर्थ्य आणि साम्राज्य समजलं.

अब्जाधीशाचा मुलगा असूनही हॉवर्ड यांनी लहानपणापासून शेतीची वाट निवडली. घरामागची जमीन त्यांनी स्वतः खोदून शेतीयोग्य बनवली. कॉलेजमध्ये असताना त्यांनी बुलडोझर घेतला आणि झाडं हटवण्यापासून बेसमेंट खोदण्यापर्यंतची कामं स्वतः केली. पुढे सुमारे १,५०० एकर जमिनीवर त्यांनी स्वतः शेती केली. वारशानं मिळालेल्या संपत्तीपेक्षा प्रत्यक्ष श्रम आणि जमिनीशी असलेलं नातं त्यांच्या आयुष्यात अधिक महत्त्वाचं राहिलं.

हॉवर्ड यांच्या आयुष्यात साहसाचे प्रसंगही आले. सप्टेंबर १९९७ मध्ये कॅनडातील हडसन बे परिसरात वन्यजीवांची छायाचित्रं घेत असताना एका अस्वलानं त्यांच्यावर हल्ला केला. परिस्थिती अत्यंत गंभीर झाली होती. मात्र ऐन वेळी हेलिकॉप्टरच्या मदतीनं



त्यांना वाचवण्यात आलं.

समाजसेवेच्या क्षेत्रातही हॉवर्ड यांनी मोठं काम केलं आहे. १९९९ पासून ते परोपकारी कार्यात सक्रिय आहेत. आपल्या संस्थेच्या माध्यमातून विविध देशांमध्ये गरजू लोकांना ते मदत करतात. विशेषतः आफ्रिकेतील संघर्षग्रस्त आणि गरजू भागांमध्ये त्यांनी आरोग्य, पाणी आणि इतर मूलभूत सुविधांसाठी काम केलं. २०१२ मध्ये काँगोतील गोमा शहरावर बंडखोरांचं नियंत्रण आल्यानंतर रुग्णालयांसाठी जनरेटर आणि पाण्याची व्यवस्था सुरू करण्याच्या कामात हॉवर्ड यांनी महत्त्वाची भूमिका बजावली.

हॉवर्ड यांच्या साध्या आणि व्यवहार्य दृष्टिकोनाचं आणखी एक उदाहरण म्हणजे त्यांची पहिली कार. १९७३ मध्ये हायस्कूल पूर्ण करताना त्यांना नवीन कार घ्यायची होती. त्यांनी वडिलांसोबत एक वेगळीच आर्थिक डील केली. पुढील तीन वर्ष वाढदिवस, ख्रिसमस किंवा पदवीदानाच्या निमित्तानं कोणतीही भेट न घेता त्याऐवजी त्याचे पैसे आधीच देण्याची विनंती त्यांनी वडिलांकडे केली.

वॉरेन बफे यांनी त्यांना ५,००० डॉलर दिले. कारची किंमत मात्र त्यापेक्षा खूपच जास्त होती. त्यामुळे हॉवर्ड यांनी स्वतः नोकरी करून आणखी २,३०० डॉलर जमा केले आणि कार खरेदी केली. प्रत्येक गोष्ट मुलांनीही स्वकष्टानं मिळवली.

हॉवर्ड यांच्या आयुष्याकडे पाहिलं तर एक गोष्ट ठळकपणे जाणवते. प्रचंड संपत्तीच्या सावलीत वाढूनही त्यांनी स्वतःची ओळख केवळ वॉरेन बफे यांचा मुलगा म्हणून निर्माण केली नाही. शेती, साहस, फोटोग्राफी आणि समाजसेवा या माध्यमातून त्यांनी स्वतःची स्वतंत्र वाट निवडली.

जनमन

# डिजिटलचा अट्टाहास सोडा, शिक्षण द्या



**अत्याधुनिक** तंत्रज्ञानाच्या मदतीने भारतातील शिक्षण व्यवस्थेत आमूलाग्र बदल करण्याचे धोरण शासनाकडून काही वर्षांपासून अवलंबले जात आहे. मात्र, या डिजिटल शिक्षण मोहिमेत अनंत अडचणी येत आहेत. नेटवर्क नसणे, डिजिटल बोर्ड बंद असणे त्याचबरोबर शिक्षकांचीही मोठी कमतरता जाणवत आहे. सरकारच्या धोरणानुसार शिक्षण क्षेत्राचे डिजिटलीकरण घडवले जात असले तरी अद्यापही खेड्यापाड्यांमधील शिक्षण यंत्रणा त्यासाठी सुसज्ज नाही. त्याचबरोबर विद्यार्थीदेखील त्यासाठी तयार असल्याचे दिसत नाही. शिक्षणाचे डिजिटलीकरण करण्याआधी शाळा आणि विद्यार्थ्यांच्या मूलभूत समस्यांना हात घालण्याची आवश्यकता आहे. मुळातच खेड्यापाड्यातील सरकारी शाळांच्या इमारती अतिशय जीर्ण झाल्याचे चित्र पाहायला मिळते. शाळांच्या इमारतींमध्ये विद्यार्थी-विद्यार्थिनींसाठी स्वच्छतागृहाची देखील सोय नसल्याचे दिसून येते. शाळेत येण्यासाठी गरीब कुटुंबातील मुले प्रचंड संघर्ष करत असतात. त्याचबरोबर त्यांना शालेय सुविधांसाठी देखील झगडावे लागत आहे. पुरेसा शिक्षकवर्गनियुक्त नसल्यामुळे मुलांच्या शिक्षणाची मोठी आबाळ दिसून येते. खरे तर पिढ्यानपिढ्या शिक्षण न घेतलेल्या कुटुंबातील मुलांसाठी शिक्षण हे आनंददायी असणे गरजेचे आहे. त्याकरिता त्यांना शाळेकडे कसे आकर्षित करता येईल यावर भर दिला गेला पाहिजे. परंतु, शिक्षणाच्या आनंदापासून देशातील कोट्यवधी मुलांना पारखे केले जात आहे. डिजिटल शिक्षण देण्याच्या अट्टाहासापायी देशातील बहुसंख्य मुले शिक्षणापासून वंचित राहात आहेत.

**- प्रा. मधुकर चुटे**, नागपूर

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

पर्पजफुल

# जिंदगी बडी, लंबी और गहरी... तिनो हो सकती है...

**आर्थिक स्वावलंबन महत्त्वाचे; पण उपजीविकेचा प्रश्न सोडवण्यासोबतच जीविकेचा प्रश्न सोडवणे, हे तरुण पिढीसमोरील रोमांचक आव्हान आहे.**



अमृत बंग
'निर्माण' या युवा उपक्रमाचे प्रमुख

**जीवनात** स्पष्ट पर्पज असण्याचे अनेक मानसशास्त्रीय फायदे तर आहेतच, पण अत्यंत लक्षणीय बाब म्हणजे मृत्यूचा धोकाही कमी होतो. उद्देशपूर्ण जीवन दैनंदिन पातळीवर अधिक आनंददायी, उत्साही व समाधानी वाटते इतकेच नाही तर त्यामुळे आयुष्य खऱ्या अर्थाने दीर्घही होऊ शकते. 'आनंद' सिनेमातला प्रसिद्ध डायलॉग बदलून आता 'बाबूमोशाय, जिंदगी बडी, लंबी और गहरी.. तिनो हो सकती है...' असा करायला हवा.

दुर्दैवाने आपल्याकडील बहुतांश तरुणांना त्यांच्या जीवनाचे ध्येय शोधण्याची व ते प्रत्यक्षात आणण्यासाठीची संधी, वातावरण आणि आवश्यक प्रोत्साहन मिळत नाही. ही एक मोठी शोकांतिका आहे. म्हणूनच निव्वळ 'यूथ फॉर पॅकेजफूल लाईफ' असे नाही तर त्यापुढे जाऊन 'यूथ फॉर पर्पजफूल लाईफ' हे निर्माणचे ब्रीदवाक्य आहे. कुठलेही पॅकेज हे आर्थिक स्वावलंबनाच्या दृष्टीने महत्त्वाचे पाऊल आहे.

पण तेवढ्यावरच थांबायला मात्र नको. उपजीविकेचा प्रश्न सोडवण्यासोबतच जीविकेचा प्रश्न सोडवणे हे तरुण पिढीसमोरील रोमांचक आव्हान आहे. आज वयाची ७६ वर्षे पूर्ण करत असलेल्या डॉ. अभय बंग यांनी 'या जीवनाचे काय करू?' या पुस्तकात त्यांच्या किशोरवयातील एक प्रसंग विशद केला आहे. ते व त्यांचे मोठे बंधू साधारण १३-१४ वर्षांचे असताना वर्धा जिल्ह्यातील एका खेडेगावाच्या बाजूने सायकलवर जात होते. दोघाही भावांना असे



वाटले की आपण आता मोठे झालो आहोत आणि म्हणून जीवनात काय करायचे ते आता ठरवून टाकायला हवे. तेव्हा थांबून दोघे काही वेळ चर्चा करतात. समोर दिसणारे खेडे बघून ते विचार करतात की भारतीय खेड्यातील लोक गरीब व उपाशी आहेत आणि ते आजारी आहेत. म्हणून एक भाऊ ठरवतो की मी शेती सुधारण्याचा प्रयत्न करीन तर दुसरा आरोग्य सुधारण्याचा निश्चय करतो. त्या दिवशी एकमेकांच्या साक्षीने नियतीशी केलेल्या त्या करारानुसार गेली साठहून अधिक वर्षे त्या दोघांचा जीवनप्रवास चालू आहे.

प्रो. विल्यम डेमन यांनी सांगितलेल्या पर्पजच्या व्याख्येतील तीनही घटक या दोन शाळकरी मुलांच्या तत्कालीन विचारात व निर्णय प्रक्रियेत होते. त्या त्या पर्पजनुसार ते आयुष्य जगले, त्यांना स्वतःला त्यांचे जीवन सार्थक, समाधानकारक व अर्थपूर्ण वाटले हा उपयोग तर झालाच पण त्याचा मोठा, व्यापक उपयोग अख्ख्या समाजालाही झाला. ज्या विद्यापीठांत ते शिकले तेथील इतरही विद्यार्थी हुशार व गुणवान होतेच. पण सगळ्यांच्याच हातून जीवनात काही भरीव वा समाजाचे काही व्यापक भले झालेच असे नाही. उपजत बुद्धी व प्राप्त केलेले कौशल्य साधारण सारखे असताना पर्पजचा अभाव वा प्रभाव हा जीवनाची व्यापक दिशा व निष्पत्ती ठरवतो.

हार्वर्ड बिझनेस स्कूलमधील सुप्रसिद्ध प्राध्यापक क्लेटन ख्रिस्टेनसन असे म्हणतात की, 'जर तरुणांनी आपल्या आयुष्याचे ध्येय किंवा उद्देश शोधण्यासाठी वेळ काढला, तर नंतरच्या काळात त्यांना तीच गोष्ट त्यांनी शोधलेली सर्वात महत्त्वाची बाब वाटेल. परंतु, ध्येय किंवा उद्देशाशिवाय आयुष्य पोकळ बनू शकते.'

amrutabang@gmail.com

तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४११०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

दैनिक जागरण

सही अवसर की प्रतीक्षा में बहुत अवसर व्यर्थ चले जाते हैं

# सवालों में आइआइटी बांबे

प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षा संस्थान आइआइटी बांबे में एक छात्र की आत्महत्या को लेकर जिस तरह दलगत राजनीति भी होनी शुरू हो गई है, वह दुर्भाग्यपूर्ण ही है। राजनीतिक दलों को कम से कम ऐसे किसी मामले पर राजनीतिक रोटियां सेंकने से बाज आना चाहिए, जिससे समाज में वैमनस्य पैदा होने का खतरा हो। यह इसलिए और भी आवश्यक है, क्योंकि अभी यह स्पष्ट नहीं कि छात्र साहिल रवींद्र वाकोडे ने आत्महत्या क्यों की। आइआइटी बांबे प्रबंधन के अनुसार उसे मोबाइल फोन के जरिये नकल करते पकड़ा गया था, लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। बाद में उसने हास्टल के कमरे में आत्महत्या कर ली। यह खबर आते ही साहिल के पिता ने यह आरोप लगाया कि उसे तीन माह से प्रताड़ित किया जा रहा था और जातिसूचक गालियां दी जा रही थीं, लेकिन यह अनुत्तरित ही है कि इसका उल्लेख पहले क्यों नहीं किया गया और संस्थान के एससी-एसटी सेल में इसकी शिकायत क्यों नहीं की गई? यह ठीक नहीं कि इन प्रश्नों का उत्तर सामने आने और जांच पूरी होने के पहले ही साहिल को नकल करते हुए पकड़ने वाले शिक्षक सूर्यनारायण दुल्ला पर एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया गया। आखिर जब आइआइटी बांबे प्रबंधन तंत्र के साथ मुंबई क्राइम ब्रांच घटना की जांच कर रही है और इस जांच के चलते प्रोफेसर दुल्ला को डीन पद से हटा दिया गया है, तब फिर इस निष्कर्ष पर पहुंचने का क्या औचित्य कि साहिल को प्रताड़ित करने के साथ आत्महत्या के लिए विवश किया गया?

उचित यही है कि आत्महत्या करने वाले छात्र के स्वजन, आइआइटी बांबे के छात्र और राजनीतिक दल साहिल की मौत की जांच की प्रतीक्षा करें। इसी के साथ यह भी आवश्यक है कि आइआइटी जैसे संस्थान उन कारणों की पहचान कर उनका निवारण करें, जिनके चलते छात्र रह-रहकर आत्महत्या करते रहते हैं। यह सामान्य बात नहीं कि बीते कुछ माह में आइआइटी बांबे के ही चार छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। ऐसे ही मामले अन्य आइआइटी में भी देखने को मिले हैं। चूंकि आत्महत्या करने वाले छात्र सभी वर्गों के रहे हैं, इसलिए इस नतीजे पर पहुंचना सही नहीं कि इन संस्थानों में वर्ग विशेष के छात्रों के प्रति भेदभाव होता है, लेकिन इतना तो है ही कि छात्रों को तनावमुक्त वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता है। आइआइटी देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान हैं। इन संस्थानों में पठन-पाठन का स्तर और साथ ही माहौल ऐसा होना चाहिए, जिससे किसी भी छात्र को आत्महत्या न करना पड़े। इसके लिए शिक्षक-छात्र अनुपात बेहतर करने के साथ ही पढ़ाई में कमजोर और किसी कारण मानसिक रूप से परेशान छात्रों की काउंसिलिंग के तंत्र को सुधारा भी जाना चाहिए, क्योंकि इसमें कमी दिख रही है।

# जिम्मेदारी समझें किसान

पंजाब में धान की कटाई आरंभ होते ही पराली को आग लगाने का सिलसिला शुरू होना कतई सही नहीं। इससे पर्यावरण ही प्रदूषित होगा। अन्नदाता किसान धरती को मां के समान समझते हैं, फिर खेतों में आग लगना हैरानीजनक है। कई अध्ययनों से भी यह स्पष्ट हो चुका है कि आग से खेतों में पोषक तत्व ही नष्ट होते हैं। पराली न जले, इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकारें कई वर्षों से योजनाएं भी बना रही हैं। फसल अवशेष इकट्ठा करने के लिए किसानों को मशीनरी तक उपलब्ध करवाई जाती है। करोड़ों रुपये मशीनरी पर खर्च करने के दावे भी किए जाते हैं। पराली जलने से रोकने के लिए सरकारी अमला भी तैनात होता है। फिर भी पराली को आग लग रही है, जिससे स्पष्ट है कि योजनाएं धरातल पर उतर नहीं पाई हैं। इस समस्या का स्थायी समाधान तभी संभव है, जब तकनीक सर्वसुलभ होगी। उन अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई भी अवश्य होनी चाहिए, जो कि अपने क्षेत्र में पराली को जलने से नहीं रोक पा रहे हैं। पर्यावरण का संरक्षण करना सबका दायित्व है। किसान पराली को आग लगाने से परहेज ही करें तो बेहतर, क्योंकि पराली का धुआं उनकी सांसों में भी घुलेगा। पराली जलाने से दो तीन महीने देश का एक बड़ा हिस्सा धुंध की चपेट में रहता है। इससे लोगों का जीवन कठिन हो जाता है, क्योंकि सांस लेना मुश्किल हो जाता है।

> पराली को आग लगाने से किसान परहेज ही करें तो बेहतर, क्योंकि धुआं उनकी सांसों में भी घुलेगा

# संघ की प्राथमिकता में समरसता



ए. सूर्यप्रकाश

**संघ प्रमुख का विदेश दौरा भारत की घरेलू राजनीति के लिए भी अहम रहा, क्योंकि उन्होंने धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध एक लक्ष्मण रेखा खींची**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत के हालिया अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन दौरे के दौरान व्यक्त विचार न केवल संघ के कटु आलोचकों, बल्कि संघ के वृहत्तर संगठनों में सक्रिय परंपरावादियों के लिए भी कुछ अचरज भरे रहे। न्यूयार्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन और अन्य आयोजनों में सरसंघचालक द्वारा बहुलतावाद और विविधता की महत्ता का बखान सुनकर संघ के विरोधी यकीनन अवाक रह गए होंगे। जब संघ जब अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे कर रहा है, तब कट्टरपंथियों और छद्म-पंथनिरपेक्षतावादियों के विषैले नैरेटिव को लपक कर आगे बढ़ने वाले संघ विरोधियों को यह सुनकर तगड़ा झटका लगा होगा कि भागवत समानता, बंधुत्व और बहुलता को लोकतांत्रिक जीवन का मूल आधार बता रहे हैं। इससे भी अधिक उल्लेखनीय उनका विविधता को हिंदू चिंतन का आत्मा बताना और यह रेखांकित करना रहा कि भारत में एक उदार लोकतंत्र के सभी गुण इसीलिए समाहित हैं, क्योंकि ये मूल्य उसकी सभ्यतागत जड़ों से ही उपजे हैं।

इस दौरान उनका यह बयान बहुत चर्चित रहा कि 'भारत में कोई मुस्लिम नहीं होना चाहिए, ऐसा सोचने वाला सच्चा हिंदू नहीं हो सकता।' 'सच्चे हिंदू' की उनकी यह परिभाषा समूचे संघ परिवार के लिए समग्रता से परिपूर्ण सतर्कता संदेश की भांति होनी चाहिए। विशेष रूप से कुछ अनुषंगी संगठनों और अन्य अनेक कट्टरपंथियों के लिए चेतावनी भी, जो अक्सर मुस्लिम और ईसाई अल्पसंख्यकों के साथ उलझकर टकराव बढ़ाते रहते हैं। यह बयान भाजपा जैसे राजनीतिक संगठन के लिए भी एक परोक्ष संदेश और विवेकसम्मत सलाह कही जा सकती है, क्योंकि केंद्र और कई राज्यों की सत्ता पर काबिज होने के बावजूद उसके कई नेता अन्य मतावलंबियों के विरुद्ध अप्रिय टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते। भागवत की टिप्पणी वस्तुतः शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की हिमायत करने वाली है। यदि उनके इस विचार को आत्मसात कर मूर्त रूप दिया गया तो इससे सामाजिक समरसता का भाव बहुत सशक्त होगा।

न्यूयार्क में आयोजित जिस अंतरराष्ट्रीय धार्मिक सम्मेलन में भागवत ने भाग लिया, उसमें एक पांच-सूत्रीय कार्ययोजना एवं प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। इस प्रस्ताव में 'घृणा, हिंसा या अमानवीयकरण को जायज ठहराने के लिए पंथ के इस्तेमाल' जैसी अवधारणाओं का पुरजोर विरोध किया गया। यह रुख भारत के संवैधानिक जनादेश के ही अनुकूल है, जो धर्म को संवैधानिक एवं मानवीय मूल्यों से ऊपर रखने तथा अन्य मतावलंबियों के विरुद्ध नफरत या हिंसा को बढ़ावा देने का स्पष्ट विरोध करता है। सार्वभौमिक एकात्मता के प्रसार को प्रोत्साहन से जुड़े इस आयोजन में भागवत का संबोधन इन्हीं बिंदुओं पर केंद्रित भी रहा। इसी आयोजन में कुछ चिरपरिचित आंदोलनजीवियों का जमावड़ा भी रहा। इन आंदोलनजीवियों में कट्टरपंथी, ईसाई मत प्रचारक, छद्म-सेक्युलर और वामपंथी गुट शामिल थे, जो संघ के विरोध में तथा भारत में तथाकथित मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ गला फाड़कर चिल्ला रहे थे। वे हाथों में पोस्टर और तख्तियां लिए नारे लगा रहे थे। विश्व के इस विशालतम स्वयंसेवी संगठन के विरुद्ध दशकों से गढ़े गए मनगढ़ंत झूठ से प्रेरित उनका यह प्रपंच और विरोध संघ प्रमुख के उन ठोस विचारों के संदर्भ में बिल्कुल खोखला और बेअसर था, जो उन्होंने सभागार में व्यक्त किए थे। इसके अलावा, उनका यह प्रलाप मुख्यतः विश्व के सबसे विशाल एवं जीवंत लोकतंत्र 'भारत' के खिलाफ लक्षित था। उनके इस विषवमन पर किसी को भी हैरानी हो सकती है कि क्या उन्हें हिंदू समाज और आरएसएस के विषय में कोई बुनियादी समझ है भी या नहीं?



अवधेश राजपूत

मैडिसन स्क्वायर में संघ प्रमुख का संबोधन न्यूयार्क के मेयर जोहरान ममदानी के मुंह पर किसी करारे वैचारिक तमाचे से कम नहीं रहा होगा। ममदानी इस आयोजन के मुखर विरोधी बने हुए थे। उन्होंने आरएसएस की विचारधारा को 'विभाजनकारी' बताया था। ममदानी के आलोचकों ने भी उनके तथाकथित पंथनिरपेक्ष पाखंड, दोहरे मापदंड और हिंदू संगठनों के प्रति उनके खुले पूर्वाग्रह की तीखी भर्त्सना की। आलोचकों की दृष्टि में ममदानी ऐसे व्यक्ति के रूप में उभरे हैं, जो हिंदू-विरोधी दुर्भावनाओं के हवा देने में लगे रहते हैं।

कनाडा और ब्रिटेन दौरे पर भी भागवत ने विभिन्न धर्मों और नस्लों के बीच उदारता एवं सद्भाव के मूल्यों की पुरजोर वकालत की। टोरंटो में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की मूल भावना पर आयोजित 'हिंदू-विश्व बंधु' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने रेखांकित किया कि हिंदू धर्म 'विविधता में एकता' का जीवंत उदाहरण है। इसे किसी एक भाषा, एक जीवनशैली या किसी एक पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं किया जा सकता और यही कारण है कि इसके अनुयायियों में बहुलतावादी समाज के प्रति गहरी सहिष्णुता देखने को मिलती है। उन्होंने दुनिया भर के प्रताड़ित समुदायों को खुले दिल से गले लगाने की भारतीयों की सहज प्रवृत्ति का भी उल्लेख किया। यह भी एक वजह रही कि भारत सदियों से समय-समय पर प्रताड़ित समुदायों का सुरक्षित आश्रयस्थल रहा है। ब्रिटेन में उन्होंने वैश्विक तनावों को सुलझाने के लिए एकता, सह-अस्तित्व और 'जियो और जीने दो' के दृष्टिकोण पर जोर दिया। उन्होंने वर्तमान युवा पीढ़ी को ऐसा वर्ग बताया, जो सकारात्मक परिवर्तन का सूत्रधार बनने को तैयार है।

समग्रता में देखें तो भागवत का अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन का यह दौरा विश्व को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मूलभूल मूल्यों से परिचित कराने के प्रयास की दृष्टि से एक बड़ी सफलता कहा जा सकता है। यह भारत की घरेलू राजनीति के संदर्भ में भी बेहद अहम रहा, क्योंकि उन्होंने धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध एक सख्त लक्ष्मण रेखा खींची। भागवत सामाजिक समरसता के प्रबल पैरोकार भी बनकर उभरे हैं। अब देखना यही होगा कि क्या संघ परिवार और भाजपा उनकी इन नसीहतों को गंभीरता से लेंगे और आवश्यक सुधारों के लिए अपेक्षित कदम उठाएंगे या नहीं?

(लेखक लोकतांत्रिक विषयों के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)
response@jagran.com

# फूहड़ और विषाक्त होती राजनीति



राजीव सचान

**भारतीय राजनीति हर दिन स्तरहीन होती जा रही है और भाषा की मर्यादा की कोई भी परवाह नहीं कर रहा है**

इंदौर में राहुल गांधी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम इसलिए अधिक चर्चा में रहा, क्योंकि इसमें एक कामेडियन को बुलाकर उससे प्रधानमंत्री मोदी की मिमिक्री कराई गई। राहुल गांधी इस कामेडियन के सहयोगी के रूप में उत्साहित होकर उसका साथ देते नजर आए। नेताओं, अभिनेताओं और अन्य नामचीन लोगों की मिमिक्री कोई नई-अनोखी बात नहीं है, लेकिन यह अजीब ही कहा जाएगा कि राहुल गांधी ने छात्रों के मुद्दों को उजागर करने के लिए अपने मंच पर एक कामेडियन को बुलाकर प्रधानमंत्री की मिमिक्री कराना पसंद किया। इस मिमिक्री के जरिये प्रधानमंत्री की विदेश नीति की रीति-नीति का मजाक उड़ाया गया। इसी क्रम में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की ओर से एक बुजुर्ग महिला को कुर्सी देने के आग्रह का भी मजाक उड़ाया गया। यह निहायत भोंडा और जुगुप्सा पैदा करने वाला रहा। आखिर किसी बुजुर्ग महिला को कुर्सी उपलब्ध कराने के सहज मानवीय व्यवहार का मजाक कैसे उड़ाया जा सकता है, लेकिन कांग्रेस को इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लगा।

आजकल कामेडी के नाम पर भोंडेपन की हद पार होने लगी है, लेकिन नेता-प्रतिपक्ष के मंच से ऐसा होना यह बताता है कि राजनीति किस तेजी के साथ स्तरहीन होती जा रही है। यह स्तरहीनता राजनीति को फूहड़ और विषाक्त ही बना रही है। इसमें सभी दलों का योगदान है, किसी का कम तो किसी का ज्यादा। राजनीतिक दल अब विरोधी दल को प्रतिस्पर्धी के स्थान पर शत्रु के रूप में देखने लगे हैं। उनके बीच का यह शत्रुभाव अब समाज में भी घर करने लगा है। राहुल गांधी के मंच से पहली बार प्रधानमंत्री और उनकी विदेश नीति का भद्दे तरीके से मजाक नहीं उड़ाया गया। कुछ समय पहले भी ऐसा ही हुआ था और तब इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी का अमर्यादित तरीके से उल्लेख किया गया था। यह उल्लेख कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने किया था और उनके ऐसा करने पर राहुल गांधी हंसते हुए दिखाई दिए थे। कांग्रेस ने इस प्रसंग का भी बचाव किया था। यह किसी से छिपा नहीं कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री के खिलाफ किस तरह तू-तड़ाक वाली भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। वह उन्हें चोर, डरपोक आदि कह चुके हैं। इसके अतिरिक्त ऐसे शब्दों का भी इस्तेमाल कर चुके हैं कि वह मुझसे आंख नहीं मिला सकता... डरता है। जब भाजपा राहुल गांधी के ऐसे कृत्यों और कथनों का विरोध करती है तो कांग्रेसजन उनका जोर-शोर से समर्थन करने के लिए आगे आ जाते हैं। इस पर कई बार भाजपा नेताओं की ओर से भी राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणियां की जाती हैं। इस तरह भारतीय राजनीति हर दिन पहले से अधिक स्तरहीन होती जा रही है और भाषा की मर्यादा की कोई परवाह नहीं कर रहा है।



इंदौर में कामेडियन संग राहुल गांधी। प्रेट्र

आम तौर पर पहले चुनावों के दौरान ही राजनीतिक दलों के बीच एक-दूसरे के प्रति तीखी बयानबाजी होती थी और इस क्रम में कई बार अमर्यादित और अशालीन टिप्पणियां कर दी जाती थीं, लेकिन अब ऐसा सदैव होता रहता है और यहां तक कि संसद के भीतर भी। संसद के बाहर इसके कैसे दुष्परिणाम देखने को मिल रहे हैं, इसका उदाहरण है बिहार में कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली दिया जाना। कांग्रेस ने गाली देने वाले का बचाव तो नहीं किया, लेकिन उसे भाजपा का ही एजेंट करार दिया। पिछले दिनों दिल्ली के जंतर-मंतर पर काकरोच जनता पार्टी के धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को कैमरे के सामने जमकर भद्दी गालियां दी गईं। इस दौरान गालियों वाले पोस्टर भी नजर आए। गालियां देने वालों में लड़के-लड़कियां, दोनों थे। किसी भी विरोधी राजनीतिक दल ने इन गालियों का विरोध नहीं किया। काकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ताओं ने इन गालियों को हल्के मजाक की संज्ञा दी। नारीवादियों ने प्रश्न किया कि क्या बुरा इसलिए लग रहा है कि जेन-जी लड़कियों ने मां-बहन की गालियां दीं? कुल मिलाकर गालीबाजी का बचाव ही किया गया। राजनीतिक मंचों पर भाषाई मर्यादा का उल्लंघन तो कभी-कभार ही देखने को मिलता है, सोशल मीडिया कहे जाने वाले डिजिटल मीडिया प्लेटफार्मों पर यह हर दिन देखने को मिल रहा है। राजनीतिक दलों के आइटी सेल वालों के बीच विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ भद्दी भाषा का इस्तेमाल करने और उनका भोंडे तरीके से मजाक उड़ाने की होड़ लगी है। इस काम में एआइ का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। डिजिटल मीडिया पहले से ही विषाक्त था, राजनीतिक दलों के आइटी सेल वालों ने उसे और विषाक्त कर दिया है। वे विरोधी दलों के नेताओं को नीचा दिखाने के लिए फर्जी खबरें, फोटो और वीडियो थोक के भाव बना रहे हैं।

भाषाई मर्यादा का उल्लंघन केवल कांग्रेस और भाजपा के नेताओं की ओर से ही नहीं किया जा रहा है। अन्य दलों के नेताओं या उनके आइटी सेल वालों की ओर से भी किया जा रहा है। इन दिनों उत्तर प्रदेश में भाजपा और सपा समर्थक ऐसा ही करने में लगे हुए हैं। अन्य चुनाव वाले राज्यों में भी ऐसा ही होता हुए दिखे तो हैरानी नहीं।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

## अभाव से सीख

प्रायः उपलब्धियां ही जीवन के विवरण को सफल घोषित करती हैं। क्या मिला, कितना मिला और कब मिला, इन प्रश्नों के उत्तरों से मनुष्य अपने जीवन का मूल्य तय करता रहता है। जो नहीं मिला, वह इस लेखे में एक रिक्त स्थान होता है। संभव है कि जीवन की सबसे गहरी शिक्षा उन्हीं रिक्त स्थानों में लिखी गई हो। कदाचित हर अभाव अनुपस्थिति नहीं होता। कुछ अभाव हमारे भीतर ऐसी रिक्त जगह बनाते हैं, जिसे कोई उपलब्धि नहीं भरती, परंतु उस दरार में एक नवीन दृष्टिकोण जन्म लेता है। जो हमें नहीं मिला, उसने सिखाया कि हर आकांक्षा पूर्ति का अपना समय होता है और हर विलंब अन्याय नहीं होता। कुछ उपलब्धियां देर से इसलिए मिलती हैं कि उनकी प्राप्ति तक हम उनके सुपात्र बन सकें और कुछ इसलिए नहीं आतीं कि उनका न आना ही हमारे जीवन का एक आवश्यक मोड़ था। जो मान्यता नहीं मिली, उसने प्रश्न उठाया कि क्या अपने अस्तित्व की पुष्टि के लिए सदैव किसी दूसरे की दृष्टि की आवश्यकता है। जो अवसर हाथ से निकल गया, उसने सिखाया कि जीवन केवल खुले द्वारों का नाम नहीं, बंद द्वार भी हमारा मार्ग बदलने की क्षमता रखते हैं।

जब तक सब कुछ हमें मन के अनुसार मिलता रहता है, तब तक हम जान ही नहीं पाते कि वास्तविक इच्छा क्या होनी चाहिए? किंतु जब जीवन किसी प्रिय वस्तु को रोक लेता है, तब भीतर छिपी हुई हमारी क्षमताएं सामने आती हैं। तब एक दिन मन के भीतर एक गहरी समझ पैठती है, जो समझाती है कि ईश्वर ने हमारी इच्छा पूरी न करके हमें वंचित नहीं किया था। कुछ इच्छाओं से हमारी पहचान इतनी गहरी हो गई थी कि उनके पूरे हो जाने पर हम स्वयं को उनसे अलग देख ही नहीं पाते। इसलिए जीवन कभी-कभी हमारे हाथ खाली करता है।

ट्विंकल तोमर सिंह

# वनोन्मूलन पर रोक से ही बचेगा पर्यावरण

डा. सुधीर कुमार

> वन केवल पेड़-पौधों का झुरमुट ही नहीं होते, बल्कि पृथ्वी पर जीवन के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं

नई दिल्ली में हाल में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण द्वारा 'पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने वनों की कटाई रोकने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सतत पौधारोपण का वास्तविक उद्देश्य केवल पेड़ लगाना नहीं है, बल्कि स्वस्थ और आत्मनिर्भर पारिस्थितिक तंत्रों को पुनर्स्थापित करना है।

वन केवल पेड़-पौधों का झुरमुट ही नहीं होते, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की निरंतरता और समाज-अर्थव्यवस्था के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला जटिल पारिस्थितिक तंत्र भी होते हैं। वन का महत्व केवल संसाधनों के प्रदाता के रूप में नहीं है, बल्कि ये जैव विविधता के संरक्षक, वर्षा कराने में सहायक, स्वच्छ वायु प्रदाता, जलवायु संकट से बचाने, महासागर के बाद सबसे बड़े कार्बन अवशोषक के रूप में भी है। वनों में समय बिताना चिकित्सीय दृष्टि से भी लाभकारी सिद्ध हुआ है। अध्ययन बताते हैं कि वनों में विचरण करने से हृदय रोग, श्वसन संबंधी समस्याएं, मधुमेह और मानसिक स्वास्थ्य जैसी स्थितियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी की कुल भूमि का लगभग एक तिहाई भाग वनों से आच्छादित है, लेकिन इस वनक्षेत्र को भी सुरक्षित रखने में हम नाकाम रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण दावानल की बढ़ती घटनाएं, मानवीय जरूरतों के लिए वनों की कटाई, कीमती वनोत्पाद की तस्करी, जानवरों के शिकार, उद्योगों की स्थापना और शहरीकरण के कारण वनों का विनाश बड़ी निर्दयता के साथ किया जा रहा है। वनों को नष्ट करना केवल पेड़-पौधों का ही नष्ट होना नहीं होता, बल्कि इससे पारिस्थितिकी तंत्र का बिखराव शुरू हो जाता है और जलवायु परिवर्तन का खतरा व्यापक हो जाता है। वन प्रकृति को संतुलित रखने में सहायक हैं, लेकिन इसका विनाश जीवन की गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। हालांकि वनों की महत्ता को समझने और संरक्षण के लिए किए जाने वाले तमाम सम्मेलनों के बावजूद दुनियाभर में वनों की कटाई अंधाधुंध जारी है। वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के अनुसार वैश्विक स्तर पर वृक्ष आवरण हानि के मामले में रूस शीर्ष पर है, जहां 2001-2025 के बीच 9.2 करोड़ हेक्टेयर वन का विनाश हुआ। वनों का नष्ट होना धरती पर जीवन को कष्टदायक बना सकता है, लेकिन इस बारे में गंभीरता का न होना चिंता की बात है।

वनों के संरक्षण के लिए न केवल ठोस नीतियों और कानून के माध्यम से उसकी कटाई रोकी जानी चाहिए, बल्कि सतत विकास की दृष्टि से भी वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए आर्थिक विकास की गाड़ी को आगे बढ़ाने की दरकार है। वनों के साथ जीवन जुड़ा है। वनों का नष्ट होना विनाशकारी है!

(पर्यावरण मामलों के जानकार)

## मेलबाक्स

### साइबर ठगी पर अंकुश आवश्यक

'चेतावनी पर्याप्त नहीं' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय में साइबर धोखाधड़ी जैसे समसामयिक विषय को रेखांकित किया गया है। देश भर में साइबर धोखाधड़ी के तेजी से बढ़ते मामलों और इन पर प्रभावी लगाम न लग पाने के कारण आम जनता में चिंता लगातार बढ़ रही है। आज साइबर ठग मासूम लोगों की गाढ़ी कमाई को पल भर में साफ कर रहे हैं। इस अपराध के फलने-फूलने का एक बड़ा कारण सिम कार्ड का दुरुपयोग है। हालांकि, दूरसंचार विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए सिम के गलत इस्तेमाल पर तीन साल की जेल और 50 लाख रुपये तक के जुर्माने की चेतावनी जारी की है, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ बुनियादी सवाल अब भी अनसुलझे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि फर्जी सिम कार्ड आखिरकार साइबर अपराधियों के हाथों तक पहुंचते कैसे हैं? ठग बड़ी आसानी से दूसरों के पहचान पत्र और जरूरी दस्तावेज कैसे हासिल कर लेते हैं? हकीकत यह है कि सिम बेचने वाले कुछ डीलर महज चंद रुपयों के लालच में बिना किसी पुख्ता जांच प्रक्रिया के धड़ल्ले से सिम जारी कर देते हैं। अगर साइबर अपराध की जड़ पर प्रहार करना है, तो सबसे पहले गलत तरीके से सिम बेचने वाले वेंडरों पर शिकंजा कसना होगा। टेलीकाम कंपनियों और सिम विक्रेताओं को पूरी वेरिफिकेशन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होना चाहिए। आजकल साइबर अपराधी ठगी के नए-नए और खौफनाक रास्ते अपना रहे हैं, जिनमें 'डिजिटल अरेस्ट' सबसे नया और खतरनाक रूप बनकर उभरा है। नागरिकों को संकल्प लेना होगा कि वे किसी भी अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करेंगे। साथ ही, हमारी सुरक्षा और तकनीकी एजेंसियों को इतना आधुनिक और मजबूत बनाना होगा ताकि वे अपराधियों की हरकतों को तुरंत ट्रैक कर उन पर त्वरित कानूनी कार्रवाई कर सकें।

पैंथर तोमर, किशनगंज (दिल्ली)

### अब ठोस कार्रवाई की जरूरत

आज दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष जारी हैं। युद्ध का प्रभाव केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं रहता। इसका असर खाद्यान्न की कीमतों, ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार मार्गों, प्रवासन, शरणार्थियों की समस्याओं और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। इसलिए किसी एक देश में होने वाला संघर्ष दूसरे देश के लिए भी आर्थिक या मानवीय संकट का कारण बन सकता है। ऐसी परिस्थितियों में शांति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता और अधिक महसूस होती है। फिलहाल पूरी दुनिया का ध्यान न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें अधिवेशन के अवसर पर दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्ष, शासनाध्यक्ष, विदेश मंत्री और राजनयिक एकत्र हो रहे हैं। इस वर्ष के अधिवेशन की केंद्रीय थीम है। 'विश्वास बहाल करना और बदलती दुनिया का प्रबंधन करना-सभी के लिए प्रभावी संयुक्त राष्ट्र।" संयुक्त राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती विश्वास बरकरार रखना। इन सभी मुद्दों के केंद्र में एक महत्वपूर्ण सवाल है। दुनिया का संयुक्त राष्ट्र और बहुपक्षीय सहयोग पर कितना विश्वास है? आज प्रत्येक देश के अपने राष्ट्रीय हित हैं। महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा, आर्थिक हित और भू-राजनीतिक तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय सहयोग अक्सर कठिन हो जाता है। फिर भी जलवायु परिवर्तन, महामारी, समुद्र का बढ़ता जलस्तर, साइबर खतरे और गरीबी जैसी समस्याओं का समाधान कोई भी देश अकेले नहीं कर सकता। कोविड-19 ने दुनिया को एक महत्वपूर्ण सबक दिया वायरस सीमाओं को नहीं पहचानता। एक देश का स्वास्थ्य संकट कुछ ही दिनों में वैश्विक संकट बन सकता है। इस अनुभव ने पूरी दुनिया के लोगों के जीवन और सोच को बदल दिया है। कोविड-19 ने मानवता और पूरी दुनिया को बहुत कुछ सिखाया है। दुनिया को अब केवल 'वैश्विक सहयोग' शब्द की आवश्यकता नहीं है। उसे विश्वसनीय, निरंतर और प्रभावी अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है।

दत्तप्रसाद शिरोडकर, मुंबई

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी* दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**2.53** लाख करोड़ रुपये था भारत का रक्षा बजट वित्त वर्ष 2013-14 में, 2025-26 में यह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ रुपये हो गया।



आजकल

# अंतरिक्ष में जंग लड़ने की तैयारी


अभिषेक कुमार सिंह
संस्था टेली परफार्मेंसेज से संबद्ध

**अमेरिका ने पृथ्वी की कक्षा में ऐसी स्पेस कंट्रोल क्षमता हासिल कर लेने की पुष्टि की है, जिसका इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर शत्रु देश की अंतरिक्षीय क्षमताओं को बाधित करने, कमजोर करने या नष्ट करने में किया जा सकता है। इससे साफ दिखने लगा है कि अब यदि कोई देश अंतरिक्ष के रास्ते लड़े जाने वाले युद्ध के लिए तैयार नहीं हुआ तो किसी भी तनावपूर्ण स्थिति में शत्रु का मुकाबला करना उसके लिए असंभव हो जाएगा। अंतरिक्ष में संघर्ष पृथ्वी पर जीवन को भी अस्त-व्यस्त कर सकता है**


प्रतीकात्मक

आज से सात वर्ष पूर्व मार्च 2019 में जब भारत ने ''मिशन शक्ति'' कार्यक्रम के तहत एक एंटी-सैटेलाइट मिसाइल का परीक्षण किया था तो सवाल उठा था कि आखिर हमारे देश को इसकी जरूरत क्या है। ऐसा कौन-सा खतरा आन पड़ा है, जो भारत अंतरिक्ष में लड़े जाने वाले युद्ध की तैयारी कर रहा है, पर इधर जब अमेरिका ने पृथ्वी की कक्षा में ऐसी ''स्पेस कंट्रोल'' क्षमता हासिल कर लेने की पुष्टि की है-जिसका इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर शत्रु देश की अंतरिक्षीय क्षमताओं को बाधित करने, कमजोर करने या नष्ट करने में किया जा सकता है तो भारत की तैयारी और चिंताएं वाजिब जान पड़ती हैं। साफ दिखने लगा है कि अब अगर कोई देश अंतरिक्ष के रास्ते लड़े जाने वाले युद्ध के लिए तैयार नहीं हुआ तो किसी भी तनावपूर्ण स्थिति में शत्रु का मुकाबला करना उसके लिए असंभव हो जाएगा। वैसे तो अमेरिका ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि अंतरिक्ष में तैनात किए गए ये हथियार किस प्रकार के हैं और इन्हें कब तैनात किया गया है, लेकिन विशेषज्ञों का मत है कि ये इलेक्ट्रानिक युद्ध या रेडियो-जैमिंग जैसी प्रणालियां हो सकती हैं। इसके अलावा काउंटर-स्पेस तकनीक से बनी युद्धक प्रणालियां भी हो सकती हैं, जिनमें अंतरिक्ष में विचरण कर रहे विरोधी देश के सैन्य तथा निगरानी के उपग्रहों को मार गिराने के प्रबंध मौजूद हों। अंतरिक्ष में शुरू हुआ संघर्ष पृथ्वी पर हमारी जिंदगी को अत्यधिक तीव्रता के साथ अस्त-व्यस्त कर सकता है।

**अंतरिक्ष में खुलता मोर्चा:** आधुनिक युद्ध की प्रकृति को समझने के लिए एक बुनियादी बदलाव पर ध्यान देना होगा। कभी सेनाओं की ताकत मुख्यतः सैनिकों, टैंकों, तोपों, युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों की संख्या और क्षमता से आंकी जाती थी। अब इनमें से प्रत्येक इंतजाम के पीछे एक अदृश्य डिजिटल ढांचा मौजूद है और इसमें सैटेलाइट एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सैनिकों की यूनिटें कहां हैं, मिसाइल को किस दिशा में जाना है और कहां प्रहार करना है, ड्रोन को अपने लक्ष्यों की पहचान कैसे करनी है, समुद्र में युद्धपोत कहां स्थित हैं और सेना के विभिन्न हिस्सों के बीच सुरक्षित ढंग से संवाद कैसे होगा- इन सभी में अंतरिक्ष-आधारित प्रणालियों की भूमिका काफी बढ़ चुकी है। पिछले साल भारत-पाकिस्तान के बीच पैदा हुए सैन्य तनाव (मुख्यतः आपरेशन सिंदूर के दौरान) यह स्पष्ट हुआ था कि आधुनिक युद्ध में सटीक निशाना लगाने, निगरानी करने, ड्रोन दागने, मिसाइल छोड़ने, रडार संचालन आदि में नेटवर्क आधारित युद्धक क्षमता कितनी महत्वपूर्ण हो गई है। यही कारण है कि भविष्य के युद्ध में दुश्मन की सेना पर हमला बोलने और उसे नष्ट करने से पहले उसके ''आंख और कान'' बंद करना एक प्रभावी रणनीति हो सकती है। आज अगर किसी देश के उपग्रहों को निष्क्रिय कर दिया जाए, उसकी संचार प्रणाली बाधित कर दी जाए, नेविगेशन में रुकावट डाल दी जाए, पृथ्वी अवलोकन और निगरानी संबंधी सूचनाएं रोक दी जाएं तो बहुत संभव है कि उस देश के अत्याधुनिक हथियार मौजूद होते हुए भी निष्क्रिय रहें, क्योंकि उन्हें सही समय पर सूचनाएं ही नहीं मिलेंगी। युद्ध का यह रूप एक नई अवधारणा पैदा करता है कि आधुनिक शक्ति केवल हथियारों का जखीरा बढ़ाने में नहीं है, बल्कि हथियारों को जोड़ने वाले नेटवर्क बनाने और उन्हें बचाए रखने में है। अंतरिक्ष इसमें अत्यधिक मददगार साबित होता है।

**गोली चलाए बिना भी हमला:** अंतरिक्ष युद्ध के बारे में कोई खबर आने पर आमतौर पर सोचा जाता है कि किसी उपग्रह को मिसाइल से उड़ाने की कोशिश होगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि चीन, अमेरिका, रूस और भारत जैसी शक्तियां एंटी-सैटेलाइट क्षमता का प्रदर्शन कर चुकी हैं। भारत ने वर्ष 2019 में ''मिशन-शक्ति'' के तहत पृथ्वी की निचली कक्षा (लो-आर्बिट) में मौजूद एक भारतीय उपग्रह को नष्ट कर अपनी एंटी-सैटेलाइट क्षमता प्रदर्शित की थी। ऐसी क्षमता का स्पष्ट संकेत है कि यदि हमारी अंतरिक्षीय संपत्तियों को निशाना बनाया गया तो हम उसका जवाब देने की क्षमता रखते हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि भविष्य का अंतरिक्ष युद्ध इतने नाटकीय ढंग से लड़ा जाए। इसके बजाय हो सकता है कि किसी उपग्रह को मिसाइल दागकर उड़ाने के बजाय उसका संचार जाम कर दिया जाए। उसे गलत संकेत (सिग्नल) दिए जा सकते हैं। उसके डाटा को इंटरसेप्ट किया जा सकता है। पृथ्वी पर स्थित उसके ग्राउंड स्टेशन पर साइबर हमला किया जा सकता है। उसकी इलेक्ट्रानिक प्रणालियों को निष्क्रिय किया जा सकता है। इस प्रकार युद्ध की स्थिति में सैटेलाइट भले ही साबुत दिखाई दे, लेकिन हो सकता है कि वह पृथ्वी के लिए उपयोगी न रह जाए। इस नजरिये से इलेक्ट्रानिक और साइबर युद्ध अंतरिक्ष में होने वाले संघर्ष में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। यदि मिसाइल से किसी उपग्रह को उड़ाने की नौबत आई तो इसका एक उद्देश्य अंतरिक्ष में लक्षित मलबा फैलाना हो सकता है। ऐसे हमले से अंतरिक्ष में फैलने वाले हजारों टुकड़े हमलावर देश या किसी तीसरे देश के उपग्रहों के लिए भी खतरा बन सकते हैं। फिर भी भविष्य का स्पेस वार असल में ''नष्ट करने'' से अधिक प्रणालियों को 'निष्क्रिय करने'' पर केंद्रित हो सकता है। यानी सबसे बड़ा लक्ष्य किसी देश की सेना नहीं, उसे संचालित करने वाली संपूर्ण व्यवस्था हो सकती है।

**आमजन को उठाना होगा नुकसान:** अंतरिक्ष युद्ध का एक नागरिक पक्ष भी है। असल में, आज अंतरिक्ष में तैनात ज्यादातर उपग्रह आधुनिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं। मौसम के पूर्वानुमान, संचार, प्रसारण, नेविगेशन (जैसे कि जीपीएस या नाविक), विमानन, समुद्री परिवहन, कृषि, नक्शों का निर्माण, वित्तीय नेटवर्क और तमाम तरह की डिजिटल सेवाएं प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उपग्रहों पर आश्रित हैं। इसलिए अंतरिक्ष युद्ध की स्थिति में हमला किसी एक देश की सेना पर केंद्रित नहीं रहकर आम लोगों तक पहुंच सकता है। यदि किसी सैन्य संघर्ष में उपग्रहों से संचालित होने वाली संचार और नेविगेशन की सेवाएं ठप हो जाएं तो प्रभावित देश की अर्थव्यवस्था एक प्रकार से ठहर जाएगी। इसके अलावा विमानों और पानी के जहाजों के संचालन, सैन्य समन्वय और संचार के नेटवर्क में समस्याएं सामने आ सकती हैं और आपदा प्रबंधन कठिन हो सकता है। ऐसे में भविष्य के युद्ध में किसी महानगर पर बम गिराए बिना भी उसके सामान्य दिनचर्या को गंभीर रूप से प्रभावित किया जा सकता है। इस अर्थ में उपग्रह हमारी आधुनिक सभ्यता के ''अदृश्य बुनियादी ढांचे'' बन चुके हैं। जो अर्थव्यवस्था जितनी अधिक डिजिटल और नेटवर्क पर निर्भर होगी, उसकी अंतरिक्षीय कमजोरी भी उतनी ही महत्वपूर्ण होगी।

**भारत के सामने चुनौती:** मौजूदा बदलावों को केवल अमेरिका-चीन-रूस की प्रतिस्पर्धा समझना भूल होगी। भारत खुद में एक बड़ी अंतरिक्षीय ताकत है। उसकी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, संचार, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन और रणनीतिक निगरानी में अंतरिक्षीय परिसंपत्तियों को महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी के मद्देनजर मिशन-शक्ति से यह संदेश दिया गया था कि भारत एंटी-सैटेलाइट तकनीक से लैस है। भारत डायरेक्टेड एनर्जी वेपन जैसी उन्नत रक्षा तकनीकों पर भी काम कर रहा है। यह क्षमता रणनीतिक प्रतिरोध के लिए जरूरी है, लेकिन हमारे देश के सामने चुनौती केवल स्पेस-वेपन बनाने की नहीं है, बल्कि ऐसी क्षमता विकसित करने की है कि यदि हमारा कोई महत्वपूर्ण उपग्रह बाधित हो जाए तो कितनी जल्दी उसका विकल्प उपलब्ध कराया जा सकता है। इसी तरह एक ही सेवा के लिए कई उपग्रह और वैकल्पिक नेटवर्क उपलब्ध कराना चुनौती होगा। ग्राउंड स्टेशनों की साइबर हमलों से सुरक्षा और सैन्य तथा नागरिक प्रणालियों को युद्ध आदि स्थितियों में भी काम करते रहने लायक बनाना होगा। भविष्य की अंतरिक्ष सुरक्षा का अर्थ केवल यह नहीं होगा कि भारत दूसरे देशों के उपग्रहों को नष्ट कर सकता है, बल्कि उसकी असली ताकत यह होगी कि कोई शत्रु देश हमारी अंतरिक्षीय और उसके जरिये पृथ्वी पर संचालित व्यवस्था को आसानी से ठप न कर सके, क्योंकि अगला बड़ा युद्ध संभव है पृथ्वी से सैकड़ों किलोमीटर ऊपर शुरू हो, लेकिन उसका अंधेरा सबसे पहले हमारे मोबाइल फोन, नेविगेशन सिस्टम, संचार नेटवर्क, विमानों, सेनाओं और शहरों में दिखाई दे। और तब अंतरिक्ष में नष्ट हुआ एक उपग्रह केवल आकाश में खत्म हुई एक मशीन नहीं होगा, वह धरती पर हमारी तकनीक-निर्भर सभ्यता की किसी नस के कट जाने जैसा होगा।

## आसमान को युद्ध से बचाएं

अंतरिक्ष को युद्ध से बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पूरी तरह अनुपस्थित नहीं है। 1967 की 'आउटर स्पेस ट्रीटी' इसका बुनियादी आधार है। यह पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियार या अन्य व्यापक विनाश के हथियार तैनात करने पर रोक लगाती है। चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों के शांतिपूर्ण उपयोग की धारणा भी इसके केंद्र में है, लेकिन समस्या यह है कि 1967 और आज की तकनीकी दुनिया में भारी अंतर है। आज सवाल केवल परमाणु हथियारों का नहीं है। यदि कोई उपग्रह दूसरे उपग्रह के बहुत पास पहुंचकर उसे नुकसान पहुंचा सकता है तो उसकी कानूनी परिभाषा क्या होगी? रेडियो-जैमिंग को कब हमला माना जाएगा? साइबर माध्यम से किसी उपग्रह का नियंत्रण बाधित करना युद्ध की कार्रवाई है या साइबर अपराध? ऐसी लेजर प्रणाली जो उपग्रह को नष्ट न करे, लेकिन उसके सेंसर को अनुपयोगी बना दे, उसका नियमन कैसे होगा? यानी तकनीक ने 'हथियार' और 'हमले' की परिभाषा को धुंधला कर दिया है। यही अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की सबसे बड़ी कमजोरी है। हमारे पास बीसवीं सदी की संधियां हैं, जबकि टकराव की तकनीक इक्कीसवीं सदी की है।

-अभिषेक कुमार सिंह

खरी-खरी

## बोलने का अवसर

ओपी चौधरी

हमारे देश में कुछ चीजें ऐसी हैं जिनके बिना कोई भी कार्यक्रम अधूरा माना जाता है। मसलन, शादी में खाना, राजनीतिक सभा में भाषण, धार्मिक आयोजन में प्रसाद और हर कार्यक्रम में माइक! लेकिन माइक अकेला बेचारा क्या करे? उसे चलाने के लिए एक विशेष प्रजाति की आवश्यकता होती है, जिसे हमने प्यार से नाम दिया है- 'माइकासुर'।

राजनीतिक सभा, जुलूस, रहवासी समिति की बैठक, समाज की बैठक, आध्यात्मिक प्रवचन, धार्मिक जुलूस, जन्मदिन की पार्टी, विवाह वर्षगांठ अथवा शोकसभा-माइकासुर हर जगह मौजूद रहता है। माइकासुर को समय की समझ नहीं होती। आयोजक कहता है- 'भाइयों, केवल दो मिनट बोलना है।' माइकासुर मुस्कुराता है। दो मिनट में वह भूमिका बताता, पांच मिनट में अपना परिचय देता, दस मिनट में कार्यक्रम की पृष्ठभूमि समझाता, पंद्रह मिनट में मुख्य अतिथि के आने की कहानी बताता और बीस मिनट बाद कहता है- 'मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा।'

माइकासुर को 'संक्षिप्त भाषण' शब्द से एलर्जी होती है। रहवासी समिति की बैठक में पानी की समस्या पर चर्चा हो रही हो तो वह पहले सड़क, फिर बिजली, फिर देश की राजनीति और अंत में विश्व शांति पर बोल देगा। धार्मिक जुलूस में व्यवस्था पर चर्चा हो तो वह अपने भाषण में त्रेता युग से लेकर वर्तमान काल तक की यात्रा करा देगा। राजनीतिक सभा में तो इनकी पूरी फौज उतरती है। एक माइक, दस वक्ता और सौ बार 'मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा।' माइकासुर माइक किसी दूसरे को आसानी से नहीं देता। माइक उसके हाथ में आते ही ऐसा लगता है जैसे उसे पैतृक संपत्ति का उत्तराधिकार मिल गया हो। आयोजक पास आकर धीरे से कहता है- 'बस कीजिए।' माइकासुर मुस्कुराकर कहता है- 'बस एक बात और।' यह 'एक बात' भारतीय इतिहास की सबसे लंबी बात होती है।

इनसे मुक्ति का कोई सरल उपाय भी नहीं है। माइक छीनना असभ्यता है, आवाज कम करना तकनीकी समस्या है और कार्यक्रम जल्दी समाप्त करना सामाजिक अपराध। इसलिए, श्रोता चुपचाप इनका प्रहार सहते रहते हैं।

## पोस्ट

जापान एवं भारत के बीच हुए वर्षा बाधित रोमांचक मुकाबले ने यह साबित किया कि यदि क्रिकेट के नीति-नियंता और गंभीरता से क्रिकेट के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करें तो यह सिर्फ 10-12 देश नहीं, अपितु पूरे विश्व का पसंदीदा खेल बन सकता है।

राहुल दुबे@Therahul_dubey

किसी भी बच्चे की मौत से ज्यादा दुखद क्या हो सकता है, लेकिन बच्चा सुसाइड न कर ले, इसकी आशंका या डर के चक्कर में प्रोफेसर को चीटिंग करते बच्चे को रोकना नहीं चाहिए? क्या और कैसा सिस्टम बनाना चाह रहे हैं हम?

सुशांत सिन्हा @SushantBSinha


आइआइटी बांबे के प्रोफेसर के साथ जो हो रहा है, वह गलत है। हमें इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और लड़ना चाहिए! अगर हमें अपने खूबसूरत भारत की परवाह है, अगर हम प्रतिभाओं के पलायन को रोकना चाहते हैं और काबिलियत को महत्व देते हैं, तो प्रोफेसर डा. दुल्ला के समर्थन में खड़े हों!

तहसीन पूनावाला@tehseenp

हरियाणा डायरी

# राज्यों की सहमति से खुला पानी का रास्ता


अनुराग अग्रवाल
राज्य ब्यूरो प्रमुख, हरियाणा

पानी पर राज्यों के बीच सहमति बनना आसान नहीं होता। नदियां सीमाएं नहीं पहचानतीं, लेकिन उनका पानी राज्यों की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सीमाओं में बंट जाता है। यही वजह है कि अंतरराज्यीय जल परियोजनाएं दशकों तक फाइलों और विवादों में अटकी रहती हैं। ऐसे में किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना पर छह राज्यों-हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली की सहमति को केवल एक बांध के निर्माण की मंजूरी के तौर पर देखना इसके व्यापक महत्व को सीमित कर देना होगा। बीते 15 सितंबर को हुए समझौते के साथ चार दशक से लंबित एक परियोजना के आगे बढ़ने का रास्ता साफ हुआ है। इसे मोदी सरकार में दसवें जल विवाद के समाधान के रूप में पेश किया जा रहा है।

हरियाणा के लिए इस पूरे घटनाक्रम की अहमियत इसलिए कहीं अधिक है, क्योंकि प्रदेश की भविष्य की जल सुरक्षा सीधे यमुना बेसिन से जुड़ी है। किशाऊ अकेली परियोजना नहीं है। इसके साथ लखवार और रेणुकाजी परियोजनाओं को देखें तो ऊपरी यमुना क्षेत्र में पानी के भंडारण की एक ऐसी श्रृंखला तैयार होती दिखाई देती है, जिसका असर आने वाले दशकों में हरियाणा तक पहुंच सकता है। लखवार के लिए छह राज्यों ने अगस्त 2018 में और रेणुकाजी के लिए जनवरी 2019 में समझौता किया था। किशाऊ परियोजना के तहत टोंस नदी पर 232.6 मीटर ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी बांध बनेगा और इसमें 1,562 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी संग्रहित किया जा सकेगा। इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया है, जिसमें करीब 90 प्रतिशत वित्तीय भार केंद्र सरकार और शेष 10 प्रतिशत भागीदार राज्यों को उठाना है। परियोजना से 97 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई और 1,476 मिलियन यूनिट स्वच्छ बिजली उत्पादन का भी प्रविधान है।


नई दिल्ली में जल समझौते के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फाइल

हरियाणा के नजरिये से असली सवाल बांध की ऊंचाई या बिजली उत्पादन का नहीं है, पानी की उपलब्धता और उसकी समय पर आपूर्ति का है। राज्य पहले ही भूजल दोहन, कृषि की बढ़ती जरूरत, तेजी से होते शहरीकरण और औद्योगिक विस्तार के दबाव में है। पानी की आज की जरूरत पूरी करना एक चुनौती है तो आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखना उससे बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसलिए समझौते को उपलब्धि मानने के साथ उसकी अगली परीक्षा परियोजना के समयबद्ध निर्माण और पानी के वास्तविक प्रवाह में होगी।

मोदी सरकार के दौर में अंतरराज्यीय जल विवादों को सहमति से सुलझाने का एक सिलसिला जरूर दिखाई देता है। अगस्त 2018 में लखवार और शाहपुर कंडी, जनवरी 2019 में रेणुकाजी, 2021 में केन-बेतवा, 2024 में संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना को आगे बढ़ाने और हथिनीकुंड से भूमिगत पाइपलाइन के जरिये यमुना तक जल अंतरण जैसी पहलें इसी क्रम में रखी गई हैं। 2026 में नर्मदा परियोजना के विस्थापित परिवारों के पुनर्वास और सोन बेसिन में बिहार-झारखंड के जल बंटवारे से जुड़े विवादों के समाधान का भी केंद्र ने उल्लेख किया है। हालांकि इन समझौतों को केवल केंद्र की उपलब्धियों की सूची के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। जल परियोजनाओं की असली कसौटी कागज पर सहमति नहीं, बल्कि जमीन पर क्रियान्वयन है।

हरियाणा समेत विभिन्न राज्यों के लिए किशाऊ का एक दूसरा पहलू भी महत्वपूर्ण है। यमुना के पानी के बंटवारे में नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को पर्याप्त महत्व नहीं मिलने की बहस पुरानी है। यदि ऊपरी यमुना क्षेत्र में नए भंडारण से अतिरिक्त पानी उपलब्ध होता है तो उसका एक हिस्सा नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखने में इस्तेमाल हो सकता है। यही वह बिंदु है, जहां जल सुरक्षा और नदी संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक बन सकते हैं। हरियाणा के लिए इसलिए किशाऊ समझौते का अर्थ केवल 'कितना पानी मिलेगा' नहीं है। बड़ा सवाल यह है कि छह राज्यों की सहमति से खुला यह रास्ता कितनी जल्दी परियोजना, परियोजना से जल भंडारण और जल भंडारण से खेत, शहर और उद्योग तक पहुंचेगा। छह दशक पुराने जल विवादों की राजनीति से आगे बढ़कर अब समझौतों के क्रियान्वयन की राजनीति शुरू हो चुकी है, क्योंकि हरियाणा जैसे पानी की कमी वाले राज्य के लिए भविष्य का पानी किसी घोषणा से नहीं, समय पर पूरे हुए समझौतों से सुरक्षित होगा।

## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या आइआइटी बांबे में नकल रोकने वाले शिक्षक के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज होना सही है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या सरकार की चेतावनी के बाद विमान कंपनियां त्योहारी सीजन में टिकट के दाम में मनमानी से बाज आएंगी?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

## जनपथ

एससी-एसटी एक्ट जब बन जाए हथियार,
तो समाज का जानिए पूरा बंटाधार।
पूरा बंटाधार भला ना होगा भाई,
पहले से भी और करेगा गहरी खाई।
तोड़ रही है देश सियासत अब तो सस्ती,
बांट रहा अन्याय एक्ट यह एससी-एसटी।

-ओम प्रकाश तिवारी

मंथन

# मजबूत होता सुरक्षा कवच


शिवप्रकाश
राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन), भाजपा

**2014 में मोदी सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने, भारत इस प्रकार की नीति पर चला। आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति इसी का उदाहरण है**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा संकल्प से सिद्धि अभियान चला रही है। रक्षा क्षेत्र में भी इस सरकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। चाणक्यनीति में कहा कि 'शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते'' शास्त्रों की चर्चा भी तभी संभव है जब राष्ट्र सभी प्रकार से सुरक्षित हो। सिद्धांत कितना भी श्रेष्ठ हो उसकी सफलता उस सिद्धांत का अनुसरण करने वालों की शक्ति पर ही निर्भर करती है। इसी कारण विद्वानों ने शक्ति को ही शांति का आधार बताया है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर अपनी कविता "क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो" में इस सिद्धांत को ही प्रतिपादित करते हैं।

भारतीय जनसंघ ने अपने 1964 के पटना अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करते हुए मांग की थी कि भारत को परमाणु बम बनाने के सभी प्रयत्न करने चाहिए। इसी नीति का अनुसरण करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1999 में पोखरण परमाणु विस्फोट कर विश्व में भारत के सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया था। 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने इस प्रकार की नीति पर चला। आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति इसी का उदाहरण है।

भारत का रक्षा बजट वित्त वर्ष 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ रुपये था, 2025-26 के लिए वह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ रुपये हो गया। सैनिकों को अब स्वदेशी रूप से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली बुलेटप्रूफ जैकेट, उन्नत हेलमेट, नई बैटल ड्रेस यूनिफार्म, नाइट विजन डिवाइस और थर्मल इमेजर उपलब्ध कराई जा रही हैं। मोदी सरकार के आने के बाद सेना के समन्वय के लिए लंबित मांग सीडीएस की नियुक्ति का निर्णय हुआ। आपरेशन सिंदूर में तीनों सेनाओं के समन्वय में हमने इस निर्णय की भूमिका को अनुभव किया। शस्त्रों की खरीद के लंबे समय से लंबित निर्णयों का भी शीघ्र निस्तारण होते हुए हम देख चुके हैं। फ्रांस से आने वाले राफेल की खरीद इसी प्रक्रिया का परिणाम है। एस-400, सुखोई-30, इजरायल से ड्रोन, हैमर मिसाइल, चिनूक हेलीकाप्टर, एलसीएच प्रचंड (लाइट कांबैट हेलीकाप्टर), तेजस फाइटर जेट (पूर्ण स्वदेशी विमान), पिनाका राकेट सिस्टम (मल्टी बैरल राकेट लांचर), वरुणास्त्र (एंटी सबमरीन मिसाइल) आदि की उपलब्धता के कारण भारतीय सेना श्रेष्ठतम सेनाओं में गिनी जाने लगी है।

12 वर्ष के सफलतम कालखंड में केवल विदेश से शस्त्र खरीद ही नहीं, हमने स्वयं के आत्मनिर्भर होने के मंत्र को भी पहचाना है। अब हम भारत में उन्नत एवं आधुनिक स्वदेशी शस्त्रों का निर्माण भी कर रहे हैं। स्वदेशी विमान वाहक पोत आइएनएस विक्रांत का निर्माण, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, रुस्तम यूएवी ड्रोनस का डीआरडीओ द्वारा लखनऊ में निर्माण, रूस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, राफेल के मुख्य भाग का हैदराबाद में हम निर्माण करने वाले हैं। रक्षा उत्पादन में पिछले 10 वर्षों में 174 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 2014-15 में 46529 करोड़ रुपये की तुलना में 2023-24 में 127265 करोड़ रुपये हुआ है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नीति के कारण अब हम खरीदने अर्थात आयात करने वाले देश नहीं, बेचने वाले अर्थात निर्यात करने वाले देश बन गए हैं। आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। आपरेशन सिंदूर में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गई है। देश को माओवाद मुक्त करने के मोदी सरकार के संकल्प ने देश के सामान्य नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास जगाया है।


भारत की बढ़ती सैन्य क्षमता। फाइल

गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 2022 में कोच्चि में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय नौसेना के नए ध्वज का अनावरण किया, जिसमें औपनिवेशिक 'सेंट जार्ज क्रास' को हटाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित अष्टकोणीय प्रतीक को स्थान दिया गया। इसमें अशोक स्तंभ, लंगर और नौसेना का आदर्श वाक्य ''शं नो वरुणः'' अंकित है, जो भारत की समुद्री विरासत और आत्मगौरव का प्रतीक है। नए भारत का संकल्प-'घर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे' केवल कहना मात्र नहीं, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक एवं आपरेशन सिंदूर में हमने यह करके दिखाया है। खून एवं पानी एक साथ नहीं बहेगा, सिंधु नदी समझौता रद कर हमने आतंक के प्रति अपने दृष्टिकोण को विश्व के सामने स्पष्ट किया है। पूर्व सैनिकों के कल्याण, अग्निवीर योजना, विजयदशमी पर राफेल जैसे शस्त्रों का पूजन एवं दीपावली त्योहार में सैनिकों के बीच प्रधानमंत्री मोदी जी की उपस्थिति, सीमावर्ती सैनिक चौकियों पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी का प्रवास- ये सभी उपक्रम हमारे सुरक्षित भारत के संकल्प को प्रकट करते हैं।

### चीन से ग्लाइसिन के आयात की डंपिंग-रोधी जांच शुरू

**नई दिल्ली:** भारत ने चीन से ग्लाइसिन के आयात के खिलाफ डंपिंग-रोधी जांच शुरू की है। ग्लाइसिन का इस्तेमाल स्वाद बढ़ाने वाले पदार्थ के रूप में और दवा उद्योग में एक घटक के तौर पर किया जाता है। डीजीटीआर ने कहा कि यह जांच घरेलू विनिर्माता एविड आर्गेनिक्स की शिकायत पर शुरू की गई है। कंपनी ने आरोप लगाया है कि चीन से डंप किए जाने वाले आयात से उसे गंभीर नुकसान हो रहा है। कंपनी ने इन आयात पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है। (प्रेट्र)



अमेरिकी बांड यील्ड में वृद्धि और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से महंगाई के दबाव के चलते आरबीआइ ब्याज दरें बढ़ाने के लिए मजबूर हो सकता है।
– रुमकी मजूमदार, मुख्य अर्थशास्त्री, डेलाइट

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,529.08 | ▼ 329.91 | |
| निफ्टी | 23,329 | ▼ 85.30 | |
| सोना | ₹ 1,54,900 | ▼ ₹ 1,500 | प्रति दस ग्राम |
| चांदी | ₹ 2,42,000 | बदलाव नहीं | प्रति किलो ग्राम |
| डालर | ₹ 95.62 | ▼ ₹ 0.16 | |
| क्रूड | $ 98.66 | | प्रति बैरल |

# खाड़ी संकट ने खोले पेट्रो निर्यात के नए दरवाजे

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** होर्मुज संकट और खाड़ी क्षेत्र की रिफाइनिंग क्षमता पर दबाव के बीच भारत की कच्चे तेल आपूर्ति को लेकर चिंता बनी हुई है। हालांकि, यही संकट भारतीय रिफाइनरों के लिए पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात का नया दरवाजा खोल रहा है। पारंपरिक निर्यात मार्गों के बाधित होने के बाद कई देशों ने पेट्रोल और डीजल की खरीद भारत से शुरू कर दी है। अप्रैल-अगस्त 2026 में भारत के पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात में सालाना आधार पर करीब 46 प्रतिशत की तेजी आई है। पिछले एक हफ्ते में सऊदी अरब और रूस के प्रमुख रिफाइनरियों पर हमले के बाद भारत से पेट्रोल, डीजल और दूसरे उत्पादों का निर्यात और बढ़ने के आसार हैं।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक केन्या में भारत यूएई और सऊदी अरब को पीछे छोड़कर पेट्रोलियम उत्पादों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया है। मोजांबिक और अन्य पूर्वी अफ्रीकी देशों में भारतीय पेट्रोल-डीजल की मांग तेजी से बढ़ी है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक अफ्रीका का तकरीबन हर देश आज भारत से डीजल खरीदना चाहता है। भारत और तुर्किये के बीच कूटनीतिक संबंध अच्छे नहीं है लेकिन वह भी भारतीय पेट्रो उत्पादों का नया खरीदार बन गया है। पारंपरिक बाजारों जैसे यूएई और अमेरिका को निर्यात घटा है, लेकिन नए गंतव्यों ने इसकी भरपाई कर दी है।

हेल्सिंकी स्थित सेंटर फार रिसर्च आन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने अगस्त में 1.72 लाख टन तेल उत्पाद आयात किए, जिनकी कीमत करीब 11.4 करोड़ यूरो थी। इनमें से 70 प्रतिशत भारत से आयात किया गया था। यह उत्पाद गुजरात की नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी से लदा, मिस्र के दामिएत्ता लाइटरिंग जोन में जहाज-से-जहाज स्थानांतरण हुआ और फिर रूस के आर्कटिक बंदरगाह बेलोए मोरे पहुंचा। वाणिज्य मंत्रालय का डाटा बताता है कि अप्रैल-अगस्त, 2026 में पेट्रो उत्पादों का निर्यात 35.31 अरब डालर रहा है और यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 39.43 प्रतिशत ज्यादा है। अकेले अगस्त में पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 63.27 प्रतिशत बढ़कर 6.81 अरब डालर का हो गया है।

- पारंपरिक निर्यात मार्गों के बाधित होने के बाद कई देशों ने पेट्रोल और डीजल की खरीद भारत से शुरू की
- भारत के साथ कूटनीतिक संबंध अच्छे नहीं होने के बावजूद तुर्किये भारतीय पेट्रो उत्पादों का नया खरीदार बना



#### तेजी से बढ़ रही भारत की रिफाइनिंग क्षमता

देश में 23 चालू रिफाइनरियों की कुल स्थापित क्षमता अब 26.7 करोड़ टन प्रति वर्ष के आसपास पहुंच गई है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक इसे 30-31 करोड़ टन और लंबे समय में 45 करोड़ टन तक पहुंचाने का है। इंडियन आयल की पानीपत, कोयली, बरौनी और पारादीप रिफाइनरियों की विस्तार परियोजनाएं 2026 के अंत तक शुरू होनी हैं। नुमालीगढ़ रिफाइनरी की क्षमता 30 लाख टन से बढ़ाकर 90 लाख टन करने का काम 2027 की शुरुआत में पूरा होने की उम्मीद है। राजस्थान में एचपीसीएल की नई रिफाइनरी पहले ही चालू हो चुकी है, जबकि आंध्र प्रदेश में बीपीसीएल की नई ग्रीनफील्ड परियोजना पर काम आगे बढ़ रहा है।

# आठ नए संयंत्रों से घटेगी यूरिया की आयात निर्भरता

अरविंद शर्मा • जागरण

**नई दिल्ली :** उर्वरकों की जरूरत पूरी करने के लिए आठ नए यूरिया संयंत्र लगाने की तैयारी है। इनपर करीब 80 हजार करोड़ रुपये निवेश होगा। संयंत्रों के चालू होने पर देश में सालाना करीब एक करोड़ टन अतिरिक्त यूरिया का उत्पादन होने लगेगा। इसका बड़ा फायदा यह होगा कि यूरिया का बड़ा हिस्सा देश में ही तैयार होने लगेगा।

जुलाई में राष्ट्रीय यूरिया निवेश नीति-2026 को मंजूरी मिलने के बाद सरकार के पास नए संयंत्र लगाने के लिए 14 प्रस्ताव मिले हैं। इनमें से आठ को अगले एक-दो महीने में मंजूरी मिल सकती है। हालांकि उत्पादन तुरंत शुरू नहीं होगा। प्लांट लगाने एवं चालू करने की प्रक्रिया में चार से पांच वर्ष लग सकते हैं। अभी देश में प्रत्येक वर्ष करीब सात सौ लाख टन उर्वरकों की जरूरत होती है। इनमें चार सौ लाख टन सिर्फ यूरिया है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अनुसार 2025-26 में देश में 293.26 लाख टन यूरिया का उत्पादन हुआ था एवं 103.50 लाख टन आयात करना पड़ा। नए संयंत्रों से इस अंतर को कम किया जा सकेगा। यूरिया का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए देश में एक दशक में छह संयंत्र लगाए जा चुके हैं। इनमें रामागुंडम, गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी के संयंत्र तथा निजी क्षेत्र के दो संयंत्र शामिल हैं। इनसे कुल 76.2 लाख टन सालाना उत्पादन हो रहा है। फिर भी आयात खत्म नहीं हो सका है।

यूरिया के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भरता के कारण किसी देश में संकट पैदा होने पर भारत में यूरिया महंगी हो जाती है। मई में भारत को 947 डालर प्रति टन की दर से यूरिया आयात करना पड़ा है। बाद में कीमत घटकर करीब 406 डालर प्रति टन रह गई।

**यूरिया के साथ गैस भी जरूरी:** यूरिया बनाने के लिए गैस जरूरी है जो भारत के लिए बड़ी चुनौती है। इसलिए यूरिया के अत्यधिक उत्पादन के साथ गैस की जरूरत भी बढ़ेगी। यदि गैस महंगी हुई तो लागत भी बढ़ सकती है।



- नई यूरिया निवेश नीति की मंजूरी के बाद केंद्र को मिले 14 प्रस्ताव
- इनमें से आठ को अगले एक से दो महीने में मिल सकती है मंजूरी

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

#### इन कंपनियों के प्रस्ताव पर विचार कर रही सरकार

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के मुताबिक, जिन कंपनियों के प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है, उनमें दो उत्तर प्रदेश से हैं। गोरखपुर में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की दूसरी इकाई और शाहजहांपुर में कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (केएफएल) का प्रस्ताव है। गेल के दो प्रस्तावों में एक महाराष्ट्र और दूसरा छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में है। चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड, मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड और मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के भी एक-एक प्रस्ताव हैं। गेल और राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स ने विदर्भ में 12.7 लाख टन सालाना क्षमता का एक नया गैस आधारित यूरिया संयंत्र लगाने के लिए हाल में ही समझौता किया है।

## एक नजर में

### अदाणी की पांच कंपनियों ने सेबी से विवाद निपटाया

**नई दिल्ली:** कैपिटल मार्केट रेग्युलेटर सेबी ने मंगवार को अदाणी समूह की पांच कंपनियों के खिलाफ 'रिलेटेड-पार्टी ट्रांजेक्शन' (आपसी लेन-देन) की जानकारी देने से जुड़े नियमों के कथित उल्लंघन के मामलों का निपटान कर दिया। इन कंपनियों ने निपटान के लिए कुल 1.50 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह कार्यवाही हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में उठाए गए आरोपों और कारपोरेट गवर्नेंस से जुड़े मुद्दों की सेबी द्वारा की गई जांच के बाद शुरू हुई थी। इसमें लिस्टिंग नियमों और पहले के लिस्टिंग समझौता का संभावित उल्लंघन भी शामिल था। (प्रेट्र)

### बीते वर्ष सैमसंग इंडिया का लाभ 36 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली:** बीते वित्त वर्ष 2025-26 में सैमसंग इंडिया का लाभ 36 प्रतिशत घटकर 7,228.10 करोड़ रुपये रहा है। बिजनेस इंटेलिजेंस प्लेटफार्म टोफ्लर के अनुसार, इलेक्ट्रानिक्स निर्माता कंपनी रजिस्ट्रार फाइलिंग में यह जानकारी दी है। हालांकि, राजस्व 1.2 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 1.12 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बीते वित्त वर्ष में कंपनी का मोबाइल फोन और एक्सेसरीज से राजस्व 1.35 प्रतिशत घटकर 81,471.2 करोड़ रुपये रहा है। (प्रेट्र)

### रुपया 16 पैसे की बढ़त के साथ 95.62 प्रति डालर पर

**मुंबई:** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की धारणा में सुधार के बीच अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को 16 पैसे मजबूत होकर 95.62 प्रति डालर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि ईरान के सात दिन के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की खबरों के बाद ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई। खबरों में कहा गया था कि अगर अमेरिका बंदरगाहों की नाकेबंदी हटाता है और ईरान पर सैन्य दबाव कम करता है तो ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य खोल सकता है। (प्रेट्र)

# जीएसटी सुधारों से खपत के साथ कर संग्रह भी बढ़ा

## जीएसटी 2.0 का एक साल पूरा, 12 और 28 प्रतिशत की कर दरों को किया गया था समाप्त

राजीव कुमार • जागरण

**नई दिल्ली :** पिछले साल 22 सितंबर को जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के फैसले को लागू किया गया तो जीएसटी संग्रह में गिरावट की आशंका जताई गई थी। दरों के 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त कर दिया गया था। 12 प्रतिशत दर से जुड़े कमोबेश सभी उत्पादों को पांच तो वहीं 28 प्रतिशत के ब्रेकेट में आने वाले उत्पादों को 18 में शामिल कर दिया गया था। ऐसे में आशंका जताई जा रही थी कि इससे कर संग्रह में गिरावट आएगी। हालांकि, वस्तुओं के दाम कम होने से खपत बढ़ गई, जिससे जीएसटी कलेक्शन बढ़ गया। केंद्र और राज्य के राजस्व में इजाफे के साथ मैन्यूफैक्चरिंग को बूस्ट मिला और रोजगार को समर्थन मिला।

आंकड़े भी यही कह रहे हैं। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों में जीएसटी कलेक्शन में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। क्रिसिल का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में जीएसटी कलेक्शन में पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 12-13 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। जीएसटी कलेक्शन बढ़ने से केंद्र के साथ राज्यों के राजस्व में भी इजाफा दिख रहा है। क्रिसिल का मानना है कि मजबूत जीएसटी कलेक्शन की वजह से देश के 18 प्रमुख राज्यों का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 9-11 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

जीएसटी कटौती का सबसे अधिक असर आटोमोबाइल उद्योग पर देखा गया। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी को चालू वित्त वर्ष में अपने पैसेंजर कार की बिक्री में 36 प्रतिशत की बढ़ोतरी की उम्मीद है। आटोमोबाइल कंपनियों के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 11 महीनों में देश में तीन करोड़ वाहन पंजीकृत किए गए हैं जो पूर्व की समान अवधि के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी कटौती की वजह से कंज्यूमर गुड्स की बिक्री में इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में दहाई अंक में बढ़ोतरी दिखी, लेकिन बाद में कच्चे माल की कीमतों में तेजी से कंज्यूमर गुड्स के दाम बढ़ने लगे जिससे इनकी बिक्री पर भी असर देखा गया।

#### क्या-क्या बदला...

- केंद्र और राज्य के राजस्व में इजाफे के साथ मैन्यूफैक्चरिंग और रोजगार को मिला समर्थन
- 2026-27 के पहले पांच महीनों में जीएसटी कलेक्शन में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई
- पिछले 11 महीनों में तीन करोड़ वाहन पंजीकृत हुए, यह पूर्व के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक




लोगों की आशंका के विपरीत जीएसटी दरों में कटौती के बाद भी कलेक्शन बढ़ गया क्योंकि चीजें सस्ती होने से खपत में बढ़ोतरी हुई। इससे अर्थव्यवस्था को रफ्तार पकड़ने में मदद मिली। **- एमएस मनी**, अप्रत्यक्ष कर विशेषज्ञ और पार्टनर, डेलाइट

#### जीएसटी 3.0 में पेट्रोल-डीजल को कर दायरे में लाने की चर्चा

विशेषज्ञ अब जीएसटी 3.0 की चर्चा करने लगे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध व पश्चिम एशिया के हालात को देखते हुए जीएसटी 3.0 में पेट्रोल-डीजल को जीएसटी में शामिल करने का दबाव राज्यों पर पड़ सकता है। हालांकि जानकारों का कहना है कि इस काम में कम से कम एक साल का समय लग सकता है और इसके लिए राज्यों की मंजूरी जरूरी है।

#### हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने वालों को नहीं मिला लाभ

जीएसटी कटौती से हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस खरीदने वाले ग्राहकों को फायदा मिलने की उम्मीद थी। लेकिन कंपनियों ने लाभ नहीं दिया। जीएसटी 2.0 में हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर 18 प्रतिशत जीएसटी को शून्य कर दिया गया। लेकिन हेल्थ इंश्योरेंस बेचने वाली कंपनियों ने जीएसटी समाप्त होने के बाद विभिन्न मदों में प्रीमियम को 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ा दिया।

# अप्रैल 2027 से स्मार्टफोन स्क्रीन गार्ड के लिए गुणवत्ता मंजूरी जरूरी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सरकार ने स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर या गार्ड के लिए गुणवत्ता मानक जरूरी कर दिए हैं। अब कंपनियों को भारत में ऐसे उत्पाद बेचने से पहले नियामकीय मंजूरी लेनी होगी। सरकार के इस कदम से खराब गुणवत्ता वाले स्क्रीन प्रोटेक्टर की बिक्री पर रोक लगेगी और आप्टिमस इन्फ्राकाम जैसे घरेलू मैन्यूफैक्चरर्स को मदद मिलेगी। इस कंपनी ने भारत में उत्पादन शुरू कर दिया है।

21 सितंबर को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, इलेक्ट्रानिक्स एंड इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी गुड्स आर्डर, 2021 के नियम, कालम 2 (स्मार्टफोन के लिए स्क्रीन प्रोटेक्टर) में बताए गए सामान या चीजों पर लागू होंगे। स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर इस नियम के तहत अधिसूचित किया जाने वाला 66 वां उत्पाद है। सूची में दूसरी चीजों में स्मार्टफोन, लैपटाप, मोबाइल और लैपटाप चार्जर, एलईडी टेलीविजन, माइक्रोवेव ओवन, प्रिंटर और सेटटाप बाक्स वगैरह शामिल है। स्क्रीन प्रोटेक्टर के लिए जरूरी बीआइएस (ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड) स्टैंडर्ड लागू करना इस कैटेगरी के लिए एक अहम पड़ाव है। उद्योग संगठन इंडियन सेल्यूलर एंड इलेक्ट्रानिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि 2025 में घरेलू बाजार में करीब 40 करोड़ स्क्रीन गार्ड की बिक्री हुई जिनका मूल्य 20 हजार करोड़ के आसपास था।



इससे खराब गुणवत्ता वाले स्क्रीन प्रोटेक्टर की बिक्री पर रोक लगेगी, 2025 में 20 हजार करोड़ का था घरेलू बाजार

# 25 को खुलेंगे चार कंपनियों के आइपीओ

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** चार कंपनियों- ओरिएंट केबल्स इंडिया लिमिटेड, रुनवाल एंटरप्राइजेज, एसवेक्टर और जर्मन ग्रीन स्टील एंड पावर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) 25 सितंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे। आइपीओ के जरिये चारों कंपनियां संयुक्त रूप से 1,776 करोड़ रुपये जुटाएंगी। इन आइपीओ में 29 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है।

ओरिएंट केबल्स ने अपने 552 आइपीओ के लिए शेयर मूल्य 258-272 रुपये प्रति इकाई तय किया है। आइपीओ में 320 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 232 करोड़ रुपये तक के प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। इसी तरह, रियल एस्टेट डेवलपर रुनवाल एंटरप्राइजेज ने 500 करोड़ रुपये के आइपीओ के लिए मूल्य दायरा 290-305 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह पूरा आइपीओ नए शेयरों की बिक्री पर आधारित है। वहीं, लोहा एवं इस्पात के उत्पाद बनाने वाली कंपनी जर्मन ग्रीन स्टील एंड पावर ने अपने 304 करोड़ रुपये के आइपीओ का शेयर मूल्य 132-139 रुपये प्रति इकाई तय किया है। इस आइपीओ में 290 करोड़ रुपये के नए शेयर और 13.9 करोड़ रुपये के प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे।

इसके अलावा, डिजिटल कामर्स इकोसिस्टम प्रदाता एसवेक्टर ने अपने 420 करोड़ रुपये के आइपीओ का मूल्य दायरा 30-32 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इसआइपीओ में 287 करोड़ रुपये के नए शेयर और 133 करोड़ रुपये के प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे।

- संयुक्त रूप से 1,776 करोड़ रुपये जुटाएंगी चारों कंपनियां
- इन आइपीओ में 29 सितंबर तक किया जा सकता है आवेदन




### आइटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 330 अंक टूटा

**मुंबई, प्रेट्र :** सूचना प्रौद्योगिकी और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 329.91 अंक टूटकर 74,529.08 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 435.28 अंक की गिरावट के साथ 74,423.71 पर आ गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 85.30 अंक की गिरावट के साथ 23,329 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल के दाम में नरमी के बावजूद घरेलू शेयर बाजार नुकसान में रहे।

### अगले एक दशक में तीन गुना हो जाएगी भारत की अर्थव्यवस्था

**मुंबई, आइएएनएस:** जेपी मार्गन चेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेमी डिमन ने कहा है कि अगले दस सालों में भारत की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग तीन गुना हो जाएगा। अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक ने भारत और अमेरिका से जल्द से जल्द मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की भी अपील की।

डिमन ने यह भी बताया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को कई खतरों (जैसे लगातार महंगाई, सरकारी उधारी में बढ़ोतरी, भू-राजनीतिक तनाव और पूंजी की बढ़ती मांग) का सामना करना पड़ रहा है। उनका अनुमान है कि ब्याज दरें और बांड पर रिटर्न लंबे समय तक ऊंचे बने रह सकते हैं। डिमन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) से जुड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर पूंजी की मांग को और बढ़ा सकते हैं और इसके और बढ़ने की संभावना सोच से कहीं ज्यादा होगी।

# मजबूत वृद्धि परिदृश्य के मामले में भारत सबसे आगे : डब्ल्यूईएफ

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वर्ल्ड इकोनमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) द्वारा किए गए एक सर्वे के मुताबिक भारत दुनियाभर में सबसे मजबूत वृद्धि परिदृश्य के मामले में सबसे आगे है लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए अच्छे कारोबारी माहौल की बात करें तो चौथे नंबर पर आता है। इस साल मई में डब्ल्यूईएफ द्वारा प्रकाशित किए गए मुख्य आर्थिक सलाहकारों के आउटलुक सर्वे में भारत दूसरे नंबर पर था।

ताजा सर्वे में पाया गया कि 56 प्रतिशत मुख्य आर्थिक सलाहकारों को उम्मीद है कि वैश्विक परिदृश्य स्थिर रहेगा या बेहतर होगा। मई में 89 प्रतिशत ने हालात के कमजोर होने की उम्मीद की थी। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि लगभग सभी उत्तरदाताओं (97 प्रतिशत) का मानना है कि अगर अगले साल अनिश्चतता रहती है तो इसका एक कारण भू-राजनीतिक तनाव होगा। सर्वे में शामिल देशों में भारत का आर्थिक परिदृश्य सबसे मजबूत है। सर्वे में शामिल मुख्य आर्थिक सलाहकारों में 98 प्रतिशत ने अगले 12 महीनों में भारत में ठीक-ठाक या ज्यादा वृद्धि की उम्मीद जताई है। 74 प्रतिशत ने मजबूत या बहुत मजबूत वृद्धि की उम्मीद जताई है। बढ़ती घरेलू मांग से वृद्धि को समर्थन मिलेगा। हालांकि, ऊर्जा की ज्यादा कीमतें परिदृश्य पर असर डाल रही हैं। सर्वे में कहा गया है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए अच्छे कारोबारी माहौल की बात करें तो अमेरिका सबसे आगे है, उसके बाद दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोप का नंबर आता है।

घरेलू मांग से वृद्धि को मिलेगा समर्थन, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए अच्छे कारोबारी माहौल के मामले में चौथे नंबर

### चार साल के उच्च स्तर पर स्टील की कीमतें

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** महंगे कच्चे माल (कोकिंग कोल) और मानसून के बाद की मांग में वृद्धि के कारण घरेलू स्तर पर स्टील की कीमतें चाल साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। मार्केट रिसर्च फर्म बिगमिंट का का कहना है कि कीमतों में वृद्धि का यह रुख चालू वित्त वर्ष की शेष तिमाहियों में जारी रहने की उम्मीद है।

बिगमिंट के आंकड़ों के अनुसार, हाट रोल्ड काइल (एचआरसी) और कोल्ड रोल्ड काइल (सीआरसी) इस समय 64 हजार रुपये और 75 हजार रुपये प्रति टन पर कारोबार कर रहे हैं। इससे पहले जून 2022 में यह दोनों स्टील उत्पाद इस स्तर पर पहुंचे थे। एचआरसी और सीआरसी वैश्विक स्तर पर उपयोग किए जाने वाले फ्लैट स्टील उत्पाद हैं। एक अगस्त से अब तक एचआरसी और सीआरसी की कीमतों में क्रमशः छह हजार और 8,500 रुपये प्रति टन की वृद्धि हुई है।

## राष्ट्रीय फलक

# वित्त मंत्री सीतारमण की अपील, हर असहमति को कोर्ट में ले जाने से बचे उद्योग जगत

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को उद्योग जगत से कहा कि वे हर असहमति को कोर्ट में ले जाने से बचें और कारपोरेट गवर्नेंस मैकेनिज्म को मजबूत करने पर ध्यान दें। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि अच्छा कारपोरेट गवर्नेंस सिर्फ अपनाई जाने वाली प्रक्रिया नहीं है बल्कि वह मानक है जो उद्योग अपने लिए तय करते हैं।

एआइएमए के एक समारोह को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि कारोबार के बीच भरोसे की मांग नहीं की जा सकती है बल्कि इसका आपसी समन्वय से निर्माण करना होगा। उद्योग जगत को सरकार और नियामक के साथ सकारात्मक तरीके से जुड़ना चाहिए। कानूनी मदद हमेश उपलब्ध रहेगी लेकिन हर असहमति मुकदमेबाजी में नहीं बदलनी चाहिए। मतभेदों के विवाद बनने से पहले समाधान की दिशा में काम करना लाभप्रद होगा। सीतारमण ने उद्योग जगत से कहा कि वे ज्यादा मजबूत और बेहतर गवर्नेंस वाली कंपनियों के निर्माण में रुचि लें, क्योंकि देश 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। भारत की वृद्धि का अगला चरण गुणवत्ता पर आधारित होगा और ऐसे में उद्योग जगत को रिसर्च और डेवलपमेंट पर ज्यादा खर्च करना चाहिए। इससे मौजूदा उत्पादों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

- वित्त मंत्री ने कहा-आपसी समन्वय से भरोसे का निर्माण करना होगा
- उद्योग जगत सरकार और नियामक से सकारात्मक तरीक से जुड़े

#### मेड इन इंडिया से इमेजिन इन इंडिया की ओर बढ़ें

सीतारमण ने कहा, हमे मेड इन इंडिया से अब इमेजिन इन इंडिया प्रोडक्ट की ओर बढ़ना चाहिए। हमें उत्पादों की परिकल्पना स्थानीय स्तर पर करनी चाहिए, फिर उन्हें डिजाइन कर व टेक्नोलाजी के हिसाब से देश में ही विकसित कर दुनियाभर के बाजार में उन्हें बेचा जाए। आरएंडडी पर भारत का सकल खर्च जीडीपी का 0.83 प्रतिशत है जो ओईसीडी के 2.7 प्रतिशत, चीन के 2.6 प्रतिशत और अमेरिका के 3.5 प्रतिशत से बहुत कम है।

# वैश्विक मांग- आपूर्ति से तय होती हैं चीनी की कीमतें : गडकरी

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** देश में चीनी की खुदरा कीमतों में वृद्धि के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि चीनी की कीमतें वैश्विक मांग- आपूर्ति से तय होती हैं। कृषि उत्पादों की कीमतें तय करने में सरकारों की भूमिका बहुत कम होती है।

नेशनल फेडरेशन आफ कोआपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड (एनएफसीएसएफ) के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, हम अब वैश्विक अर्थव्यवस्था में हैं। कोई भी सरकार ऐसी अर्थव्यवस्था में चाह कर भी कृषि उत्पादों की कीमतें निर्धारित नहीं कर सकती। चीनी की कीमतें ब्राजील जैसे देशों में उत्पादन से काफी प्रभावित होती हैं, जबकि अन्य वस्तुएं भी वैश्विक बाजार द्वारा प्रभावित होती हैं। ब्राजील बड़े पैमाने पर मशीनों से की जाने वाली खेती से लाभान्वित होता है, जो उत्पादन लागत को काफी कम करता है। ब्राजील में चीनी उत्पादन की लागत लगभग 23 रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि भारत में यह 33-34 रुपये प्रति किलोग्राम है। ब्राजील में अधिशेष चीनी उत्पादन से अक्सर भारतीय बाजार में चीनी की कीमतों पर असर होता है।




नई दिल्ली में मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। एएनआइ

# बड़े शहरों में अभी भी रुला रहा प्याज

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** बफर स्टाक से 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज बेचने के सरकार के उपायों के बावजूद बड़े शहरों में प्याज अब भी रुला रहा है। मंगलवार को मेट्रो शहरों के खुदरा बाजारों में प्याज की कीमत 53 रुपये से 60 रुपये प्रति किलो के बीच रही।

उपभोक्ता मामले के मंत्रालय के डाटा के अनुसार दिल्ली में प्याज 53 रुपये प्रति किलो की दर से बिका, जबकि मुंबई में प्याज की कीमत 58 रुपये किलो रही। कोलकाता और चेन्नई में प्याज का मूल्य 60 रुपये प्रति किलो रहा। 22 सितंबर को देश में प्याज की खुदरा औसत कीमत 54.2 रुपये प्रति किलोग्राम रही। प्याज की अधिकतम कीमत 100 रुपये प्रति किलोग्राम, जबकि न्यूनतम कीमत 29 रुपये प्रति किलोग्राम रही। हालांकि प्राइवेट ट्रेड डेटा के मुताबिक खुदरा कीमतें मंत्रालय के डाटा की तुलना में काफी ज्यादा थीं।

गौरतलब है कि प्याज की कीमतों पर लगाम लगाने के लिए सरकार दिल्ली और देशभर के 50 से अधिक अन्य शहरों में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बफर स्टाक से सब्सिडी वाली बिक्री के जरिये आपूर्ति बढ़ा रही है। कांदा एक्सप्रेस नामक खास ट्रेन के साथ सड़क मार्ग से भी प्याज उत्पादक राज्यों से अन्यत्र पहुंचाया जा रहा है।

- 35 रुपये प्रति किग्रा की रियायती दर से प्याज बेचने की सरकार की कोशिशों के बावजूद नहीं मिल रही राहत
- मेट्रो शहरों के खुदरा बाजारों में 53 से 60 रुपये प्रति किग्रा प्याज की कीमत

## चिंतन

# डिजिटल दुनिया में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

डिजिटल दुनिया ने जहां बच्चों के लिए ज्ञान, शिक्षा और मनोरंजन के दरवाजे खोले हैं, वहीं उनके लिए नए खतरे भी तेजी से बढ़े हैं। बच्चों से जुड़ी यौन शोषण सामग्री इसका सबसे भयावह उदाहरण है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। सरकार को भी समय रहते ऐसे मामलों में कार्रवाई करनी चाहिए, चूंकि बच्चों की सुरक्षा में एक पल की देरी भी समस्या बढ़ा देती है। इसी को ध्यान में रखते हुए गूगल का भारत से जुड़े ऐसे मामलों की सूचना सीधे भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों तक पहुंचाने की व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ना केवल एक तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा के लिए जवाबदेही की जरूरत को स्वीकार करना भी है। अब तक ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री की रिपोर्टिंग में अमेरिका स्थित नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन यानी एनसीएमईसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 2025 में उसकी साइबरटिपलाइन को दुनियाभर से 2.13 करोड़ रिपोर्ट मिलीं। इनमें 53,000 से अधिक रिपोर्ट ऐसी थीं, जिन्हें तत्काल कार्रवाई या बच्चे के खतरे में होने की दृष्टि से गंभीर माना गया। डिजिटल माध्यमों पर बच्चों को सुरक्षित रखना वैश्विक चुनौती बन चुका है। भारत के संदर्भ में सीधे रिपोर्टिंग का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है, क्योंकि किसी बच्चे के खतरे में होने की स्थिति में समय सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। सूचना जितनी जल्दी स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसी तक पहुंचेगी, उतनी जल्दी संदिग्ध सामग्री हटाने, स्रोत की पहचान करने और संभावित पीड़ित बच्चे तक पहुंचने की कार्रवाई शुरू की जा सकेगी। गूगल से पहले मेटा ने भी इस व्यवस्था पर सहमति जताई है। असली चुनौती उस पूरी डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने की है, जिसमें ऐसी सामग्री तैयार होने से पहले रोकी जाए, अपलोड होते ही पहचानी जाए और प्रसारित होने से पहले उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में भी बच्चों की सुरक्षा के लिए प्लेटफॉर्मों पर तकनीकी उपायों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। एआई और दूसरे डिजिटल औजार जहां शिक्षा और रचनात्मकता के लिए उपयोगी हैं, वहीं इनके दुरुपयोग की आशंका भी बढ़ रही है। भारत के 2026 में संशोधित आईटी नियमों में सिंथेटिक रूप से तैयार ऐसी सामग्री को रोकने के लिए तकनीकी उपायों का भी प्रावधान किया है, जिसमें बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री शामिल है, लेकिन जिम्मेदारी केवल सरकार और कंपनियों की नहीं है। अभिभावकों को भी बच्चों की डिजिटल गतिविधियों के प्रति सजग रहना होगा। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि इंटरनेट पर हर व्यक्ति विश्वसनीय नहीं होता, निजी तस्वीरें या जानकारी साझा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है और किसी संदिग्ध व्यक्ति के दबाव में आने पर चुप रहने के बजाय माता-पिता को तुरंत बताना चाहिए। स्कूलों में भी डिजिटल सुरक्षा को पाठ्यक्रम और जागरूकता कार्यक्रमों का हिस्सा बनाना चाहिए। डिजिटल दुनिया को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने की लड़ाई केवल आपत्तिजनक सामग्री हटाने की लड़ाई नहीं है। यह बच्चों के अधिकार, गरिमा और सुरक्षित बचपन की रक्षा की लड़ाई है। तकनीकी कंपनियों को मुनाफे के साथ सुरक्षा की जिम्मेदारी निभानी होगी, सरकार को कानून और प्रवर्तन व्यवस्था मजबूत करनी होगी और समाज को डिजिटल सजगता बढ़ानी होगी। बच्चे जिस दुनिया में भविष्य देख रहे हैं, वह डिजिटल है; इसलिए उस दुनिया में उनका सुरक्षा विकल्प नहीं, बल्कि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# स्वस्थ और समृद्ध भविष्य के लिए है आयुर्वेद



आयुर्वेद दिवस
डॉ. संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली 'एनडीए' सरकार ने 2014 में स्वदेशी चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' के लोकव्यापीकरण और विकास को लक्ष्य में रखते हुए प्रत्येक वर्ष 23 सितंबर को 'आयुर्वेद दिवस ' के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। साल 2014 से 2024 तक यह दिवस आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धन्वंतरि की जयंती धनतेरस के दिन मनाया जाता रहा है। इस साल मनाए जा रहे '11 वें आयुर्वेद दिवस- 2026' की थीम 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' (आयुर्वेदा फॉर हेल्दियर टूमारो) निर्धारित किया गया है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जब भारत सहित दुनिया का जनस्वास्थ्य नित नई चुनौतियों और महामारी से जूझ रहा है तब 'निरोगता' ही सभी समस्याओं से मुक्ति का एकमात्र उपाय है। आयुर्वेद दिवस का आयोजन केवल भारत में ही नहीं किया जा रहा है बल्कि दुनिया के अनेक देशों में यह दिवस आयोजित किया जा रहा है। बीते वर्ष 2025 में भारतीय दूतावासों और मिशनों, अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों, स्वास्थ्य संगठनों और प्रवासी भारतीय संगठनों के माध्यम से लगभग 150 से अधिक देशों में 'आयुर्वेद दिवस ' आयोजित किया गया। अलबत्ता आयुर्वेद विधा से जुड़े लोगों के लिए यह दिवस एक विरासत का उत्सव मनाने तक सीमित करने की नहीं होना चाहिए बल्कि इस विरासत को भविष्य की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों से जोड़ने के अवसर के तौर पर भी होना चाहिए। आखिरकार 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य पूर्ति में 'स्वास्थ्य' की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत जैसे विकासशील देश में जिसकी बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों और इसके इलाज के बढ़ते खर्च से जूझ रहा है तब सबसे बड़ी जरूरत आरोग्य की है। आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन का विज्ञान है जो मनुष्य के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के साथ -साथ उसमें नैतिक गुणों का प्रादुर्भाव भी करता है जो वैयक्तिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सामुदायिक शुचिता में भी सहायक है। आयुर्वेद के जरिए ही आरोग्य संभव है क्योंकि इसमें स्वस्थ रहने और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के लिए विभिन्न मौसम अनुसार आहार, दिनचर्या और परहेज का विशद उल्लेख है। आयुर्वेद पद्धति का मूल सिद्धांत स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी की चिकित्सा है यानि यह सिद्धांत विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' के 'प्रिवेंशन इज़ बेटर देन क्योर' के सिद्धांतों से तादात्म्य रखती है। दुनिया भर में बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों के मद्देनजर आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ आयुर्वेद का भी तादात्म्य स्थापित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार एकीकृत स्वास्थ्य सेवा की ओर कदम बढ़ा रही है जो दुनिया में एक नयी 'स्वास्थ्य क्रांति' का आगाज होगा।



गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा घोषित 'नवीन स्वास्थ्य नीति 2017' में भी आरोग्य यानि वेलनेस को प्राथमिकता दी गई है। वर्तमान परिदृश्य में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान स्वास्थ्य के लिए शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्वास्थ्य के साथ ही आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी परिभाषित कर रही है। आश्चर्यजनक तौर पर भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' के आचार्यों ने हजारों साल पहले ही इन आयामों को स्वास्थ्य का आधार प्रतिपादित किया है। देश और दुनिया नित नये संक्रामक रोगों के साथ ही जीवनशैली से जुड़ी गैरसंचारी रोगों यानि मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप, मोटापा और कैंसर की चुनौतियों से जूझ रही है। देश की एक बड़ी आबादी जिसमें छात्र,युवा और महिलाएं शामिल हैं इन दिनों मानसिक तनाव और मनोरोग के शिकार हैं। भारत जैसे विकासशील देश में गैर संचारी रोगियों की बढ़ते आंकड़े और स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ते दबाव के मद्देनजर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति इन चुनौतियों से निपटने में कारगर हो सकती है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी बढ़ी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व की तीन चौथाई आबादी विभिन्न रोगों के उपचार के लिए पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपना रही है।

बिलाशक आने वाले कल में जीवनशैली से जुड़ी तमाम बीमारियां जहां सरकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियां होंगी वहीं यह आम परिवारों के लिए भी सबसे बड़ा आर्थिक बोझ साबित होगा। दरअसल किसी परिवार में बीमारी केवल एक सदस्य को ही बीमार नहीं करता बल्कि इसकी पीड़ा पूरे परिवार को झेलना पड़ता है। बीमार व्यक्ति की सेवा- सुश्रुषा और इलाज का खर्च जहां परिवार का कमर तोड़ देती है वहीं दूसरी ओर यह परिवार के उत्पादकता को भी प्रभावित करती है जिसका असर देश के अर्थव्यवस्था पर परिलक्षित होता है। पिछले साल हुए एक नेशनल सैंपल सर्वे में पता चला है कि एक साल में करीब 46 फीसदी ग्रामीण और 53 फीसदी शहरी आबादी ने किसी न किसी रूप में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार कराया है। विश्व समुदाय का भरोसा आयुर्वेद के प्रति बढ़ने के कारण वैश्विक बाजारों में आयुर्वेद उत्पादों की धाक लगातार बढ़ रही है बीते साल 2025 में जहां इसका आकार 16 बिलियन से लेकर 20.4 बिलियन अमरीकी डॉलर। वहीं इस साल 2026 में यह बाजार 24.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचने तथा 2033 तक 85.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने की संभावना है। देश में आयुर्वेद टूरिज्म का बाजार लगातार बढ़ रहा है फलस्वरूप इस क्षेत्र में काफी संख्या में उद्यमी और चिकित्सक आ रहे हैं जिससे लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

विचारणीय है कि स्वातंत्र्योत्तर भारत में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को वैसा राज्याश्रय नहीं मिला जिसका वह हकदार था। वक्त ने करवट बदला और अब केंद्र सरकार द्वारा इस पद्धति के लोक व्यापीकरण और विकास के लगातार प्रयास किया जा रहा है। सरकार के कोशिशों के बावजूद देश के इस बौद्धिक संपदा के प्रति लोगों में अभी भी भ्रम है फलस्वरूप लोगों की प्राथमिकता में यह दोयम पायदान पर है। पश्चिमी देश जहां आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बड़ी तेजी से अपना रहा है वहीं अभिजात्य तबका आयुर्वेद को अभी भी केवल सौंदर्य प्रसाधक, यौन शक्तिवर्धक, हेल्थ व फूड सप्लिमेंट माने बैठा है।

उपरोक्त भ्रांतियों के परिप्रेक्ष्य में वस्तुस्थिति यह है कि आयुर्वेद की अधिकांश दवाएं वनस्पतियों से बनती है तथा केवल रस और भस्म में धातुओं का प्रयोग होता है।औषधि निर्माण के दौरान धातुओं का शोधन शास्त्रीय विधि अनुरूप किया जाए और क्वालिफाइड आयुर्वेद विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में इसका सेवन किया जाए तो यह सुरक्षित और असरकारी होता है।आमतौर पर मरीज आयुर्वेद चिकित्सा के शरण में तब आता है जब वह वर्षों - महीनों एलोपैथिक या अन्य पैथियों का उपचार अजमा चुका होता है और कोई लाभ न होने पर आखिर में आयुर्वेद को आजमाना चाहता है तब तक रोग की जीर्णता और गंभीरता दोनों बढ़ जाती है तब भला इस पद्धति से त्वरित लाभ का सोच ही बेमानी है। आजकल आयुर्वेद दवाओं के निर्माण में गुणवत्ता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दवाओं की गुणवत्ता परीक्षण के लिए ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी की स्थापना की गई है जहां दवाओं को आधुनिकतम कसौटी पर परखा जा रहा है। आयुर्वेद दवाएं अब टेबलेट और कैप्सूल के रूप में भी उपलब्ध हो रहे हैं जिसके चलते अब इन दवाओं के सेवन में आसानी हो रही है। वैज्ञानिक मानकीकरण के वर्तमान दौर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को भी वैज्ञानिक मानकों के कसौटी पर खरा उतरना आवश्यक है। केंद्र सरकार में पृथक आयुष मंत्रालय के स्थापना के बाद देश में जहां आयुर्वेद शिक्षा के गुणवत्ता उन्नयन के लिए कारगर प्रयास हुए हैं वहीं इस चिकित्सा पद्धति से जुड़े अनुसंधान और विकास को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है। दुनिया भर में इस चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में आयुर्वेद में अनुसंधान, प्रमाण और नवाचार को अहमियत दी जा रही है। अलबत्ता आयुर्वेद नवजात शिशु से लेकर बुजुर्गों के लिए भी सुरक्षित, सुलभ और सेहतमंद है। बहरहाल बीमारियों से बचाव और उपचार के बढ़ते आर्थिक बोझ के दृष्टिगत स्वस्थ और समृद्ध भविष्य के लिए आयुर्वेद ही कारगर लिहाजा लिहाजा सरकार और समाज को इसे अपनाने और प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## मंथन
राजेंद्र बज



# केवल भौतिक प्रगति ही वास्तविक प्रगति नहीं

विभिन्न स्तर पर आंकड़ों की बाजीगरी में चाहे कितनी ही प्रगति के दावे किए जाते हों किंतु विकृत मानसिकता के कारक तत्वों पर अंकुश लगाने के प्रयासों की आवश्यकता समझी ही नहीं गई है। तकनीकी विकास के साथ-साथ नैतिकता को ताक पर रखते हुए चारित्रिक पतन के गर्त में कब, कहां और कौन जा रहा है, इस पर परिजन भी नजर नहीं रख पा रहे हैं। आधुनिकता की अंधी होड़ में हमारे उच्चस्तरीय नैतिक संस्कारों का विलोपन भी गहन चिंता का विषय है। आए दिन होने वाली हैरतअंगेज अमानवीय घटनाओं के मूल में कामवासना प्रमुख कारण बन रही है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि सामाजिक चिंतन की दशा और दिशा को सुनिश्चित आकार देते हुए ऐसे कदम उठाए जाएं जिससे कि स्वस्थ समाज की संरचना हो सके। दरअसल, बदलते दौर में तथाकथित विकास को परिभाषित किया जाना भी अत्यंत आवश्यक प्रतीत होता है। ऐसी स्थिति में हमें अपनी संस्कृति को सर्वथा सुरक्षित रखते हुए प्रगति के नए सोपान तय करना होंगे। दुर्भाग्यवश आधुनिकता की ओट में हम हमारी उच्चस्तरीय नैतिक संस्कारों की परंपरा से विमुख होते जा रहे हैं। प्रगति की अवधारणा को सार्थक सिद्ध करने के लिए मात्र भौतिक उपलब्धि को पैमाना बनाना, कतई उचित नहीं होगा। सामाजिक विकृतियों के निदान हेतु प्रभावी पहल किया जाना समय की मांग है। धनबल और बाहुबल के साथ-साथ राजनीतिक संरक्षण के चलते आपराधिक गतिविधियां विस्तार पा रही है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जगत में विसंगतियों के जाल का जंजाल निरंतर बवाल खड़े कर रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में विलंबित न्याय रूपी अन्याय प्रकारांतर से सामाजिक विकृतियों का जनक सिद्ध हो रहा है। शिक्षा संस्थान उच्चस्तरीय शिक्षा का दंभ भरते हुए विद्यार्थियों में नैतिकता का पाठ पढ़ाने में कोताही बरत रहे हैं। हमारे प्राचीनकालीन रीति रिवाज और आदर्श परंपराओं को सर्वथा अप्रासंगिक समझ लिया गया है। असामाजिक तत्वों की आर्थिक स्थिति में अप्रत्याशित रूप से होती बढ़ोतरी आखिर क्या सिद्ध करती है ? संगीन अपराधों के दोषी तत्वों को राजनीतिक संरक्षण, संचार तंत्र में परोसी जा रही अश्लीलता तथा कानून और व्यवस्था का मखौल उड़ाती मानसिकता नैतिकता को तार-तार कर रही है। आमतौर पर नीति निर्माता अपनी राजनीतिक जमावट में तल्लीन है और कानून और व्यवस्था के पालनहार अपने मूलभूत कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति उदासीन है। यदि ऐसा नहीं है, तो क्यों नहीं राजनीति में उच्चस्तरीय आदर्श स्थापित किए जाकर स्वस्थ समाज की संरचना के प्रति प्रशासन तंत्र को जवाबदार ठहराया जाता? शासन-प्रशासन अलग-अलग स्तर पर अलग-अलग जिम्मेदारियों का निर्वहन करें लेकिन तमाम जिम्मेदारियों के निर्वहन का सार तत्व स्वस्थ समाज की संरचना में ही अंतर्निहित माना जाना चाहिए। रिश्तों की मर्यादा पर कलंक कालांतर में घर-परिवार एवं सामाजिक जीवन में ऐसा भी उलटफेर कर सकता है जो हमें आखेट युग की ओर ले जाएं। आधुनिकता के नाम पर बनावट के आधार पर होती जमावट विकास का खोखलापन दर्शाती है। जरूरत इस बात की है कि शासन प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न परिवारों के परिजन भी स्वस्थ समाज की संरचना के सूत्रधार बने। इसमें कोई संदेह नहीं कि हमारी संस्कृति मूल रूप से धर्म आधारित रही है। आखिर हमें ऐसा विकास तो नहीं चाहिए जो विनाश की कगार पर टिका हो! समय रहते ऐसे कदम उठाए जाने चाहिए जिससे कि व्यक्तियों के आचार-विचार और व्यवहार में सकारात्मक सोच लाते हुए उन्हें उच्चस्तरीय संस्कारों से परिपूर्ण किया जाए। अन्यथा समाज में दिनोंदिन नैतिकता का पतन आने वाले समय में हमारी शाश्वत संस्कृति को विलुप्त कर देगा। इसके साथ-साथ संयुक्त परिवार की अवधारणाओं को बढ़ावा देना भी वर्तमान सामाजिक परिवेश में आवश्यक प्रतीत होता है। निश्चित रूप से समाज के बीच से आ रहे नकारात्मक संदेशों को लेकर हमें सचेत हो जाना चाहिए। अन्यथा भावी पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। समय रहते सकारात्मक सोच के साथ नैतिक मूल्यों के उत्थान की दिशा में हमें जुटने की जरूरत है। बदलते दौर में विकास के सही मायनों को समझने की नितांत आवश्यकता है। एकमात्र भौतिक प्रगति को ही हम विकास का पर्याय नहीं मान सकते। जब तक नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ उच्च स्तरीय संस्कारों का बीजारोपण नहीं हो जाता, तब तक विकास को सच्चे अर्थों में साकार भी नहीं किया जा सकता। दरअसल हमें सकारात्मक चिंतन के साथ अपनी गौरवशाली संस्कृति को आधुनिक देश काल और परिस्थितियों के संदर्भ में अक्षुण्ण रखना होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं. ये उनके अपने विचार हैं।)

# व्यैक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम् का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्याज की बढ़ती कीमत महंगाई का एक और झटका

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करनी चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी हों। अब तो सरकारों को प्याज की बढ़ती कीमतों के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, क्योंकि अब देश के कुछ राज्यों में इसकी कीमत 70 रुपए प्रति किलो से ऊपर हो चुकी है। वैसे प्याज की कीमतें इससे पहले भी बढ़ती थी और इस पर खूब राजनीति भी होती आई है। प्याज पर ही नहीं, बल्कि हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं।

*- मनोहर चौहान, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सिस्टम का कब्जा



देश पर एक सिस्टम का कब्जा हो गया है, एक-एक करके हर स्तर पर। RSS और "हमारे दो, हमारे दो" की अगुवाई में, कुछ गिने-चुने लोगों ने मिलकर भारत के हर संस्थान पर अपना कब्जा जमा लिया है। इस कब्जे, भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ छात्रों की आवाज ही इस सिस्टम के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

**- राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### बेटियों को बधाई



महिला क्रिकेट टीम ने एक बार फिर दुनिया को दिखा दिया है कि चैंपियन कैसे खेलते हैं। एशियाई खेल 2026 में गोल्ड मेडल जीतने पर हमारी महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत बधाई।

**- योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उत्तरप्रदेश

### तिरंगे का मान



एशियाई खेल 2026 के महिला क्रिकेट फाइनल में श्रीलंका को हराकर गोल्ड मेडल जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत बधाई। आपकी शानदार जीत ने वैश्विक मंच पर तिरंगे का मान एक बार फिर बढ़ाया है।

**- डॉ. मोहन यादव**, सीएम, मध्यप्रदेश

### जनता को उम्मीदें



बारां की जनता को आम आदमी पार्टी से बहुत उम्मीदे हैं। अब समय आ गया है कि इस क्षेत्र के विकास में सकारात्मक और ऐतिहासिक बदलाव लाया जाए और पूरे राजस्थान के लिए मिसाल कायम की जाए।

**- अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# चीन के अंतरिक्ष स्टेशन मिशन में शामिल होंगे पाक के यात्री



चीन के अंतरिक्ष यात्री केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे दो पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्री जल्द ही चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर मिशन में शामिल होंगे। एक वरिष्ठ चीनी अधिकारी ने यह जानकारी दी। चीन ने पिछले साल अपने करीबी सहयोगी पाकिस्तान के अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से करीब 400 किलोमीटर ऊपर कक्षा में मौजूद अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने की योजना की घोषणा की थी। ये अंतरिक्ष यात्री स्टेशन पर जाने वाले पहले विदेशी मेहमान होंगे। 'चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी' ने इस साल अप्रैल में अंतरिक्ष मिशन प्रशिक्षण के लिए दो पाकिस्तानी उम्मीदवारों मोहम्मद जीशान अली और खुर्रम दाऊद के चयन की घोषणा की थी। दोनों चीन के अंतरिक्ष यात्री अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे हैं। चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम के उप मुख्य डिजाइनर यांग लीवेई ने कहा, ''हमने यह भी घोषणा की है कि दो पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्री वर्तमान में अंतरिक्ष यात्री केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे हैं। निकट भविष्य में वे हमारे अंतरिक्ष यात्रियों के साथ चीन के अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगे।' सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, यांग ने मंगलवार को चीन के नए दौर के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों पर आयोजित एक सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

## ऑफ बीट

# एयर प्यूरिफायर नहीं रोकते हैं श्वसन संबंधी संक्रमण



कोविड-19 के दौरान इस तरह की बातें सामने आईं कि घर के अंदर वायु गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए, साथ ही दावा किया गया कि इससे वायरस के फैलने का खतरा कम होगा, लेकिन इन दावों का समर्थन करने के लिए साक्ष्यों की कमी है। इसलिए मैंने और मेरे सहकर्मियों ने कोविड से पहले के साक्ष्यों की समीक्षा की और पाया कि वायु शोधन वास्तव में श्वसन संक्रमण संबंधी बीमारियों को कम नहीं करता। वायु उपचार उपकरणों के दो मुख्य प्रकार हैं : फिल्टर और वायु कीटाणुनाशक। फ़िल्टर हवा से उन कणों को हटाने का काम करता है जिनमें संक्रामक वायरस हो सकते हैं। वायु कीटाणुनाशक हवा में वायरस को निष्क्रिय करने के लिए पराबैंगनी विकिरण या ओजोन का इस्तेमाल करते हैं। साक्ष्यों से यह बात सामने आई कि इन प्रौद्योगिकियों ने बीमारी और वायरस से संक्रमण की गंभीरता को कम नहीं किया। हमारी समीक्षा से यह निष्कर्ष निकला कि इस बात का कोई पुख्ता सबूत नहीं है कि वायु उपचार प्रौद्योगिकियां श्वसन संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करती हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## कल्पमेधा

*दुनिया भर में लोग महज ध्यान आकर्षित करने के लिए युद्ध करते हैं।
युद्ध के दौरान सभी हत्याएं दरअसल आत्म-घृणा की अभिव्यक्ति हैं।*
*- एलिस वाकर*

# विद्यार्थियों की फिक्र

शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि इसमें विद्यार्थी का सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक और शारीरिक विकास भी शामिल है। मगर सवाल है कि देश की मौजूदा शिक्षा व्यवस्था में क्या इन मानदंडों को अपनाकर विद्यार्थी के चहुंमुखी विकास पर ध्यान दिया जाता है? क्या सांस्थानिक स्तर पर संवेदनशील और समावेशी दृष्टिकोण के साथ हाशिये के तबकों के विद्यार्थियों की समस्याओं पर गौर किया जाता है? यह बेवजह नहीं है कि स्कूलों से लेकर उच्च संस्थानों तक में पढ़ाई, परीक्षा, करिअर और भविष्य को लेकर बढ़ता दबाव और कुछ स्तर पर उपेक्षा कई विद्यार्थियों को मानसिक तनाव की ओर धकेल रहा है। इस कारण विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। इसी के मद्देनजर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने हाल में उच्च शिक्षण संस्थानों को विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने और आत्महत्याओं की घटनाओं की रोकथाम के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही विद्यार्थियों की आत्महत्या या अप्राकृतिक मौत की सूचना तत्काल पुलिस को देने और इसकी सालाना रिपोर्ट तैयार करने को भी कहा है।

इस मामले में उच्चतम न्यायालय की ओर से गठित राष्ट्रीय कार्यबल ने भी अपनी अंतरिम रिपोर्ट में कहा था कि उच्च शिक्षण संस्थानों में आत्महत्या की बढ़ती समस्या के पीछे शैक्षणिक दबाव, जाति आधारित भेदभाव, आर्थिक तनाव, यौन उत्पीड़न और परीक्षा में विफलता जैसे कारण शामिल हैं। सवाल है कि क्या शिक्षण संस्थान महज अंकों की प्रतिस्पर्धा के केंद्र बनकर रह गए हैं! क्या विद्यार्थियों की परेशानियों के समाधान को लेकर संस्थानों की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को हाशिये पर रखा जा रहा है? यही नहीं, आवासी उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए चौबीसों घंटे चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के शीर्ष अदालत के निर्देशों पर भी पूरी तरह अमल नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि शिक्षा मंत्रालय को परिपत्र के जरिए शिक्षा संस्थानों को इन निर्देशों की याद दिलानी पड़ी है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में देश भर में तेरह हजार से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न कारणों से आत्महत्या की। इस तरह के मामलों में वर्ष 2014 से 2023 के बीच सत्तर फीसद से अधिक की वृद्धि हुई है। आइआइटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी यह समस्या गहराती जा रही है। हाल ही में आइआइटी मुंबई में एक छात्र की आत्महत्या की घटना ने एक बार फिर इस मसले पर व्यापक चिंता और सुधार के तकाजों की जरूरत को रेखांकित किया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2018 से 2023 के बीच देश के विभिन्न आइआइटी में 39 छात्रों ने आत्महत्या की। शीर्ष न्यायालय की ओर से गठित राष्ट्रीय कार्यबल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आइआइटी में ज्यादातर शिक्षक मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए खुद को पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं मानते, क्योंकि उन्हें उचित प्रशिक्षण नहीं मिला है। जाहिर है कि समस्या केवल संस्थानों की लापरवाही या जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी स्तर पर नीतिगत निर्णयों की अनुपस्थिति भी इसका एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा, शिक्षकों को भी विद्यार्थियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना होगा। शिक्षक का काम केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं सहयोगी वातावरण तैयार करना भी है।

# दुराग्रह की बोली

आम बोलचाल के दौरान कुछ लोग अक्सर किसी व्यक्ति के रंग-रूप आदि के संबंध में ऐसी टिप्पणियां करते हैं, जिन्हें कहने और सुनने के बाद सामान्य तौर पर सहजता बनी रहती है, लेकिन उसमें कुछ शब्द या उसके भाव ऐसे हो सकते हैं, जिनसे कोई एक व्यक्ति या उसकी तरह के कुछ लोग खुद को अपमानित या शर्मिंदा महसूस करें। खासतौर पर समाज के नेतृत्व वर्ग से ऐसी अपेक्षा की जाती है कि वह अपने आचरण, भाषा और अभिव्यक्ति के मामले में सार्वजनिक तौर पर ऐसा उदाहरण सामने रखे, जिन्हें लोग आदर्श मानें और उससे प्रेरणा लें। मगर अफसोस की बात है कि कई बार कुछ नेता भाषण या बातचीत के दौरान बिना सोचे-समझे ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर बैठते हैं, जिनसे कोई व्यक्ति या समाज का एक वर्ग खुद को अपमानित महसूस करता है। सवाल है कि एक बड़े जनसमर्थन और लोगों के नेतृत्व का दावा करने वाले ऐसे लोगों को क्या सामान्य शिष्टाचार और भावनाओं का खयाल रखने के बुनियादी तकाजों का भी पता नहीं होता! बेलगाम तरीके से कुछ भी बोलते हुए क्या वे कभी अपने मुंह से निकले शब्दों के असर का अंदाजा लगा पाते हैं?

गौरतलब है कि भाजपा नेता और मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गत रविवार को सार्वजनिक कार्यक्रम में एक महिला पार्षद का वजन बढ़ने को लेकर विचित्र टिप्पणी कर दी, जिसकी तीखी आलोचना हुई। हालांकि इससे उपजे विवाद के तूल पकड़ने के बाद उन्होंने इस पर खेद जाहिर कर दिया, लेकिन सच यह है कि इस तरह किसी की शारीरिक बनावट या रंगरूप आदि को लक्ष्य करके हल्के-फुल्के अंदाज में टिप्पणी कर देना एक आम चलन रहा है। जबकि इससे एक खास तरह के पूर्वाग्रह की मानसिकता बनती-पलती है, जो अपने असर में संवेदनहीनता और अमानवीयता को बढ़ावा देती है। कई लोग ऐसे शब्द गाहे-बगाहे दोहराते हुए उसे महज एक मजाक मानते-बताते हैं, लेकिन संभव है कि उससे किसी व्यक्ति की भावनाओं को चोट पहुंचे, वह शर्मिंदा महसूस करे। समाज में प्रचलित ऐसी कई धारणाएं हैं, जो अपने मूल में किसी को अपमानित करती हैं या उसका मजाक बनाती हैं। ऐसे पूर्वाग्रहों या ऐसी मानसिकता से मुक्त होना इंसानियत के मूल्यों का तकाजा है।

# कौशल की कसौटी पर भविष्य की राह



**आज लाखों युवा रोजगार के लिए निकलते हैं, तो उन्हें पता चलता है कि उनकी डिग्री और उद्योगों की वास्तविक मांग के बीच बड़ी खाई है। बदलते परिदृश्य में यह चिंता का विषय है।**

**रंजना मिश्रा**

भारत को विश्व पटल पर सबसे युवा देश होने का गौरव हासिल है, लेकिन युवाओं की इस विशाल आबादी को वास्तविक जनसांख्यिकीय लाभांश में बदलना आज सबसे बड़ी चुनौती है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल उसकी जनसंख्या के आकार से तय नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि उस आबादी का कितना बड़ा हिस्सा शिक्षित, हुनरमंद और आर्थिक रूप से उत्पादक है। हाल ही में नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट कार्यबल, वर्तमान शिक्षा प्रणाली और युवाओं की जमीनी सच्चाई का चौंकाने वाला आंकड़ा सामने रखती है। इसके मुताबिक, देश के पंद्रह से उनतीस वर्ष के आयु वर्ग के लगभग पौने नौ करोड़ युवा एक ऐसी निष्क्रिय अवस्था में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जो न तो किसी औपचारिक शिक्षा का हिस्सा हैं, न किसी प्रकार के रोजगार से जुड़े हैं और न ही भविष्य के लिए कोई व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह आंकड़ा देश की उस विशाल ऊर्जा की ओर सीधा इशारा करता है जो हमारी व्यवस्थागत कमियों और दिशाहीनता के कारण अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने से वंचित रह गई है।

जब किसी विकासशील देश के करोड़ों युवा न तो भविष्य को संवारने के लिए पढ़ाई कर रहे हों और न कोई नया हुनर सीख रहे हों, तो यह स्थिति एक गहरे सामाजिक और आर्थिक संकट की आहट होती है। युवावस्था वह पड़ाव है, जिसमें इंसान की रचनात्मकता, कुछ नया सीखने की ललक और शारीरिक ऊर्जा अपने सर्वोच्च स्तर पर होती है। यदि इस असीम ऊर्जा को सही दिशा और अवसर न मिले, तो यह हताशा, भटकाव और अंततः गहरी निराशा में बदल जाती है। एक निष्क्रिय युवा केवल अपने परिवार पर आर्थिक बोझ ही नहीं बनता, बल्कि वह धीरे-धीरे हीन भावना का शिकार होकर समाज की मुख्यधारा से कटने लगता है। इससे पूरे देश के सामाजिक और आर्थिक विकास की रफ्तार स्वाभाविक रूप से बाधित होती है।

इस संकट का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि निष्क्रिय युवाओं में से लगभग अठासी फीसद हिस्सा युवतियों और महिलाओं का है, जो केवल घरेलू जिम्मेदारियों की चहारदीवारी और सामाजिक बंधनों में उलझ कर रह गई हैं। हमारे सामाजिक ताने-बाने में घर-परिवार की देखरेख, बच्चों और बुजुर्गों की सेवा का भार मुख्य रूप से महिलाओं पर ही डाल दिया जाता है। इसके कारण वे अपने करिअर, उच्च शिक्षा या कौशल विकास के अवसरों से पूरी तरह कट जाती हैं। जब देश की आधी आबादी को घर की दहलीज के भीतर सीमित कर उसे मुख्यधारा की आर्थिक उत्पादकता से दूर कर दिया जाएगा, तो कोई भी राष्ट्र अपनी पूरी क्षमता के साथ विकास की वैश्विक दौड़ में कैसे आगे बढ़ सकता है? महिलाओं को इस सामाजिक और आर्थिक चक्रव्यूह से बाहर निकाले बिना और उनके हाथों में हुनर दिए बिना सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना करना पूरी तरह बेमानी है।

आज हर साल लाखों युवा स्नातक की डिग्री तो हासिल कर लेते हैं, लेकिन जब वे नौकरी की तलाश में वास्तविक रोजगार बाजार में उतरते हैं,



तब उन्हें पता चलता है कि उनकी डिग्री और उद्योगों की वास्तविक मांग के बीच कितनी बड़ी खाई है। रिपोर्ट के अनुसार केवल सवा आठ फीसद स्नातक ही ऐसे हैं जिन्हें उनकी शैक्षणिक योग्यता और डिग्री के अनुरूप कार्य मिल पा रहा है। इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ है कि हमारे अधिकांश शिक्षण संस्थान अब केवल ऐसी फैक्टरी बन कर रह गए हैं जो हर साल डिग्रियां तो थोक में बांट रहे हैं, लेकिन विद्यार्थी के हाथों में वह व्यावहारिक और तकनीकी हुनर नहीं दे पा रहे हैं जो आज के तेजी से बदलते आधुनिक उद्योगों की पहली शर्त है। हमारी परीक्षा प्रणाली आज भी मुख्य रूप से रटने की क्षमता और स्मृति का मूल्यांकन करती है, न कि किसी वास्तविक समस्या को सुलझाने के व्यावहारिक कौशल या तकनीकी दक्षता का।

> **केवल डिग्रियां बांटने से देश आत्मनिर्भर नहीं बन सकता, इसके लिए युवाओं को व्यावहारिक कौशल से जोड़ना होगा। नीति आयोग ने इस विसंगति को दूर करने के लिए स्कूली और उच्च शिक्षा में बुनियादी बदलावों की वकालत की है। सबसे पहली जरूरत यह है कि कौशल विकास को कालेज स्तर तक टालने के बजाय स्कूली शिक्षा से ही अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। जब बच्चा छोटा होता है, तभी से उसके मन में यह बात बैठाई जानी चाहिए कि अपने हाथों से तकनीकी काम करना या कोई हुनर सीखना कोई छोटा काम नहीं है। स्कूली स्तर पर इस तरह के व्यावहारिक बदलाव से समाज में शारीरिक श्रम और कौशल कार्यों के प्रति जो एक हीन भावना है, वह भी जड़ से खत्म होगी और समाज में श्रम की गरिमा स्थापित होगी।**

निम्न और मध्य आय वर्ग के परिवारों के लिए अपने बच्चों को कालेज की पढ़ाई कराना ही एक बड़ा आर्थिक बोझ होता है। पढ़ाई पूरी करने के बाद जब अलग से फीस देकर कोई तकनीकी प्रशिक्षण या व्यावसायिक हुनर सीखने की बात आती है, तो अधिकांश युवा इस खर्च को उठाने में असमर्थ होते हैं। आज निजी संस्थानों में उच्चस्तरीय कौशल प्रशिक्षण की फीस इतनी अधिक है कि गरीब या साधारण परिवार का युवा वहां दाखिला लेने का सपना भी नहीं देख सकता। नतीजा यह कि ऐसे युवा बिना किसी विशेष कौशल के मजबूरी में कम वेतन वाली छोटी-मोटी नौकरियां करने लगते हैं, जहां न तो नौकरी की कोई सुरक्षा होती है, न सम्मानजनक वेतन होता है और न ही भविष्य में आगे बढ़ने का कोई अवसर। कुछ समय बाद हताश होकर वे काम छोड़ देते हैं और बेरोजगारों की लंबी कतार का हिस्सा बन जाते हैं।

अगर हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो युवाओं के इस भटकाव को तत्काल दूर करना होगा। केवल डिग्रियां बांटने से देश आत्मनिर्भर नहीं बन सकता। इसके लिए युवाओं के हाथों को व्यावहारिक कौशल से जोड़ना अनिवार्य होगा। नीति आयोग ने इस विसंगति को दूर करने के लिए स्कूली और उच्च शिक्षा में बुनियादी बदलावों की वकालत की है। सबसे पहली जरूरत यह है कि कौशल विकास को कालेज स्तर तक टालने के बजाय स्कूली शिक्षा से ही अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। छठी कक्षा से ही बच्चों को सामान्य रोजगारपरक कौशल का बुनियादी ज्ञान दिया जाना चाहिए। जब बच्चा छोटा होता है, तभी से उसके मन में यह बात बैठाई जानी चाहिए कि अपने हाथों से तकनीकी काम करना या कोई हुनर सीखना कोई छोटा काम नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि जब कोई विद्यार्थी स्कूली शिक्षा पूरी कर बाहर की दुनिया में कदम रखे, तो वह किसी न किसी हुनर में पारंगत हो चुका हो। स्कूली स्तर पर इस तरह के व्यावहारिक बदलाव से समाज में शारीरिक श्रम और कौशल कार्यों के प्रति जो एक हीन भावना है, वह भी जड़ से खत्म होगी और समाज में श्रम की गरिमा स्थापित होगी।

वैश्विक परिदृश्य में तकनीक की दुनिया आज तेजी से बदल रही है। आने वाला कल उन पारंपरिक नौकरियों का बिल्कुल नहीं है जिन्हें हम पिछले कई दशकों से देखते आ रहे हैं। आज पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हरित ऊर्जा, जिसे 'ग्रीन जाब्स' कहते हैं, उसका पूरी दुनिया में तेजी से विस्तार हो रहा है। सौर ऊर्जा पैनलों का रख-रखाव, पवन ऊर्जा संयंत्रों का संचालन, इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण और उनकी मरम्मत, आधुनिक कृषि तकनीक और डेटा प्रबंधन जैसे नए और उभरते हुए क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इसलिए आवश्यक है कि हमारे कौशल विकास केंद्र और सभी शिक्षण संस्थान भविष्य की इन तकनीकी जरूरतों को समय रहते भांप लें और नए क्षेत्रों के अनुरूप अपने पाठ्यक्रमों को आधुनिक बनाएं। यदि हम आज भी पुरानी तकनीकों का ही प्रशिक्षण देते रहे, तो बाजार में उसकी कोई मांग नहीं होगी और हमारे युवा बेरोजगार ही रहेंगे।

# चंचल मन की गंभीरता

## दुनिया मेरे आगे

**मुकेश पोपली**

बचपन से ही हम धार्मिक और आध्यात्मिक पुस्तकों में पढ़ते रहे हैं और गुरुजनों तथा घर के बड़े-बुजुर्गों से सुनते आए हैं कि हमारा मन एक चंचल पक्षी है। यह कभी भी एक जगह स्थिर हो कर नहीं रहता। इसके अलावा, यह बात भी पूरी तरह सच है कि हमारे मन पर हमारे परिवार, शिक्षा केंद्रों और समाज के वातावरण का बेहद प्रभाव पड़ता है। पहले हमारी वाचालता बहुत अधिक मुखर नहीं थी, क्योंकि हम आधुनिक सभ्यता से परे, वैज्ञानिक संचार साधनों के सीमित दायरे वाले युग में रहते थे। हम अपने मन में उठ रहे विचारों को कुछ लोक-लज्जा, कुछ पारिवारिक संस्कारों और कुछ परस्पर विश्वास की कमी के कारण किसी दूसरे के सामने प्रकट करने में हिचकिचाते थे। ऐसे में अक्सर हम अपनी बात अपने दिल में रख लेते थे और बहुत बार घर फूंककर तमाशा भी देखा करते थे। वैसे हमारे पूर्वज अनेक उदाहरणों, लोक कथाओं, गीतों और फंतासी कहानियों के माध्यम से बहुत बार हमें कुछ हटकर करने के लिए प्रेरित करते थे, लेकिन उनकी बातों को सीमित साधनों, अधूरे मार्गदर्शन और जज्बे में कमी होने के कारण कठिन रास्तों पर चलने से हम आमतौर पर दूर ही रहते थे।

ऐसा भी नहीं है कि पहले सभी लोग डरपोक प्रवृत्ति के हुआ करते थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, शहीद भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर, राजा राममोहन राय, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद, स्वामी विवेकानंद, पंडित मदन मोहन मालवीय जैसे अनेक महानुभावों ने अपने-अपने विचारों को दुनिया के समक्ष रखा। धीरे-धीरे ही सही, लेकिन देश के अनेक निवासी उनके बताए मार्ग पर चलने लगे और इस मशाल की रोशनी को दूर-दूर तक फैलाने, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान देने आगे आए। आम जनता के बीच से भी ऐसे लोग निकले, जिन्होंने सिद्धांतों और आजादी के मूल्यों के लिए अपनी जान तक की परवाह नहीं की। अज्ञानता, अशिक्षा, कुरीतियों आदि को नकारने और निस्वार्थ भाव से देशप्रेम, सेवा और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने के लिए अपने चंचल मन को इनके द्वारा गंभीरता की ओर अग्रसर किया गया। नतीजतन, हमारे देश से अंग्रेज हटे और हमने अपने देश के लिए आजादी प्राप्त की। देश में व्याप्त बुराइयों, कुरीतियों को हटाने और समाज के क्रम से उन्नत होते विकास में भी वीर स्वतंत्रता सेनानियों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, अर्थशास्त्रियों, चिकित्सकों, विधि विशेषज्ञों आदि सभी वर्गों ने एकजुट होकर कार्य किया।

वह स्थिर दिमाग और अपने भीतर बसे साहस के साथ सामने हो रही घटनाओं पर प्रतिक्रिया देने का दौर था। मगर वर्तमान समय में हमारे मन की चंचलता बहुत अधिक बढ़ गई है, क्योंकि बहुत से आधुनिक और तकनीकी साधन हमारे पास जमा हो गए हैं और हम उनका खुलकर उपयोग भी कर रहे हैं। यह तो ठीक है कि वर्तमान पीढ़ी अपने मन के विचारों को छिपा नहीं रही है। इस आधुनिक युग में मन की बातों को छिपाना गलत माना जाता है। कई बार यह लगता है कि अगर कोई सारी बातें छिपाना चाहे, तो शायद छिपा भी नहीं पाए। अगर यह युवा पीढ़ी किसी से अपनी बात कहने में जब स्वयं को सक्षम नहीं पाती है, तो फिर इसका विपरीत प्रभाव भी उन पर देखने को मिलता है। वे मानसिक रूप से तनाव में आ जाते हैं और यदि इस तनाव से बाहर आने में जब उन्हें किसी प्रकार की मदद नहीं मिलती है, तो पहले जानलेवा अवसाद के घेरे में जाने और फिर कई बार अपनी जीवन लीला को समाप्त करने में भी वह देर नहीं लगाते!

आज के अधिकांश युवाओं की यह आदत बन गई है कि इस दुनिया से खुल कर बहस करो, अपने हक के लिए लड़ो। बेशक ये आदर्श जीवन-मूल्य हैं, लेकिन ऐसे में मन को नियंत्रित करना भी आवश्यक है। वे इस बात को नहीं समझ पा रहे हैं कि जब मन अपनी इच्छानुसार उड़ान भरता है, तब बहुत बार सही निर्णय लेने से रोकता भी है। मन का हमारी बुद्धि से स्थायी रूप से बैर हो, ऐसा नहीं है, लेकिन मन और बुद्धि के तालमेल से ही विनाश रुक सकता है, इसे भी ध्यान में रखना होगा।

> **आज के अधिकांश युवाओं की यह आदत बन गई है कि इस दुनिया से खुल कर बहस करो, अपने हक के लिए लड़ो। बेशक ये आदर्श जीवन-मूल्य हैं, लेकिन ऐसे में मन को नियंत्रित करना भी आवश्यक है। वे इस बात को नहीं समझ पा रहे हैं कि जब मन अपनी इच्छानुसार उड़ान भरता है, तब बहुत बार सही निर्णय लेने से रोकता भी है।**

इस आधुनिक संचार युग में हमारा मन अपने आस-पास ही नहीं, देश-विदेश के वातावरण से भी प्रभावित हो रहा है। भले ही, पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों और अनेक ईमानदार बुद्धिजीवियों को मुख्यधारा से बाहर कर दिया गया हो, लेकिन फिर भी उनकी लेखनी और वाणी पर ध्यान दिया जाए, तो अनेक प्रकार की आधुनिक समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। उदाहरण के लिए, यदि वर्तमान में पूरे विश्व पर नजर डाली जाए तो हम पाते हैं कि चारों ओर युद्ध का माहौल है। इस युद्ध से थोड़ी-सी जमीन मिल सकती है, लेकिन यह वापस फिर किसी युद्ध के माध्यम से छीनी भी जा सकती है। इसी तरह, युद्ध तो हमेशा होता ही रहेगा और विनाश कायम रहेगा। ऐसे में अगर कूटनीति बनाते समय चंचल मन को गंभीरता प्रदान की जाए, तो युद्ध और विनाश को हमेशा के लिए रोका जा सकता है। यह भी तय है कि युवा पीढ़ी के साथ ही किसी भी देश के आम निवासी हमेशा युद्ध के खिलाफ ही हैं और मानवहित के लक्ष्यों को पूरा करने में भी यही युद्ध बाधक बनते हैं। बल्कि सच यह है कि युद्ध युवा पीढ़ी को गलत राह की ओर धकेलते हैं और ऐसे में युवा पीढ़ी अपने लक्ष्यों से भटक भी जाती है। आवश्यकता इस बात की है कि किसी भी प्रकार के निर्णय को लागू करने से पूर्व उसे मानवीय दृष्टिकोण के तराजू पर तौला जाए और फिर लक्ष्य निर्धारित किए जाएं।




## आतंक को शह

पाकिस्तान की आतंकवाद को लेकर गंभीरता भी विचित्र है। जिस मसूद अजहर को दुनिया वर्षों से आतंकी सरगना के रूप में पहचानती है, उसी पर पाकिस्तान ने इनाम राशि बढ़ा कर 70 लाख रुपए कर दी। मानो कोई बड़ा अपराधी पकड़ा नहीं जा रहा, बल्कि सरकारी लाटरी की राशि बढ़ाई जा रही हो। सवाल यह है कि जिस व्यक्ति का संगठन 'जैश-ए-मोहम्मद' आतंकवाद की दुनिया में कुख्यात है, उसे पकड़ने के लिए पाकिस्तान को इनाम बढ़ाने की जरूरत क्यों पड़ी? संयुक्त राष्ट्र अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर चुका है और 'जैश-ए-मोहम्मद' भी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के दायरे में है। इसके बावजूद पाकिस्तान कभी कहता है कि अजहर अफगानिस्तान में छिपा है। कभी उसकी तलाश का ढिंढोरा पीटता है और अब उस पर इनाम बढ़ा कर दुनिया को बताना चाहता है कि देखिए, हम तो आतंकवाद के खिलाफ कितने गंभीर हैं। सवाल केवल इतना है कि दुनिया इस अभिनय पर तालियां बजाए या पर्दा उठा कर असली पटकथा देखे! पाकिस्तान की नई आतंकी सूची भी इसी पटकथा का हिस्सा दिखाई देती है। सूची में कई ऐसे नाम शामिल हैं, जिनका संबंध भारत में हुए आतंकी हमलों से जुड़ा रहा है।

*- विभूति बुपक्या, दिल्ली*

## नाकामी का सिरा

'हिंसा की पीड़ा' (संपादकीय, 19 सितंबर) पढ़ा। अफसोस की बात है कि माणिपुर के लोग लंबे समय से नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं। राज्य के नागरिकों को शासन और प्रशासन से उम्मीद है कि वह जल्द ही पुनर्वास एवं शांतिपूर्ण जीवनयापन के लिए उचित कदम उठाएगी। एक तरफ राहत शिविरों की डरावनी पीड़ा भरी हकीकत है, तो दूसरी तरफ उग्र हिंसक हो रही गतिविधियां बेचैन कर रही हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे। लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। पल-पल मौत की अनिश्चितता के बीच जीना कितना डरावना लगता होगा। शासन हिंसक गतिविधियों को रोक पाने में तो असफल है ही, राहत शिविरों को भी ठीक से नहीं संभाल पा रहा है। विडंबना है कि राज्य के शासक ठोस कदम उठाने में नाकाम रहे हैं। यदि ईमानदारी से कार्य किया जाएं, तो संवाद से समाधान संभव है और इसके लिए कोई रास्ता निकाला जाना चाहिए। मणिपुर के आम नागरिक मौजूदा त्रासदी से किसी भी तरह छुटकारा चाहते हैं।

*- हुकुम सिंह पंवार, इंदौर*

## उपभोक्ता पर बोझ

भारत में डिजिटल क्रांति का पर्याय बन चुका यूपीआइ अब नए वित्तीय बदलाव की ओर है। दो हजार रुपए से अधिक के व्यापारिक लेन-देन पर 0.4 फीसद सेवा शुल्क लगाने का फैसला नीतिगत स्तर पर भले ही बैंकों और 'फिनटेक कंपनियों' को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया गया हो, लेकिन व्यावहारिक रूप से इसके परिणाम सुखद नहीं दिखते। कहा गया है कि इसका सीधा बोझ व्यापारियों पर पड़ेगा और ग्राहकों को कुछ नहीं देना होगा, लेकिन बाजार के चरित्र और अर्थशास्त्र के बुनियादी नियमों को समझने वाला कोई भी व्यक्ति इस दिलासे से आश्वस्त नहीं हो सकता। व्यापार जगत का पुराना नियम रहा है कि मुनाफे का हिस्सा कम होने पर उसका हर्जाना उपभोक्ता को ही भुगतना पड़ता है। भले ही नियम कारोबारियों को यह शुल्क सीधे ग्राहकों से वसूलने की इजाजत नहीं देता, लेकिन बड़े शोरूम और खुदरा विक्रेता भरपाई के लिए परोक्ष रूप से वस्तुओं और सेवाओं के दाम बढ़ा देंगे।

*- सूर्यदीप कुशवाहा, वाराणसी*

## एआइ के जोखिम

एक समय था जब दुनिया में अमेरिका और सोवियत संघ के बीच शीत युद्ध चल रहा था। उस समय दोनों देश सीधे युद्ध करने के बजाय हथियार, अंतरिक्ष और तकनीक के क्षेत्र में एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश करते थे। आज समय बदल गया है और प्रतिस्पर्धा का एक नया क्षेत्र सामने आया है कृत्रिम मेधा। पढ़ाई, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, साइबर सुरक्षा और यहां तक कि रक्षा के क्षेत्र में भी इसका इस्तेमाल बढ़ रहा है। इसी वजह से दुनिया के बड़े देश एआइ में आगे निकलने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका और चीन के बीच एआइ को लेकर प्रतिस्पर्धा सबसे ज्यादा चर्चा में है। अब एआइ केवल एक तकनीक नहीं है, बल्कि इसे भविष्य की आर्थिक और रणनीतिक ताकत के रूप में भी देखा जा रहा है। मगर एआइ की यह दौड़ अपने साथ कुछ चिंताएं भी लेकर आई है। उनका समाधान भी जरूरी है।

*- अंकज कुमार राय, दरभंगा*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदर्शित होंगी दुनिया भर से चावल की 200 किस्में

भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन में दुनिया भर से व्यावसायिक महत्व वाली चावल की लगभग 200 किस्मों को प्रदर्शित किया जा रहा है। अपनी तरह का यह पहला वैश्विक संग्रह अगले महीने नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इससे अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को एक ही स्थान पर विभिन्न किस्मों के चावल की तुलना करने और संभावित आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करने में मदद मिलेगी। आयोजकों ने बताया कि 23 से 25 अक्तूबर तक भारत मंडपम में प्रदर्शित किए जाने वाले इस वैश्विक चावल संग्रह में इटली के आर्बोरियो, थाईलैंड के जैस्मीन व ग्लूटीनस आरडी6 और जापान के सुशी चावल से लेकर भारत के बासमती, सुगंधित पारंपरिक अनाज, काले तथा लाल चावल और क्षेत्रीय विशिष्ट किस्में शामिल होंगी। इस प्रदर्शनी का मकसद चावल को केवल एक व्यापारिक जिंस के रूप में ही नहीं, बल्कि भूगोल, जैव विविधता, खान-पान की परंपराओं और खेती के तौर-तरीकों से जुड़े उत्पाद के रूप में पेश करना है। *(ए)*

# हिमनद झीलों के फटने से पहले मिलेगी चेतावनी, सेंसर तैयार

राकेश शर्मा

नेपाल में आई हिमनद फटने व बाढ़ त्रासदी जैसी दुर्घटना को भारत में होने से रोक सकेंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के केंद्र राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) ने अध्ययन कर हिमनद झील के फटने का अनुमान लगाने का विकल्प तैयार कर लिया है। इसकी मदद से हिमनद झील के फटने, उससे प्रभावित होने वाले क्षेत्र को लेकर समय पर उचित निर्णय लिया जा सकेगा।

दिल्ली में जल मंत्रालय द्वारा आयोजित 9वें भारत अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह-2026 में एनआरएससी ने हिमनद झील विस्फोट से उत्पन्न बाढ़ की निगरानी और जोखिम मूल्यांकन को लेकर अध्ययन प्रस्तुत किया। अध्ययन के अनुसार हिमनद झीलों की संख्या करीब 28043 है और इनका आकार 0.25 हेक्टेयर है या इससे अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु में तेजी से हो रहे बदलाव के कारण हिमालयी क्षेत्र में हिमनद के पिघलने से हिमनद झीलों का आकार बढ़ रहा है। इस झीलों से होने वाले बाढ़ के खतरे की निगरानी के लिए उपग्रह आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

वैज्ञानिक वर्ष 2015 से 2026 तक के आंकड़ों का अध्ययन कर झीलों के आकार, जल क्षेत्र और आसपास के भू-भाग में होने वाले बदलावों का समय-शृंखला विश्लेषण कर रहे हैं। अध्ययन में हिमनद झील के आसपास मौजूद ऊंचाई और प्राकृतिक सीमाओं को चिह्नित किया गया है। यदि झील का जलस्तर निर्धारित सीमा को पार करता है और प्राकृतिक अवरोध टूटता है तो नीचे के क्षेत्रों में अचानक पानी पहुंचने की आशंका बढ़ सकती है। इसके आधार पर बाढ़ की गहराई, पानी के बहाव की गति, संभावित जोखिम क्षेत्र और बाढ़ की लहर के पहुंचने के समय से संबंधित मानचित्र तैयार किए जा रहे हैं। इन मानचित्रों का इस्तेमाल संभावित प्रभावित क्षेत्रों की पहचान और आपदा प्रबंधन की योजना बनाने में किया जा सकता है।



*दिल्ली* में जल मंत्रालय द्वारा आयोजित 9वें भारत अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह-2026 में एनआरएससी ने हिमनद झील विस्फोट से उत्पन्न बाढ़ की निगरानी और जोखिम मूल्यांकन को लेकर अध्ययन प्रस्तुत किया। अध्ययन के अनुसार हिमनद झीलों की संख्या करीब 28043 है और इनका आकार 0 .25 हेक्टेयर है या इससे अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु में तेजी से हो रहे बदलाव के कारण हिमालयी क्षेत्र में हिमनद के पिघलने से हिमनद झीलों का आकार बढ़ रहा है।

### निचले क्षेत्र को तत्काल सूचना दी जा सकेगी

*विशेषज्ञों* का कहना है कि इन अनुमान की मदद से प्रस्तावित चेतावनी प्रणाली में ऊपरी, मध्य और निचले क्षेत्रों में निगरानी केंद्रों की परिकल्पना की गई है। ऊपरी क्षेत्र में झील के टूटने का संकेत मिलने पर निचले क्षेत्र को तत्काल सूचना दी जा सकेगी। इस क्षेत्र में तार आधारित सेंसर लगाने की व्यवस्था की गई है। यह हिमनद झील के टूटने या प्रभावित होने की सूचना तुरंत दे सकेगा। ऐसी स्थिति में प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए कम से कम 10 से 15 मिनट का समय मिलने का अनुमान है। ऐसी दुर्घटनाओं में अक्सर पानी का बहाव काफी तेज होता है। इसमें बचने का समय भी नहीं रहता। नेपाल की त्रासदी का बड़ा कारण भी यही रहा।

**उपलब्धि**

विशेषज्ञों का कहना है कि इन अनुमान की मदद से प्रस्तावित चेतावनी प्रणाली में ऊपरी, मध्य और निचले क्षेत्रों में निगरानी केंद्रों की परिकल्पना की गई है। ऊपरी क्षेत्र में झील के टूटने का संकेत मिलने पर निचले क्षेत्र को तत्काल सूचना दी जा सकेगी। इस क्षेत्र में तार आधारित सेंसर लगाने की व्यवस्था की गई है। यह हिमनद झील के टूटने या प्रभावित होने की सूचना तुरंत दे सकेगा। ऐसी स्थिति में प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए कम से कम 10 से 15 मिनट का समय मिलने का अनुमान है। ऐसी दुर्घटनाओं में अक्सर पानी का बहाव काफी तेज होता है। इसमें बचने का समय भी नहीं रहता। नेपाल की त्रासदी का बड़ा कारण भी यही रहा।

विशेषज्ञों का कहना है कि भविष्य की चेतावनी प्रणाली के लिए एक यह ऐसे उपकरण की योजना होगी तो समय पर बचाव व राहत कार्य को प्रभावी व मजबूत बना सकेंगा। प्रस्तावित व्यवस्था में पानी की बाढ़ की लहर निर्धारित बिंदु को पार करते ही संकेत स्वचालित रूप से जमीन पर मौजूद नियंत्रण केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा सकती है। इसके बाद पहले से तैयार बाढ़ और जोखिम क्षेत्र के मानचित्र के आधार पर प्रभावित क्षेत्र में निकासी की प्रक्रिया शुरू करने में मदद मिल सकती है।

# राजमार्ग पर पीएम गति शक्ति से होगी आवारा पशुओं की निगरानी

पंकज रोहिला

राजमार्ग पर आवारा पशुओं की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र सरकार अब राज्य सरकारों की मदद करेगी। केंद्र सरकार ने हादसों में कमी लाने के लिए यह निर्णय लिया है। जानवरों की वजह से होने वाली इन सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी केंद्रीय एजंसियों के पास उपलब्ध रहे, इसके लिए सभी राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों को पीएम गति शक्ति पोर्टल पर ऐसे स्थानों की जानकारी उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। इस पहल से अब इस स्थिति पर केंद्रीय एजंसियों की नजर रहेगी और राज्य व स्थानीय निकायों की मदद से इसका निपटारा किया जा सकेगा। केंद्र सरकार की ओर से इस पहल के लिए देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को लिखित आदेश जारी किए हैं।

आदेशों में कहा गया है कि राजमार्ग पर ऐसे स्थानों की पहचान की जाए, जहां पर अक्सर आवारा पशु पाए जाते हैं और इन जगह को पीएम गति शक्ति पोर्टल पर चिन्हित किया जाए। बाद में जो भी पशु मौके पर पकड़े जाएंगे, उन पशुओं को गोशालाओं तक पहुंचाना होगा और राजमार्ग एजंसियां प्रति पशु की दर से इस कार्य का भुगतान करेंगी। विवादों का निपटारा करने के लिए यह भी कहा गया है कि राजमार्ग से आवारा पशुओं को हटाने का काम स्थानीय निकाय या राज्य सरकार का होगा। इन पशुओं को हटाने पर आने वाले खर्च की जिम्मेदारी राजमार्ग एजंसी के माध्यम से वहन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित सरकार या निकाय इस कार्य के लिए एक विशेष कार्य बल गठित करेंगी और इस बल की जानकारी राजमार्ग एजंसियों को भी उपलब्ध कराएंगी ताकि तालमेल स्थापित किया जा सके।

राज्यों की ओर से सामने आने वाले इन स्थानों के लिए चौबीस घंटे के लिए निगरानी होगी और इन जगहों पर जहां भी अत्याधुनिक तकनीक (एडवांस सर्विलांस सिस्टम) उपलब्ध है, उसकी मदद ली जाएगी। ऐसे जो भी हाट स्पाट चिहिन्त किए जाएंगे। उन जगहों की फिल्ड अधिकारी समीक्षा करेंगे। जिसमें सामान्यतौर पर मौके पर जानवरों के पहुंचने का समय व जगह की जानकारी होगी। हाट स्पाट वाली जगहों पर जीपीएस आधारित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी का तंत्र स्थापित किया जाएगा। ऐसी जगहों के मामले में संबंधित अधिकारी की जवाबदेही होगी और हर छः माह में इस व्यवस्था की समीक्षा करना भी अनिवार्य होगा। इस मामले में संसदीय समिति की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार हरकत में आई थी और इसके लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने का फैसला लिया गया था।



*ज्ञात* हो कि केंद्र सरकार ने योजनाओं में विभिन्न एजंसियों के बीच तालमेल स्थापित करने के लिए गति शक्ति पोर्टल की शुरुआत की थी। इस पोर्टल से भारत सरकार के 16 मंत्रालय व अन्य विभागों के अधिकारी शामिल है। यह पोर्टल विकास परियोजनाओं की निगरानी के लिए 2021 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य बुनियादी ढांचे के विकास को गति देना है ताकि बार- बार योजनाओं में होने वाली देरी की वजह से सरकारी एजंसियों पर बढ़ने वाले वित्तीय नुकसान को कम किया जा सके।

**तकनीक**

# कारोबारी सुगमता में भारत फिसला, दूसरे से चौथे पायदान पर आया

जनसत्ता ब्यूरो

भारत की जीडीपी रफ्तार बेशक विश्व में सबसे मजबूत हो, लेकिन कारोबारी सुगमता में काफी पीछे है। देश में कारोबार के लिए बेहतर माहौल बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं, इसके बावजूद विश्व आर्थिक मंच के सर्वेक्षण में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर भारत का आर्थिक वृद्धि परिदृश्य सबसे मजबूत बना हुआ है, लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए अनुकूल कारोबारी माहौल के मामले में देश फिसलकर चौथे पायदान पर आ गया है। इस साल मई में प्रकाशित पिछली तिमाही के 'मुख्य अर्थशास्त्री परिदृश्य' में कारोबारी सुगमता के लिहाज से भारत दूसरे स्थान पर था।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। ताजा सर्वेक्षण में पाया गया कि अधिकांश (56 फीसद) मुख्य अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि वैश्विक परिदृश्य स्थिर रहेगा या इसमें सुधार होगा। यह मई की तुलना में एक बड़ा सुधार है, जब 89 फीसद अर्थशास्त्रियों ने आर्थिक स्थितियों के और कमजोर होने की आशंका जताई थी। हालांकि, इस सुधार के बीच इस बात को लेकर भरोसा सीमित है कि यह स्थिरता आगे भी बनी रहेगी या नहीं।

डब्ल्यूईएफ ने कहा कि लगभग सभी उत्तरदाताओं (97 फीसद) ने अगले एक साल के दौरान भू-राजनीतिक संघर्षों को अनिश्चितता का संभावित स्रोत बताया, 58 फीसद ने परिसंपत्ति की कीमतों में गिरावट की आशंका जताई, और केवल एक-चौथाई को ही उम्मीद है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अधिक जुझारू बनेगी।

भारत के संदर्भ में रिपोर्ट में कहा गया कि सर्वेक्षण में शामिल सभी भौगोलिक क्षेत्रों में देश का वृद्धि परिदृश्य लगातार सबसे मजबूत बना हुआ है। दुनिया भर के जिन मुख्य अर्थशास्त्रियों का सर्वेक्षण किया गया, उनमें से 98 फीसद ने अगले 12 महीनों में भारत में मध्यम या उससे अधिक मजबूत वृद्धि की उम्मीद जताई। इसमें 74 फीसद ऐसे थे जिन्होंने मजबूत या बेहद मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाया, जबकि मई में ऐसा मानने वाले 52 फीसद थे। रिपोर्ट में कहा गया, 'घरेलू मांग में मजबूती से वृद्धि को समर्थन मिलते रहने की उम्मीद है, हालांकि ऊर्जा की ऊंची कीमतें दबाव बनाए हुए हैं।' रिपोर्ट के अनुसार बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए अनुकूल कारोबारी माहौल के मामले में अमेरिका शीर्ष पर है, जिसके बाद दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोप का स्थान आता है।



*विश्व* आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। ताजा सर्वेक्षण में पाया गया कि अधिकांश (56 फीसद) मुख्य अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि वैश्विक परिदृश्य स्थिर रहेगा या इसमें सुधार होगा। यह मई की तुलना में एक बड़ा सुधार है, जब 89 फीसद अर्थशास्त्रियों ने आर्थिक स्थितियों के और कमजोर होने की आशंका जताई थी। हालांकि, इस सुधार के बीच इस बात को लेकर भरोसा सीमित है कि यह स्थिरता आगे भी बनी रहेगी या नहीं।

**सर्वेक्षण**

**तैयारी**



पश्चिम बंगाल के बीरभूम में एक पंडाल में मां दुर्गा की मूर्ति तैयार करता कलाकार।

# चालीस दिन बाद भी मानसून सत्र का समापन नहीं

जनसत्ता ब्यूरो

संसद के दोनों सदनों को स्थगित किए जाने के 40 दिन बाद भी मानसून सत्र का औपचारिक रूप से समापन नहीं हुआ है और इसने इन अटकलों को हवा दी है कि सरकार नया सत्र बुलाए बिना कोई महत्वपूर्ण विधेयक लाना चाहती है। लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचारी ने मंगलवार को कहा कि दोनों सदनों का 40 दिन तक सत्रावसान नहीं होना एक नया रिकार्ड है। उन्होंने कहा कि 2015 में संसद के दोनों सदनों का 28 दिन बाद सत्रावसान किया गया था। उस समय सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून पर आम सहमति बनाने की कोशिश कर रही थी।

ऐसी अटकलें हैं कि सरकार महिला आरक्षण कानून में संशोधन का प्रस्ताव फिर से लाने की योजना बना रही है ताकि इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू किया जा सके। बजट सत्र के दौरान इस संबंध में पिछला प्रयास पर्याप्त संख्या बल नहीं होने के कारण सफल नहीं हो पाया था। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होने की स्थिति में लोकसभा में प्रतिनिधित्व घटने को लेकर खासकर दक्षिणी राज्यों के विपक्षी दलों की चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सीट की संख्या में समान रूप से 50 फीसद वृद्धि का प्रस्ताव कर रही है। लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों की बैठक 13 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी। आमतौर पर इसके अगले तीन से चार दिन के भीतर सत्रावसान की अधिसूचना जारी कर दी जाती है जिससे सत्र का औपचारिक समापन हो जाता है।

हालांकि, इस बार मंगलवार सुबह तक सत्रावसान की अधिसूचना जारी नहीं की गई। बजट सत्र 18 अप्रैल को समाप्त हुआ था और 20 अप्रैल को उसका सत्रावसान किया गया था। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति संसद का सत्र बुलाते हैं और उसका सत्रावसान करते हैं। संसद का शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के अंतिम सप्ताह में शुरू होता है और क्रिसमस से पहले समाप्त हो जाता है।

**रिकार्ड**

# पांच राज्यों में 'स्वामित्व' बनाम पुराने भूमि रिकार्ड तंत्र पर शुरू होगा अध्ययन

सुशील राघव

केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने ग्रामीण संपत्ति अधिकारों पर एक तुलनात्मक अध्ययन की रूपरेखा तैयार की है और यह अध्ययन इसी महीने शुरू हो जाएगा। पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम और मिजोरम में होने वाले इस अध्ययन में 'स्वामित्व' योजना को पुराने भूमि रिकार्ड तंत्र के बरक्स परखा जाएगा। बिहार और पश्चिम बंगाल में स्वामित्व लागू नहीं है और वहां पर पुराने भूमि रिकार्ड तंत्र से ही काम हो रहा है। वहीं, उत्तर प्रदेश, असम और मिजोरम में स्वामित्व लागू है। मंत्रालय ने यह कदम ग्रामीण विकास और पंचायती राज की संसदीय स्थायी समिति की सिफारिश के बाद उठाया है।

ग्रामीण विकास और पंचायती राज की संसदीय स्थायी समिति ने पाया कि बिहार और पश्चिम बंगाल सहित कुछ राज्यों ने इस आधार पर स्वामित्व योजना को लागू नहीं किया है कि वहां पहले से ही भूमि अधिकार अभिलेख की व्यवस्था मौजूद है। मौखिक साक्ष्य के दौरान समिति ने चिंता जताई कि केवल पुराने भूमि अभिलेखों की मौजूदगी से यह सुनिश्चित नहीं होता कि उनमें भौगोलिक सटीकता, डिजिटल सत्यापन, संपत्ति कार्ड के आधार पर स्पष्टता या आधुनिक स्थानिक आंकड़ों के साथ एकीकरण जैसी सुविधाएं भी मौजूद हों। समिति को सुझाव दिया गया कि इन राज्यों की भूमि अभिलेख प्रणालियों का एक व्यवस्थित तुलनात्मक आकलन किया जाना चाहिए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे स्वामित्व के मानकों की तुलना में समान, बेहतर या कमजोर हैं। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि तुलनात्मक अध्ययन में देखा जाएगा कि संपत्ति रिकार्ड कितने मान्य और उपयोगी हैं, पुराने रिकार्ड के साथ नए डिजिटल रिकार्ड का मेल कैसे हो रहा है, विवाद निवारण तंत्र कितना असरदार है और सामुदायिक स्वामित्व वाले ढांचे किस तरह काम कर रहे हैं। यह तुलनात्मक अध्ययन आधुनिक सुधारों और पुराने भूमि रिकार्ड तंत्रों के बीच अंतर को सामने लाएगा और आगे की नीति सुधारों के लिए ठोस आधार प्रदान करेगा। अधिकारी ने बताया कि अध्ययन की शर्तें तय हो चुकी हैं और यह अध्ययन इसी महीने शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अगले वित्त वर्ष में इसकी रिपोर्ट आएगी। उस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना से ग्रामीण संपत्ति मालिकों को संस्थागत ऋण तक पहुंच और विवादों में कमी का लाभ मिला है।

स्वामित्व योजना 24 अप्रैल, 2020 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर शुरू की गई थी। यह योजना ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति का कानूनी रूप से मान्य रिकार्ड तैयार करने के लिए ड्रोन और जियो? स्पेशियल तकनीक का इस्तेमाल करती है।

बीस सितंबर तक 3.30 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुके है और 2.04 लाख गांवों के लिए 3.31 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार किए गए हैं। हरियाणा, उत्तराखंड, ओड़ीशा, पुदुचेरी, गोवा, त्रिपुरा, दादरा?नगर हवेली और दमन? दीव, लक्षद्वीप और अंडमान? निकोबार द्वीप समूह में यह योजना पूरी तरह लागू हो चुकी है।



**तैयारी**

*संसदीय* स्थायी समिति का मानना है कि राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे निवेश और ग्रामीण संपत्ति प्रशासन की दीर्घकालिक नीतिगत अहमियत को देखते हुए बड़े राज्यों का इस योजना से अलग रहना केवल प्रशासनिक पत्राचार के आधार पर तय नहीं होना चाहिए। नीतिगत विश्वसनीयता और सहकारी संघवाद के लिए तथ्यों और प्रमाणों पर आधारित मूल्यांकन जरूरी है। समिति ने कहा कि तुलनात्मक अध्ययन में स्वामित्व व्यवस्था के अहम फायदे सामने आते हैं, तो मंत्रालय को संबंधित राज्यों के साथ तकनीकी स्तर पर संवाद शुरू करना चाहिए, ताकि दोनों प्रणालियों में सामंजस्य स्थापित किया जा सके। साथ ही, यदि स्वामित्व से अलग रहने वाले राज्यों की भूमि अभिलेख प्रणालियों में कोई नई और उपयोगी व्यवस्था या बेहतर तरीका मिलता है, तो उसे राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों में शामिल करने की संभावना भी देखी जानी चाहिए। इसके अलावा समिति ने बिहार, पश्चिम बंगाल और उन पूर्वोत्तर राज्यों, जहां भूमि का सामुदायिक स्वामित्व है, वहां भूमि व्यवस्था का संरचित तुलनात्मक अध्ययन करने की भी सिफारिश की है।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# क्रिकेट में स्वर्ण

देश की राजधानी दिल्ली से लेकर बिहार के जमुई तक जब लड़कियों की आजादी को रौंदने वाली घटनाओं की मर्मांतक खबरें सिहरन पैदा कर रही थीं, ठीक उन्हीं पलों में जापान के कारोगी स्पोर्ट्स पार्क में भारतीय बेटियां हमें यह भरोसा सौंप रही थीं कि हमें आजादी और समान अवसर दीजिए, हम देश का सिर फख्र से ऊंचा करेंगे। एशियन गेम्स 2026 के महिला क्रिकेट फाइनल में श्रीलंका पर रिकॉर्ड रनों से जीत हासिल करने वाली यह टीम वाकई सराहना की हकदार है। एशियन गेम्स में हमारी महिला क्रिकेटरों ने यह कारनामा लगातार दूसरी बार अंजाम दिया है। इससे जाहिर होता है कि टीम के प्रदर्शन में निरंतरता बनी हुई है। सचिन तेंदुलकर ने उनकी इस विजय की सटीक व्याख्या की है, 'टीम गेम की यही खासियत है। अलग-अलग खिलाड़ी, अलग-अलग पलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं और एक शानदार नतीजा टीम की झोली में होता है।' इस मैच की शुरुआती पारी में शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की 99 रनों की पार्टनरशिप ने भारतीय पारी की चट्टानी नींव रखी और फिर 22 गेंदों पर 49 रनों की ऋचा घोष की आतिशी बल्लेबाजी ने 216 रनों का एक विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसका दबाव श्रीलंकाई बल्लेबाज झेल न सकीं और वे शैफाली, दीप्ति, श्रेयांका और श्री चरणी की शिकार बनती गईं। महज 69 रन पर श्रीलंकाई टीम ढेर हो गई।

**एशियन गेम्स में महिला क्रिकेटरों ने यह कारनामा लगातार दूसरी बार अंजाम दिया है। इससे जाहिर होता है कि टीम के प्रदर्शन में निरंतरता बनी हुई है।**

भारतीय महिला क्रिकेट का इतिहास नया नहीं है। आज से लगभग पांच दशक पहले भारतीय बेटियों ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच वेस्ट इंडीज के खिलाफ खेला था, मगर साल 2006 में 'विमेन्स क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (डब्ल्यूसीएआई) के बीसीसीआई में विलय होने तक उनके खेल को आम दर्शकों में बहुत लोकप्रियता हासिल नहीं हुई थी। यह मानने में कोई गुरेज नहीं कि बीसीसीआई के पेशेवर अंदाज ने महिला क्रिकेट का कायाकल्प किया है और आज स्थिति यह है कि न सिर्फ मैच फीस के मामले में महिला खिलाड़ी अपने पुरुष समकक्षों की बराबरी कर रही हैं, बल्कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में उन्हें जितने धन मिलने लगे हैं, उतने पाकिस्तान-बांग्लादेश के दिग्गज पुरुष क्रिकेटरों को भी नसीब नहीं होता। महिला क्रिकेटरों को अब काफी स्पॉन्सरशिप मिलने लगी है, जो उसकी लोकप्रियता की मुनादी ही है। इससे जुड़े कई नाम अब मध्यवर्गीय घरों के लिए अनजान नहीं रहे।

पिछले एक-डेढ़ दशक में देश के भीतर एक नई खेल-संस्कृति विकसित हुई है और इसमें सरकार की अहम भूमिका है। नतीजतन, युवाओं का एक बड़ा वर्ग अब खेल को करियर विकल्प के रूप में देखने लगा और इसका फायदा लड़कियों को भी हुआ है। ओलंपिक खेलों में पदकों का बढ़ती संख्या या दूर-दराज के इलाकों से क्रिकेट, हॉकी और कबड्डी में नए-नए नामों का उभरना, इस बात की तस्दीक करता है कि खेलों को लेकर लोगों का नजरिया तेजी से बदल रहा है। हालांकि, ग्रामीण पृष्ठभूमि की लड़कियों के लिए अब भी काफी कठिनाइयां हैं। उन्हें, परिवार, समाज और समुदाय के स्तर पर अपने पुरुष समकक्षों के मुकाबले अधिक दुश्वारियां झेलनी पड़ती हैं। इसलिए उनकी कामयाबी अधिक जश्न के योग्य है। महिला क्रिकेट को अभी उस मुकाम का सफर तय करना है, जब हाशिये के इलाकों की प्रतिभाएं उसकी कामयाबी का हिस्सा बनें और वे अपने समाज-समुदाय की सोच को बदल पाएं। आज इन बेटियों का स्वागत कीजिए!

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 23 सितंबर, 1951

## साप्ताहिक हलचल

गत सप्ताह की सबसे महत्वपूर्ण घटना संसद में हिंदू कोड बिल के तृतीय वाचन का आरम्भ होना है। विधि मंत्री डा. अम्बेडकर की संसद में एक घोषणा के अनुसार, सरकार चालू अधिवेशन में हिन्दू कोड विधेयक के विवाह तथा तलाक सम्बन्धी भागों पर ही विचार कराना तथा उन्हें सम्भवतः "हिन्दू विवाह व तलाक बिल" के नाम से एक कानून के रूप में पास कराने का इरादा रखती है। इस व्यवस्था के अनुसार कोड बिल के शेष भागों पर, जिनका सम्बन्ध सम्पत्ति व पद के उत्तराधिकार से है, एक अलग विधेयक के रूप में बाद के अधिवेशन में विचार किया जाएगा।

सरकार के इस निश्चय पर संसद की महिला सदस्यों ने असन्तोष प्रकट किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से यह आश्वासन मांगा कि क्या यह दूसरा विधेयक फरवरी में या बाद में प्रस्तुत किया जाएगा? प्रधानमंत्री ने उत्तर दिया कि जहां तक सरकार का सम्बन्ध है, हम समूचे विधेयक के पक्ष में हैं। हमारी कठिनाई समय के सम्बन्ध में है। इसके यह अर्थ नहीं कि हम विधेयक के अन्य भागों को छोड़ रहे हैं। चालू अधिवेशन में उन पर विचार करने के लिए समय नहीं मिलेगा, परन्तु जब कभी समय मिलेगा, हम अन्य भागों को भी लेना चाहेंगे।

प्रधानमंत्री के इस आश्वासन से भी महिलाओं को सन्तोष नहीं मिला मालूम होता है। अनेक महिला संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल गत शुक्रवार को नेहरूजी से मिला और उसने हिन्दू कोड बिल को दो भागों में बांटे जाने का विरोध किया। शिष्टमण्डल ने प्रधानमंत्री से कोड के उत्तराधिकार सम्बन्धी भाग को शीघ्र पास कराने पर जोर दिया और कहा कि इस प्रश्न को सर्वाधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उसने यह भी कहा कि अगर उत्तराधिकार की धारा स्वीकृत नहीं की गई, तो स्त्रियों को उत्तराधिकार के वर्तमान कानूनों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, क्योंकि वे यह महसूस करती हैं कि वे संविधान के बुनियादी अधिकारों से असंगत हैं, जिसमें स्त्री व पुरुष को हर तरह से समान माना गया है। एक ओर जहां महिलाओं का शिक्षित वर्ग हिन्दू कोड को शीघ्रातिशीघ्र पास कराने के लिए इतना अधीर है, दूसरी ओर समाज का एक वर्ग कोड का कट्टर विरोध कर रहा है और उसके पास कराने में जितने भी रोड़े अटका सकता है, अटका रहा है।

# छात्र खुदकुशी पर हो गंभीर संवाद

**आत्महत्या की घटनाएं व्यक्तिगत बीमारी का नतीजा नहीं हैं, बल्कि इनके गहरे कारण हमारे सामाजिक ढांचे, अर्थव्यवस्था और संकटग्रस्त उच्च शिक्षा में छिपे हुए हैं।**



यहां स्कैन करें

हरिवंश चतुर्वेदी | महानिदेशक, आईआईएलएम

आईआईटी, मुंबई के बीटेक, द्वितीय वर्ष के छात्र साहिल वोकाडे की आत्महत्या ने एक बार फिर देश के उच्च शिक्षा जगत में गंभीर बहस छेड़ दी है। इससे पहले आईआईटी, दिल्ली और कानपुर में भी दो छात्रों ने खुदकुशी कर ली थी, जिससे यह सवाल उठने लगे हैं कि आखिर क्यों आईआईटी व केंद्रीय विश्वविद्यालयों जैसे उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थानों में, जहां हर प्रकार की सुविधाएं केंद्र सरकार द्वारा मुहैया की जाती हैं, छात्र खुदकुशी करने जैसे दुखद कदम उठाते हैं?

देश के विश्वविद्यालय और कॉलेज कैंपस में छात्रों द्वारा आत्महत्या की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है। पिछले तीन वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थानों में सालाना करीब 14 हजार आत्महत्याएं हुईं, जबकि वर्ष 2014-15 में यह संख्या आठ हजार से कम थी। जाहिर है, हमारी युवा पीढ़ी के मानसिक हालात ठीक नहीं हैं। अगर हमें देश को अगले 20 वर्षों में एक खुशहाल और विकसित राष्ट्र बनाना है, तो इस समस्या को जड़ से खत्म करना होगा। नौजवान पीढ़ी को जब हम देश के भविष्य का निर्माता समझते हैं, तो उन्हें मानसिक रूप से बुरे हालात में छोड़ नहीं सकते।

आईआईटी, मुंबई एक प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थान है, पर साहिल वोकाडे की आत्महत्या कोई पहली घटना नहीं है। पिछले दो दशक में यहां छात्रों की अस्वाभाविक मृत्यु के 171 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 120 तो पिछले दस वर्षों में ही हुए हैं। ये आंकड़े ग्लोबल आईआईटी एलुमनाई और मीडिया रिपोर्टों से मिले हैं। दुख की बात है कि युवाओं की खुदकुशी से कुछ दिनों तक तो मीडिया में सनसनी बनी रहती है, फिर हम भूल जाते हैं। ये इक्का-दुक्का या व्यक्तिगत बीमारी के फलस्वरूप होने वाली घटनाएं नहीं हैं, बल्कि इनके गहरे कारण हमारे सामाजिक ढांचे, अर्थव्यवस्था और संकटग्रस्त उच्च शिक्षा में छिपे हुए हैं।

देश के जाने-माने हैदराबाद विश्वविद्यालय में छात्र-आत्महत्या की एक दर्दनाक घटना 17 जनवरी, 2016 को घटी थी, जब शोध छात्र रोहित वेमुला ने हॉस्टल के कमरे में खुदकुशी कर ली थी। इस घटना पर भयंकर राजनीतिक बहस छिड़ी और फिर उन कारणों को भुला दिया गया, जिसने रोहित को ऐसा कदम उठाने को मजबूर किया था। उसने मरने से पहले एक नोट छोड़ा था, जिसमें लिखा था, एक इंसान की कीमत उसकी सामाजिक पहचान से लगाई जाती है और इसी कारण उसे यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा।



परिसरों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति पर होने वाली बहसों में अक्सर यह कह दिया जाता है कि छात्रों में विपरीत परिस्थितियों को सहने की ताकत होनी चाहिए, और अगर वे कठिनाइयों से घबराकर मौत चुनते हैं, तो यह सिर्फ उन्हीं का दोष है। यह नजरिया हमारे राष्ट्रीय चिंतन और चेतना में मानसिक बीमारियों के प्रति उपेक्षा और हल्केपन को दर्शाता है। आमतौर पर लोग यह सोचते हैं कि आत्महत्या का कारण व्यक्ति की अपनी मानसिक दुर्बलता है और इसके कोई सामाजिक या आर्थिक कारण नहीं हैं, लेकिन क्या हम यह मान लें कि हमारे संस्थानों में जातिगत और लैंगिक आधार पर भेदभाव नहीं होते? क्या हम यह भी नहीं मानेंगे कि परिसरों में विद्यार्थियों का एक बड़ा वर्ग आर्थिक तंगी का शिकार होता है और समय पर छात्रवृत्ति न मिलने के कारण भी वह आत्महत्या को चुनता है।

रोहित वेमुला की आत्महत्या पर देश भर में तीखी प्रतिक्रिया के बाद यूजीसी और एआईसीटीई द्वारा शिक्षण परिसरों में मानसिक रोगों की रोकथाम के लिए निर्देश जारी किए गए थे, जिनमें हर कैंपस में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उपाय सुझाए गए थे। हर कॉलेज और यूनिवर्सिटी कैंपस में प्रशिक्षित काउंसलर नियुक्त किए जाने का भी निर्देश दिया गया था, लेकिन क्या ये उपाय समुचित हैं? क्या कुछ गिने-चुने काउंसलर हजारों छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं? छात्रों की मानसिक परेशानियों को समय रहते पहचानने का काम उनके अपने साथी, शिक्षक और स्टाफ कर सकते हैं, परंतु उसके लिए उन सभी का प्रशिक्षित होना जरूरी होता है। क्या हमारे देश के तमाम विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में ऐसा प्रशिक्षण अभी तक हो पाया है?

छात्रों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 'अमृत कौर बनाम भारत संघ' मामले में मार्च 2025 में न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट की अध्यक्षता में एक नेशनल टास्क फोर्स गठित की थी, जिसे आत्महत्या के कारणों, मौजूदा कानूनों की समीक्षा और वर्तमान संस्थागत व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए आत्महत्या रोकने के ठोस उपाय बताने को कहा गया। इस टास्क फोर्स ने मानसिक स्वास्थ्य एवं शिक्षण परिसरों में आत्महत्या की प्रवृत्ति पर राष्ट्रीय स्तर पर एक सर्वेक्षण किया, जो पहले किसी ने नहीं किया था।

18 मई, 2026 को सुप्रीम कोर्ट को सौंपी गई अपनी अंतरिम रिपोर्ट में टास्क फोर्स ने बताया कि 16,732 उच्च शिक्षण संस्थानों के 12.88 लाख विद्यार्थियों, 1.6 लाख शिक्षकों और 2.26 लाख अभिभावकों के बीच सर्वेक्षण किया गया, जिससे पता चला कि आत्महत्या का कारण व्यक्तिगत मानसिक कमजोरी न होकर युवाओं पर बढ़ता आर्थिक, सामाजिक और संस्थागत दबाव है। 70 प्रतिशत संस्थाओं में पूर्णकालिक पेशेवर मानसिक रोग चिकित्सक नहीं हैं और सिर्फ चार प्रतिशत संस्थाओं में खुदकुशी को रोकने वाली कोई प्रबंध प्रणाली बनाई गई है।

टास्क फोर्स ने रिपोर्ट में यह भी कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी छात्रों में इन समस्याओं को झेल पाने की कम क्षमता होती है और वे हारकर पढ़ना-लिखना ही छोड़ देते हैं। टास्क फोर्स ने परिसरों में शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों के सभी रिक्त पदों को भरे जाने की सिफारिश भी की। माना यह भी गया कि आत्महत्या के मामलों की तुरंत सूचना संबंधित अधिकारियों को दी जानी चाहिए और हर विश्वविद्यालय व महाविद्यालय में चौबीस बाई सात मानसिक स्वास्थ्य संबंधी इलाज उपलब्ध होना चाहिए।

न्यायमूर्ति भट्ट के नेतृत्व वाली यह टास्क फोर्स कैंपस में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर अपनी अंतिम रिपोर्ट 31 अक्तूबर, 2026 तक पेश करेगी। देश को हर हालत में एक राष्ट्रीय संकल्प लेकर अपने छात्रों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति को समूल नष्ट करना होगा, क्योंकि इस मानवीय त्रासदी को रोके बिना एक खुशहाल समाज और एक विकसित राष्ट्र बनाने का हमारा सपना अधूरा ही रहेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# लहलहाते खेतों से ही दूर होगी पर्वतीय गांवों की वीरानगी



यहां स्कैन करें

चंद्रशेखर तिवारी | हिमालयी क्षेत्र के जानकार

पहाड़ में सिमटती खेती और पलायन की दर अब स्थानीय पारिस्थितिकी व सामाजिक जीवन-तंत्र को प्रभावित करने लगी हैं। चिंताजनक है कि पहाड़ में खेती का परंपरागत तंत्र, जिसने सदियों तक हिमालयी गांवों को जीवंत बनाए रखा, अब खत्म होने के कगार पर है। अथक परिश्रम के बूते छह-सात माह लायक आनाज पैदा करने वाले खेत वीरान होते जा रहे हैं। रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में ग्रामीण युवाओं के गांव छोड़कर जाने से कारण खेत अब जंगलों में बदल रहे हैं।

हालांकि, कुछ लोग आज भी खेती से जुड़े हुए हैं, लेकिन उनके सामने बंदर, जंगली सूअर और सेही जैसे वन्य-जीवों से अपनी फसलों को बचाने की चुनौती खड़ी है। ऐसे में, सवाल अब पहाड़ में खेती की उत्पादकता का नहीं रह गया है, अपितु अहम मुद्दा यह हो गया है कि पहाड़ी गांवों की जीवंतता और अर्थव्यवस्था कैसे बची रहेगी?

उत्तराखंड में पलायन की समस्या ने इस संकट को अधिक गहरा दिया है। राज्य के ग्रामीण विकास एवं पलायन आयोग ने अपनी रिपोर्ट में अनेक गांवों के निर्जन होने की बात कही है। आयोग के अध्ययन में 700 से भी अधिक गांवों के वीरान होने की स्थिति सामने आई थी। इस संख्या को मात्र प्रशासनिक नजरिये से नहीं देखा जा सकता। एक गांव से परिवार के बाहर जाने का अर्थ है, खेत की देखभाल के लिए श्रमिक इकाई का कम होना, पशुपालन का कमजोर पड़ना, सिंचाई व्यवस्था का टूटना और अंततः उस खेत का बंजर हो जाना।

**पहाड़ के बंजर खेतों को बचाने का समाधान काश्तकार को अतीत में लौटाने का नहीं, बल्कि उसे भविष्य की तरफ ले जाने में संभव होगा।**

हालांकि, पहाड़ी खेतों के बंजर पड़ने को केवल पलायन से जोड़कर देखना उचित नहीं होगा। छोटी-छोटी जोत और उनका बिखराव भी इसकी एक बड़ी वजह है। देश में सीमांत और छोटे किसानों की संख्या बहुत अधिक है। पर्वतीय राज्यों में यह स्थिति अधिक देखने को मिलती है, क्योंकि यहां के खेत मैदानों की तरह नहीं होते, वे बिखरे रहते हैं। इन सीढ़ीनुमा खेतों में बहुत अधिक मेहनत की आवश्यकता होती है। साथ ही उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने की लागत भी अधिक आती है।

इसी महत्वपूर्ण पक्ष के कारण पहाड़ की खेती के पुराने आर्थिक गुणा-भाग में बदलाव आ रहा है। जिस खेत से पहले एक परिवार को अनाज, चारा-पत्ती और गुजारा भर नकद आय हो जाती थी, वही खेत अब पर्याप्त आर्थिक प्रतिफल देने में असमर्थ हो रहा है। युवा रोजगार के लिए शहर निकल जाते हैं, तो गांव में बुजुर्ग पुरुष और महिलाएं रह जाती हैं। इस पर वन्य-जीवों द्वारा खेती को नुकसान पहुंचाना एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। ऐसे में, कई इलाकों में किसान ऐसी फसलें लगाने से बचने लगे हैं, जिनमें अधिक नुकसान की आशंका बनी रहती है। इसका असर स्थानीय कृषि विविधता पर पड़ रहा है।

पहाड़ी इलाकों में खेती को बचाने का सही रास्ता परंपरागत ढांचे में खड़ा करने के बजाय उसे आर्थिक रूप से व्यावहारिक बनाना हो सकता है। यदि मड़ुवा, झंगोरा, गहत, भट्ट, राजमा, चौलाई जैसे स्थानीय उत्पादों की बाजार में मांग बढ़ाई जाए, उनकी पैकिंग व आपूर्ति व्यवस्था गांव के आसपास हो और उन्हें प्रमुख ब्रांड के तौर पर बड़े बाजारों तक पहुंचाने के प्रयास हों, तो छोटी जोतें भी आय का साधन बन सकती हैं। उत्तराखंड में मोटे अनाजों (मिलेट्स) को लेकर बढ़ती अभिरुचि और हिमाचल की बागवानी अर्थव्यवस्था अच्छे अवसर के संकेत हैं। बाजार, परिवहन और प्रसंस्करण व्यवस्था का मजबूत नेटवर्क काश्तकारों की आय बढ़ा सकते हैं।

पहाड़ी खेती का भविष्य एकाकी फसल से सुरक्षित नहीं हो सकता। साथ में फल, सब्जी, मसाले, औषधीय व सुगंधित पौधे, मधुमक्खी पालन, मशरूम, दुग्ध उत्पादन और खाद्य प्रसंस्करण को एकीकृत करके बढ़ावा देना उपयुक्त होगा। छोटे काश्तकारों के लिए सहकारी संगठन कारगर भूमिकाएं निभाकर छोटी जोतों को आर्थिक संबल दे सकते हैं। वन्य-जीवों से होने वाले नुकसान के मामले में भी नीतिगत बदलाव जरूरी है। इसके लिए महज मुआवजा नहीं, फसल-सुरक्षा योजना, सौर ऊर्जा आधारित सामुदायिक बाड़ लगाने व सामूहिक निगरानी जैसी व्यवस्था विकसित करनी पड़ेगी।

पहाड़ के बंजर खेतों को बचाने का असल समाधान काश्तकार को अतीत में लौटाने का नहीं, बल्कि उसे भविष्य की तरफ ले जाने में संभव होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# सुख-दुख का अनुभव

यह प्रश्न रोचक है कि क्या इस जगत का सर्जन सुख-दुख के अनुभव के लिए किया गया है?

सर्जन अच्छा या बुरा नहीं है। वह जैसा है, वैसा है। मनुष्य का मन उस पर सब प्रकार के अर्थों का आरोप करता है, क्योंकि वह पदार्थों को अपनी संकुचित दृष्टि से देखता है और अपने ही स्वार्थ के अनुरूप उनको ढालना या बदलना चाहता है। स्त्री अपने आप में केवल स्त्री है, लेकिन एक मनुष्य उसे मां, दूसरा बहन, तीसरा ताई इत्यादि कहता है। मनुष्य स्त्री से राग, सांप का तिरस्कार और रास्ते के पास वाले पत्थरों एवं घास की उपेक्षा करता है। ये मूल्यांकन ही जगत् में सारे दुखों का कारण हैं। यह सृष्टि पीपल के पेड़ जैसी है। पक्षी उसके फल खाने के लिए या उसकी शाखाओं पर आश्रय पाने के लिए आते हैं, मनुष्य उसकी छाया में शीतलता प्राप्त करते हैं, लेकिन कुछ लोग उसी पर रस्सी बांधकर अपनी जान दे देते हैं। फिर भी वृक्ष अपना शांत जीवन जीना जारी रखता है। अपने विभिन्न उपयोगों के प्रति वह उदासीन एवं अनजान बना रहता है। यह तो मनुष्य का मन है, जो अपनी परेशानियां खुद उत्पन्न करता है और फिर सहायता के लिए चिल्लाता है।

तो क्या ईश्वर पक्षपाती है, जो एक मनुष्य को शांति और दूसरे को शोक देता है? सृष्टि में सबके लिए स्थान है, लेकिन मनुष्य अच्छे, स्वस्थ व सुंदर पदार्थों को देखकर भी अनदेखा कर देता है और उस भूखे आदमी की तरह फरियाद करता रहता है, जो स्वादिष्ट भोजन के पास बैठकर उसे खाने के बजाय विलाप करता रहता है। यह किसका दोष है, ईश्वर का या मनुष्य का? याद रखिए, व्यक्तित्व के लुप्त होने पर दुख मिट जाएगा। यदि अच्छे-बुरे, सब कर्म उसी के हैं, तो आप क्यों सोचते हैं कि सुख-दुख भोग सिर्फ आपका है? जो अच्छा या बुरा करता है, वह सुख या दुख भोगता है। इस बात को यहीं छोड़ दीजिए और अपने आप पर दुख का आरोप मत कीजिए।

अपना ही सत्य सबके हृदय में प्रकाशित हो रहा है और वह स्वयं विशुद्ध आनंद का सागर है। अतः आकाश की भ्रामक नीलता की तरह वस्तुतः दुख का अस्तित्व नहीं है, बल्कि कल्पना मात्र है। अपना सत्य ज्ञान-रूप

**यदि अच्छे-बुरे, सब कर्म उसी के हैं, तो आप क्यों सोचते हैं कि सुख-दुख भोग सिर्फ आपका है? जो अच्छा या बुरा करता है, वह सुख या दुख भोगता है। वस्तुतः दुख का अस्तित्व नहीं है।**

सूर्य है, वह भ्रम के अंधकार से अछूता रहता है तथा हमेशा सुख-रूप से प्रकाशित होता है। इस कारण दुख भ्रम के अलावा कुछ नहीं है, जो मिथ्या व्यक्तित्व के विचार से उत्पन्न होता है। वस्तुतः किसी ने दुख का ऐसे मिथ्या भ्रम के अलावा अन्य किसी रूप में कभी अनुभव नहीं किया है। यदि मनुष्य सुख-रूप अपनी आत्मा का विवेक करे, तो उसके जीवन में जरा भी दुख नहीं रहेगा। मनुष्य दुखी इस कारण होता है कि वह जो कभी आत्मा नहीं है, ऐसे शरीर को 'मैं' मानता है।

रमण महर्षि

गैरी कास्परोव | पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन



**यूक्रेन और यूरोप के खिलाफ रूसी जंग को खत्म करने का एकमात्र तरीका है, जीत के लिए कीव की मदद करना। इसके अलावा बाकी सब सिर्फ शोर-शराबा है, और यह बात सभी अच्छी तरह जानते हैं।**

# आयुर्वेद को विज्ञान पर खरा उतरना होगा

भारत 23 सितंबर को 11वां आयुर्वेद दिवस मना रहा है। इस वर्ष मुख्य आयोजन महाराष्ट्र के नागपुर में होगा और इसका विषय है- स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद। सच यही है कि किसी चिकित्सा पद्धति की सफलता केवल उसके उत्सव या सरकारी कार्यक्रमों से नहीं मापी जा सकती। मूल सवाल यह है कि जिस आयुर्वेद ने भारतीय समाज के स्वास्थ्य की सेवा हजारों वर्षों तक की, वह आधुनिक भारत में लोगों की पहली पसंद क्यों नहीं है? क्या आधुनिक चिकित्सा के तेज विकास ने आयुर्वेद को पीछे छोड़ दिया? क्या आयुर्वेद की उपेक्षा हुई या फिर आयुर्वेद स्वयं समय के साथ अपने ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक कसौटियों पर सिद्ध करने में पीछे रह गया? इन प्रश्नों पर भावनाओं से नहीं, तथ्यों और विवेक से विचार करने की जरूरत है।

आयुर्वेद किसी एक दिन, एक व्यक्ति या एक पुस्तक से पैदा हुई चिकित्सा-पद्धति नहीं है। यह भारतीय सभ्यता में विकसित हुई चिकित्सा-परंपराओं की लंबी यात्रा का परिणाम है। *चरक संहिता* ने चिकित्सा, रोग और औषधि-विज्ञान के अनेक पक्षों को व्यवस्थित किया, जबकि *सुश्रुत संहिता* शल्य चिकित्सा के प्राचीन भारतीय ज्ञान की महत्वपूर्ण साक्षी है। उस समय न आधुनिक अस्पताल थे, न जांच की आधुनिक सुविधाएं, फिर भी भारतीय चिकित्सकों ने शरीर, रोग, आहार, औषधीय वनस्पतियों और जीवन-चर्या के संबंध को समझने की कोशिश की। हालांकि, इतिहास में किसी ज्ञान-परंपरा का महत्व स्वीकार करना और उसके प्रत्येक उपचार को आज भी प्रभावी मान लेना दो अलग बातें हैं। यहीं से आयुर्वेद की आधुनिक परीक्षा शुरू होती है।

आधुनिक चिकित्सा की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक यही है कि उसने रोग के कारण, शरीर की जैविक प्रक्रियाओं और उपचार के परिणामों को परीक्षण के जरिये मापना शुरू किया। इसलिए आज आयुर्वेद से सवाल किया जाना उसकी परंपरा का अपमान नहीं है, बल्कि यह उस परंपरा को आधुनिक युग में विश्वसनीय बनाने की अनिवार्य प्रक्रिया है। आयुर्वेद के सामने सबसे कठिन प्रश्न शायद यही है कि क्या उसका हर दावा वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है? किस औषधि से किस बीमारी में कितना लाभ होता है? किस मात्रा में? कितने समय तक? इन सवालों के ईमानदार जवाब खोजने होंगे। जाहिर है, आयुर्वेद के पुनर्जागरण के लिए कुछ काम करने होंगे- वैज्ञानिक अनुसंधान, औषधियों की गुणवत्ता में एकरूपता, प्रशिक्षण में आधुनिक शोध-पद्धति को पर्याप्त स्थान आदि। यह समझना होगा कि आयुर्वेद को लोकप्रिय बनाने का सबसे मजबूत रास्ता विज्ञापन नहीं, विश्वसनीय प्रमाण है।

युगल किशोर राही, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

आयुर्वेद दिवस




# आधुनिक चिकित्सा को मिल रहा लाभ

आयुर्वेद केवल पारंपरिक उपचार-पद्धति नहीं, बल्कि भारत की एक स्थापित चिकित्सा प्रणाली है। *चरक संहिता, सुश्रुत संहिता* और *अष्टांग हृदयम्* जैसे ग्रंथों पर आधारित यह चिकित्सा-शास्त्र शरीर, मन और जीवन-शैली को एक समग्र इकाई मानकर उपचार करता है। आज भारत में आयुष मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और हजारों आयुष अस्पताल व मेडिकल कॉलेज इसके संगठित स्वरूप के प्रमाण हैं।

इलाज में आयुर्वेद की सबसे बड़ी सहूलियत यह है कि यह रोग की रोकथाम और दीर्घकालिक प्रबंधन पर विशेष बल देता है। मधुमेह, गठिया, मोटापा, अपच, तनाव और नींद संबंधी समस्याओं में आहार, दिनचर्या, योग व औषधियों का संयुक्त प्रयोग अनेक रोगियों के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ है। उदाहरण के लिए, पंचकर्म चिकित्सा का उपयोग कुछ रोगियों में दर्द और मांसपेशियों की जकड़न कम करने के सहायक उपचार के रूप में किया जाता है। इसी प्रकार, आयुर्वेदिक परामर्श में व्यक्ति की प्रकृति के अनुसार भोजन और जीवन-शैली में बदलाव सुझाए जाते हैं, जिससे बार-बार होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को नियंत्रित करने में सुविधा मिलती है। गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के दौरान भी आयुर्वेद की उपयोगिता पर व्यापक चर्चा हुई थी। आयुष मंत्रालय ने प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुष काढ़ा, गिलोय, अश्वगंधा और योग जैसी जीवन-शैली संबंधी सलाह जारी की थी। हालांकि, इनको कोरोना का प्रत्यक्ष उपचार नहीं माना गया, लेकिन रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में इनका उपयोग बड़ी संख्या में लोगों ने किया। इससे यह साफ हुआ कि आयुर्वेद आधुनिक चिकित्सा की पूरक प्रणाली के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी भारत में पारंपरिक चिकित्सा के महत्व को स्वीकार करते हुए गुजरात के जामनगर में 'ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन' की स्थापना की है। इसका उद्देश्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर वैज्ञानिक शोध और वैश्विक मानक विकसित करना है। यह पहल आयुर्वेद को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जाती है। हालांकि, यह भी उतना ही आवश्यक है कि आयुर्वेद का उपयोग वैज्ञानिक परीक्षण, प्रशिक्षित चिकित्सकों और उचित निदान के साथ हो। आपातकालीन स्थितियों- जैसे हार्ट अटैक, स्ट्रोक, गंभीर संक्रमण या दुर्घटना- में आधुनिक चिकित्सा अनिवार्य है। वहीं, दीर्घकालिक रोगों, जीवनशैली सुधार में आयुर्वेद प्रभावी सहायक सिद्ध हो सकता है। कुल मिलाकर यही कहना उचित होगा कि आयुर्वेद स्थापित चिकित्सा-शास्त्र है।

धर्मेंद्र कुमार, टिप्पणीकार

# मुश्किल दौर से गुजर रहे क्षेत्रीय दल

**जब राष्ट्रीय दल योजनाबद्ध ढंग से अपना वर्चस्व बढ़ाने में जुट जाएं, तब क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व पर खतरा मंडराना स्वाभाविक है। महाराष्ट्र में क्षेत्रीय दल शिवसेना, राकांपा के साथ जो हुआ था और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के साथ जो हुआ है, उससे कई सवाल खड़े हुए हैं। क्या क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व समाप्त होने जा रहा है? क्षेत्रीय दल कहां मजबूत और कहां कमजोर हैं? पेश है एक राजनीतिक विश्लेषण...**





संजय कुमार
प्रोफेसर, सीएसडीएस

हाल के दो राजनीतिक घटनाक्रमों ने भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय दलों की प्रासंगिकता और भविष्य पर विचार करने को मजबूर कर दिया है। पहला, 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में शक्तिशाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की हार और दूसरा, हाल के दिनों में कई क्षेत्रीय दलों में दलबदल की नई लहर। ऐसे में, यह सवाल भी उठ रहा है कि आने वाले दिनों में क्या क्षेत्रीय दल भारतीय राजनीति में, विशेष रूप से प्रस्तावित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' ढांचे के संदर्भ में, अपनी प्रासंगिकता बनाए रख पाएंगे?

पहली नजर में, ये घटनाक्रम इस धारणा को बल देते हैं कि क्षेत्रीय दले पतन की ओर बढ़ रहे हैं। वैसे, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस या दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार या दलीय टूट को क्षेत्रीय दलों के समग्र पतन का प्रमाण नहीं माना जाना चाहिए। पिछले पांच लोकसभा चुनावों के साथ-साथ राज्य विधानसभा चुनावों में भी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के मत प्रतिशत में कोई खास बदलाव नहीं आया है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि मत प्रतिशत शायद किसी राजनीतिक पार्टी के अंतर्निहित समर्थन आधार का सबसे अच्छा संकेतक है। हालांकि, 'फर्स्ट पास्ट द पोस्ट' अर्थात सर्वाधिक वोट लाकर जीतने की चुनावी प्रणाली के कारण पार्टियां चुनाव जीतने में सक्षम नहीं हो सकती हैं।

### बदलता राजनीतिक परिदृश्य

आज के राजनीतिक परिदृश्य की बात करें, तो भारतीय जनता पार्टी 11 राज्यों में अकेले सत्ता में है, जबकि कांग्रेस 3 राज्यों में सरकार चला रही है। क्षेत्रीय दल 4 राज्यों में स्वतंत्र रूप से शासन कर रहे हैं। 10 अन्य राज्यों में गठबंधन सरकारें चल रही हैं और इनमें से 4 राज्यों में क्षेत्रीय दल प्रमुख सहयोगी हैं, जबकि भाजपा सहायक भूमिका निभा रही है। ये राज्य आंध्र प्रदेश, मेघालय, नगालैंड और पुडुचेरी हैं। शेष 6 राज्यों में भाजपा क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन सरकार चला रही है, जिनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, गोवा, महाराष्ट्र, त्रिपुरा शामिल हैं।

इसके अलावा 3 राज्य ऐसे भी हैं, जहां कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन सरकार का हिस्सा है। झारखंड में कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की कनिष्ठ सहयोगी है, जबकि जम्मू और कश्मीर में कांग्रेस नेशनल कॉन्फ्रेंस की जूनियर सहयोगी है। केरल में कांग्रेस अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ मिलकर गठबंधन सरकार चला रही है।

लगभग ढाई दशक में क्षेत्रीय दलों द्वारा स्वतंत्र रूप से शासित राज्यों की यह सबसे कम संख्या है। गौर करने की बात है, साल 2015 से 2020 के बीच, क्षेत्रीय दलों ने किसी अन्य दल के समर्थन के बिना नौ राज्यों में स्वतंत्र रूप से शासन किया था। ये आंकड़े निश्चित रूप से इस धारणा को बल देते हैं कि क्षेत्रीय दल चुनावी और संगठनात्मक तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। हालांकि, भारत की फर्स्ट पास्ट द पोस्ट चुनावी प्रणाली अक्सर चुनावी जीत और हार को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करती है।

## क्षेत्रीय दलों की परेशानी

**1 सीमित दायरा और नीतियां**
क्षेत्रीय सोच या सीमित लक्ष्य रखते हुए क्षेत्रीय दल अपने को समेटने लगते हैं। द्रमुक की अपनी सीमा है, तो तृणमूल कांग्रेस का अपना दायरा। क्षेत्रीय दल अपनी नीतियों में समय के साथ बदलाव नहीं कर पा रहे हैं।

**2 नेतृत्व का संकट-परिवारवाद**
क्षेत्रीय दल नेतृत्व संकट से जूझते दिखाई पड़ते हैं। ज्यादातर क्षेत्रीय दलों में एक ही परिवार की दूसरी या तीसरी पीढ़ी के नेता नेतृत्व संभाल रहे हैं। ऐसी पार्टियों में संगठन और लोकतंत्र पर बार-बार खतरे मंडराते रहते हैं।

**3 स्वार्थ और धन की राजनीति**
राजनीति में धन का महत्व बहुत बढ़ गया है। सत्ता में रहना क्षेत्रीय नेताओं की मजबूरी है। कई बार धन और पद कुछ नेताओं तक केंद्रित होता जाता है। ऐसे में, दल के टूटने की नौबत आती है व खरीद-फरोख्त को बल मिलता है।

## अगले साल क्षेत्रीय दलों का कैसा रहेगा हाल?

अगले साल सात राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों में हिमाचल प्रदेश, गुजरात, गोवा, उत्तराखंड, पंजाब में क्षेत्रीय दलों का कोई खास प्रभाव नहीं रहेगा। केवल मणिपुर और उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय दल दमखम के साथ मैदान में उतरेंगे। इसमें भी खासकर उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय दलों को जीतने के लिए क्षेत्रीय दलों से जूझना पड़ेगा या तालमेल बिठाना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय दलों का मत प्रतिशत बीते लोकसभा चुनाव में 60.21 था, जबकि क्षेत्रीय दलों का मत प्रतिशत 38.22 रहा। उत्तर प्रदेश में करीब 7 प्रभावी क्षेत्रीय दल हैं, जो सत्ता की दौड़ में भाग्य आजमाएंगे।

### क्षेत्रीय दलों के वर्चस्व वाले सात राज्य और केंद्रशासित प्रदेश

| राज्य | क्षेत्रीय दलों के मत प्रतिशत |
|---|---|
| सिक्किम | 85.72 |
| आंध्र प्रदेश | 82.63 |
| मिजोरम | 71.77 |
| तमिलनाडु | 71.52 |
| बिहार | 59.10 |
| महाराष्ट्र | 50.10 |
| पश्चिम बंगाल | 48.13 |

### राष्ट्रीय दलों के वर्चस्व वाले सात राज्य और केंद्रशासित प्रदेश

| राज्य | राष्ट्रीय दलों के मत प्रतिशत |
|---|---|
| हिमाचल प्रदेश | 98.63 |
| दिल्ली | 98.12 |
| चंडीगढ़ | 97.38 |
| गुजरात | 96.52 |
| मध्य प्रदेश | 95.00 |
| हरियाणा | 94.99 |
| छत्तीसगढ़ | 94.87 |

### पिछले पांच लोकसभा चुनावों में किसको कितनी सीटें मिलीं?

| वर्ष | राष्ट्रीय दलों को | क्षेत्रीय दलों को |
|---|---|---|
| 2004 | 364 | 174 |
| 2009 | 376 | 158 |
| 2014 | 342 | 198 |
| 2019 | 397 | 142 |
| 2024 | 346 | 190 |

प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के प्रदर्शन में किसी बड़े उलटफेर की स्थिति नहीं दिखती है।

### क्या कमजोर पड़ रहे क्षत्रप?

- ओडिशा में बीजू जनता दल के नेता नवीन पटनायक सत्ता से दूर और कमजोर हैं।
- प. बंगाल में ममता बनर्जी चुनाव हारने के बाद अपने दल को बचाने के लिए जूझ रही हैं।
- महाराष्ट्र में शिवसेना के उद्धव ठाकरे न अपनी सत्ता बचा पाए हैं और न पार्टी।
- महाराष्ट्र में ही शरद पवार अपनी पार्टी राकांपा को विभाजन से नहीं बचा पाए।
- तमिलनाडु में हारने के बाद द्रमुक और स्टालिन अस्तित्व के लिए जूझ रहे हैं।

### लोकसभा चुनावों में किसका कितना मत प्रतिशत और सीटें




**राष्ट्रीय दल** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी।

**भाजपा के सहयोगी** तेलुगु देशम पार्टी, जनता दल-यू, शिवसेना, लोजपा (राम विलास), जद-एस, जनसपा, राष्ट्रीय लोकदल, एनसीपी, असम गण परिषद, अपना दल एवं अन्य करीब 12 दल।

**कांग्रेस के सहयोगी** समाजवादी पार्टी, द्रमुक, शिवसेना (उद्धव ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद), राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आईयूएमएल, सीपीआईएमएल (एल), सीपीआई व अन्य करीब 9 दल।

नतीजतन, क्षेत्रीय दलों के नेतृत्व वाली सरकारों की संख्या में गिरावट का कतई यह मतलब नहीं है कि उनको मिल रहे चुनावी समर्थन में भी उसी अनुपात में गिरावट आई है।

### चुनावी समर्थन की अलग कहानी

पिछले पांच लोकसभा चुनावों के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त वोटों का विश्लेषण राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के बदलते भाग्य की ज्यादा सूक्ष्म तस्वीर प्रस्तुत करता है। पिछले पांच लोकसभा चुनावों के दौरान राष्ट्रीय दलों का संयुक्त मत प्रतिशत 60.04 और 68.15 के बीच रहा है, जो दर्शाता है कि राजनीतिक परिणामों में बड़े बदलावों के बावजूद उनका समग्र चुनावी समर्थन अपेक्षाकृत स्थिर रहा है। मतलब, लोग राष्ट्रीय दलों को समान रूप से मतदान कर रहे हैं। राष्ट्रीय दलों का सबसे कम संयुक्त मत प्रतिशत 2014 के लोकसभा चुनावों में दर्ज किया गया था, जब उन्हें कुल वोटों का 60.04 प्रतिशत प्राप्त हुआ था, जबकि राष्ट्रीय दलों का सबसे अधिक मत प्रतिशत 2019 के लोकसभा चुनावों में दर्ज किया गया था, जब सत्ता पक्ष के अनुकूल पृष्ठभूमि में हुए चुनाव में उन्हें 68.15 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे।

महत्वपूर्ण बात, 2014 के चुनाव से यह स्पष्ट होता है कि भारत की फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट चुनावी प्रणाली में मत प्रतिशत और चुनावी परिणाम हमेशा एक साथ नहीं बदलते हैं। इन पांच चुनावों में राष्ट्रीय दलों के संयुक्त मत प्रतिशत में सबसे कम वोट मिलने के बावजूद, भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को निर्णायक बहुमत हासिल हुआ और केंद्र में सरकार बनी।

2009 के लोकसभा चुनावों में सभी राष्ट्रीय दलों को मिलाकर 63.59 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि 2024 के लोकसभा चुनावों में सभी राष्ट्रीय दलों को मिलाकर 62.72 प्रतिशत वोट मिले, जिससे पता चलता है कि उनकी समग्र चुनावी उपस्थिति काफी हद तक स्थिर रही है।

दूसरी ओर, क्षेत्रीय दलों ने लोकसभा चुनावों में कुल डाले गए वोटों का लगभग एक तिहाई हिस्सा लगातार हासिल किया है, हालांकि, चुनावों में इसमें कुछ भिन्नताएं रही हैं। 2009 के लोकसभा चुनावों में क्षेत्रीय दलों को कुल मिलाकर 31.22 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि 2014 के लोकसभा चुनावों में क्षेत्रीय दलों को कुल मिलाकर 35.86 प्रतिशत वोट मिले थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में भी सभी क्षेत्रीय दलों को मिलाकर 33.52 प्रतिशत वोट मिले, एकमात्र अपवाद 2019 का चुनाव था, जब सभी क्षेत्रीय दलों को मिलाकर 28.1% वोट मिले थे। ये आंकड़े बताते हैं, भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व को अभी समाप्त मान लेना जल्दबाजी होगी। कुछ राज्यों में चुनावी झटकों के बावजूद, क्षेत्रीय दलों का समर्थन आधार अभी भी काफी मजबूत है। राज्यवार मत प्रतिशत का वितरण इस तर्क को और भी पुष्ट करता है, जिससे पता चलता है कि क्षेत्रीय दल अपने चुनावी प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव के बावजूद कई राज्यों में अहम चुनावी समर्थन बनाए रखने में कामयाब रहे हैं।

यह नहीं भूलना चाहिए कि तमिलनाडु में, जहां एम के स्टालिन के नेतृत्व में द्रमुक को चुनावी झटका लगा, वहीं उसकी जगह किसी राष्ट्रीय पार्टी के बजाय एक अन्य क्षेत्रीय पार्टी, तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) ने ले ली, जो एक मजबूत क्षेत्रीय विकल्प के रूप में उभरी है। इससे पता चलता है कि कई राज्यों में चुनावी प्रतिस्पर्धा मुख्य रूप से क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा ही तय होती है।

भारतीय राजनीति में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की जगह पक्की है, हालांकि, इसमें समय-समय पर उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, और यही बात क्षेत्रीय राजनीतिक दलों पर भी कमोबेश लागू होती है। अनेक राज्यों में क्षेत्रीय दलों के लिए जन-समर्थन अभी कम नहीं हुआ है, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्व और संगठन में समय-समय पर जरूरत के हिसाब से बदलाव करने पड़ेंगे, ताकि देश की राजनीति में उनका भी परचम लहराता रहे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। कारोबार के लिए किसी मित्र के साथ यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। लेखन आदि कार्यों से सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से किसी संपत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**कर्क :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है।

**तुला :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। नौकरी के लिए परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन आदि कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सम्मान में वृद्धि होगी। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

**धनु :** वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

23 सितंबर, बुधवार, **शक संवत्:** 01, आश्विन (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग:** 07, आश्विन मास प्रविष्टे 2083 **इस्लाम:** 11, रबि-उल्सानी, 1448, **विक्रमी संवत्:** भाद्रपद शुक्ल द्वादशी तिथि रात्रि 10.51 मिनट तक पश्चात त्रयोदशी तिथि, श्रवण नक्षत्र प्रातः 09.09 मिनट तक पश्चात धनिष्ठा नक्षत्र, चंद्रमा मकर राशि में रात्रि 09.57 मिनट तक उपरांत कुंभ राशि।
**सूर्य दक्षिणायन।** दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। श्री वामन जयंती। शक आश्विन प्रारंभ।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**कपड़े की दुकान दूसरे व्यापारियों की तुलना में कम चलने के कारण और उपाय-**
- सबकी एक सी दुकानें एवं एक से व्यापार होने के बाद भी अगर दुकान नहीं चल रही है, तो उसका कारण दुकान में ही छुपा हो सकता है। दुकान में वाटर कूलर जैसी जल आधारित चीजों को अग्नि कोण में ना रखें। धन की आवक कम हो सकती है। वाटर कूलर को उत्तर दिशा में रखें।
- अगर दुकान में उत्तर पश्चिम दिशा में मंदिर है और इसमें लाल रंग का बल्ब लगाया है, तो इसके कारण ग्राहकों की संख्या कम हो सकती है।
- जब भी घर से दुकान के लिए निकलें, तो थोड़ा गुड़ खाकर और पानी पीकर निकलें।

### वर्ग पहेली : 8460



**बाएं से दाएं**
2. किसी के साथ मिल कर लिखने वाला; सहयोगी लेखक (5)
5. ताड़ी; अभिनेत्री; नक्षत्र (3)
7. कमी हो जाना; बहुत न होना; यथेष्ट न होना; सामग्री की कमी से बाधा आना (2,1,3)
8. गाने वाला पक्षी; मैना नामक पक्षी; चांडाल वीणा; सितार या सारंगी का ऊंचा भाग, जिससे होकर तार गुजरते हैं (3)
10. इच्छा; ख्वाहिश; चाह; मनोरथ (3)
11. प्रश्न; मांग; प्रार्थना (3)
15. टिकना; बसना; वास करना; रुकना; बचना; छूटना (3)
16. अंत करना; कहर ढाना; विनाश करना (3,3)
17. नुक्कड़; समुद्र में नदी गिरने का स्थान; नदीमुख (3)
18. अस्वीकार करना; वर्जित करना (2,3)

**ऊपर से नीचे**
1. अंकपाली; आया; सेवा करने वाली (5)
3. अपने रहस्य का भागीदार (4)
4. अपने आप उगने वाले पौधे; खरका; घासपात (6)
6. तानने का भाव; खिंचाव; रस्सी (3)
9. कार्य संपन्न कराना; निपटवाना; सफलता दिलाना; मतलब पूरा करना (2,4)
12. पनपना; वनस्पतियुक्त होना; आनंदित होना; प्रसन्न होना; प्रस्फुटित होना (5)
13. रुचि; मन को भला लगने वाला (3)
14. प्रभावकारी; लाभकारक; उपयोगी (4)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8459

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 नी | ■ | 2 अ | ■ | 3 अ | म | न | ■ |
| 4 उ | ल | ट | प | ल | ट | ■ | ■ | 5 से |
| ■ | कं | ■ | ना | ■ | 6 ल | 7 प | क | ना |
| 8 डं | ठ | 9 ल | ■ | 10 पा | ■ | ह | ■ | ना |
| क | ■ | 11 ल | गा | व | हो | ना | ■ | य |
| मा | ■ | क | ■ | न | ■ | 12 ना | 13 ट | क |
| 14 र | मा | ना | 15 थ | ■ | 16 ज | ■ | क | ■ |
| ना | ■ | ■ | 17 म | न | ल | ह | रा | ना |
| ■ | 18 ठि | का | ना | ■ | ना | ■ | ना | ■ |

### सुडोकू : 8414

*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | | | |
| | 8 | 1 | | | 3 | | | 4 |
| 2 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | 5 | | | 6 | | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| 3 | | | | 4 | | | 2 | 8 |
| 9 | | | 5 | | | 6 | 3 | |
| | | | | 1 | | | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8413

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 |
मछली की आंख को और मुझे
मुक्ति इतनी जल्दी तो नहीं मिल सकती
अब ना जाने कब कौन प्रलय ले आए
कहीं वो मछली की तीसरी आंख तो नहीं!
-पूनम भार्गव जाकिर, आगरा, यूपी
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

## पाठकों के पत्र

### तहसील स्तर पर संचालित हों स्वदेशी मार्ट

**स्वदेशी** और स्थानीय उत्पादों के सुलभ विक्रय के लिए प्रशासन को तहसील स्तर पर स्वदेशी मार्ट का संचालन करना चाहिए। इनमें स्थानीय और स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को बिक्री के लिए उपलब्ध कराना चाहिए। इससे स्वदेशी उत्पादों को लोकप्रिय बनाया जा सकेगा। -अमित दीवान, भोपाल, मध्यप्रदेश

### वन विभाग लोगों की रक्षा करे

**कुछ** माह पहले चंद्रपुर के सिंदेवाही जंगल में एक बाघिन ने तेंदू पत्ता तोड़ने गई महिलाओं को मार दिया। ऐसे हादसों को रोकने के लिए वन विभाग को दिन का ऐसा समय तय करना चाहिए, जब वनोपज पर निर्भर लोगों को जंगल में प्रवेश की अनुमति दी जाए।
-नितिन धनाजी चव्हाण, पुणे, महाराष्ट्र

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## मन की प्रयोगशाला

### 'ओवर-जस्टिफिकेशन इफेक्ट' से बचें

**साइकोलॉजी** टुडे की एक स्टडी के अनुसार सोशल मीडिया पर उम्मीद से ज्यादा लाइक्स-व्यूज मिलने पर दिमाग में डोपामाइन का प्रवाह तेज हो जाता है। यही 'ओवर-जस्टिफिकेशन इफेक्ट' है। इसके चलते यूजर अधिक से अधिक पोस्ट करने को प्रेरित होता है और अपनी मूल रचनात्मकता खो बैठता है। इससे बचने के लिए सोशल मीडिया अप्रूवल की परवाह किए बिना अपने मूल्यों पर टिके रहें।

**बामुलाहिज़ा** • ध्रुवीकृत सियासत में पड़ोसी देशों को प्रमुखता देकर हम उनकी अहमियत ही बढ़ाते हैं...

# घरेलू राजनीति में दूसरों को महत्व क्यों दें?

## आस-पड़ोस

शेखर गुप्ता
एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'
X @ShekharGupta



**भारत** का बिल्कुल करीबी पड़ोसी बांग्लादेश दो साल पहले की तुलना में आज ज्यादा तनावपूर्ण दिखता है। इसका असर यह हुआ है कि पड़ोस में संकट या संबंधों में खटास हमारी घरेलू राजनीति का केंद्रीय हिस्सा बन गई है। इसके अपने नुकसान हैं। नेपाल के साथ संबंधों में स्थिरता आई है, श्रीलंका और मालदीव के साथ संबंध बहुत अच्छे हो गए हैं, भूटान के साथ तो रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा ही है। लेकिन पाकिस्तान में मुनीर का सितारा बुलंद होने से उससे रिश्ते खराब ही हुए हैं। शेख हसीना के पतन और तारिक रहमान के गद्दीनशीन होने के बाद से बांग्लादेश भी नई चुनौती के रूप में उभरा है। रहमान को मिले बड़े बहुमत के साथ कई बड़े विरोधाभास जुड़े हैं। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि जमात-ए-इस्लामी को वहां मुख्यधारा की राजनीति में आने का मौका मिला है, जो हमेशा से पाकिस्तान समर्थक रही है।

पाकिस्तान और बांग्लादेश में शहबाज शरीफ और तारिक रहमान एकपक्षीय चुनावों में विजयी रहे। लेकिन इन दोनों की सरकारों की वैधता पर सवालिया निशान लगा हुआ है। बांग्लादेश की रहमान सरकार पर यह निशान कहीं ज्यादा बड़ा है। इस लिहाज से दोनों 'निर्वाचित' सरकारें कमजोर हैं और उनमें आत्मविश्वास की कमी है। पाकिस्तान में फौज के दबदबे के कारण सत्ता का जैसा भी हो, एक स्पष्ट ढांचा बना हुआ है। लेकिन बांग्लादेश का मामला अलग है।

रहमान को जमात के कारण बराबर दाएं-बाएं, आगे-पीछे देखकर चलना पड़ता है। यह एक क्रूर विडंबना है। अपने भारी बहुमत के बावजूद वे एक कमजोर प्रधानमंत्री नजर आते हैं। यह कमजोरी भारत के साथ रिश्ते बढ़ाने और अपने सबसे महत्वपूर्ण पड़ोसी देश का दौरा करने में उनकी हिचक से जाहिर होती है। वे चीन से सबक सीखने को राजी नहीं हैं, जो दलाई लामा के हर बयान पर विरोध तो जाहिर कर सकता है, लेकिन भारत में उनकी मौजूदगी के कारण भारत के साथ 1988 के बाद के अपने संबंधों को खराब नहीं करना चाहता। दलाई लामा और शेख हसीना की स्थितियों में दो अहम फर्क हैं। दलाई लामा को भारत ने शरण दी है। लेकिन हसीना 2024 में उस समय के शासकों की मदद से बांग्लादेश वायुसेना के हेलिकॉप्टर से भारत आई थीं।

रहमान के नजरिए से पूरी तस्वीर को देखें तो उन्हें जमात और 'सड़कों के माहौल' से जो खतरा महसूस होता है, वह वास्तविक लगता है। वे भारत के साथ रिश्ते सामान्य होने की अचानक घोषणा नहीं कर सकते, तब तो बिल्कुल नहीं, जब हसीना उनकी सरकार के खिलाफ बयान दे रही हों और ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही हों। सो, रहमान के पास यह शिकायत करने की वजह है कि भारत की घरेलू सियासत उनकी मदद नहीं कर रही है। असम और बंगाल में चुनाव 'बांग्लादेशी घुसपैठियों' के खिलाफ मुद्दा बनाकर लड़े गए। दूसरी जगहों पर भी राजनीति का यह केंद्रीय मुद्दा रहता है।

इन सबके ऊपर, भारत के सोशल मीडिया पर सरकार समर्थक प्रभावशाली आवाजें बांग्लादेश को पाकिस्तान जितना बड़ा दुश्मन ही घोषित करती हैं। दोनों के लिए एक ही तरह की भाषा का प्रयोग किया जाता है। पाकिस्तान को 'भिखारिस्तान' कहा जाता है, तो बांग्लादेश को 'कंगलादेश' कहा जाता है। बेशक यह सब सोशल मीडिया पर चलता रहता है। लेकिन राष्ट्रवादी जनमत में फर्क करने का सब्र नहीं दिखता। 'मामूली पड़ोसी देश' जैसे जुमले बांग्लादेश को नाराज करते हैं। यह भी आम धारणा है कि भारत में इन सबको प्रोत्साहित चाहे न किया जाता हो, लेकिन इसे व्यापक राजनीतिक सहमति हासिल है। फिलहाल हम पाकिस्तान की ज्यादा परवाह भले न करें, लेकिन क्या हम बांग्लादेश को भी उसी खांचे में डालना चाहेंगे?

हमारी घरेलू राजनीति की जो मजबूरियां हैं, या हमारे यहां निरंतर होने वाले चुनावों में जिस तरह के प्रचार किए जाते हैं, उन सबका नतीजा यह हुआ है कि बांग्लादेश को पाकिस्तान के साथ जोड़ दिया गया है।



**यह भारत के रणनीतिक हितों से जुड़ा हुआ मामला है...**

**हमारी आंतरिक राजनीति पर पाकिस्तान का जितना असर है, उतना बांग्लादेश का नहीं है। लेकिन दोनों ने अगर हाथ मिला लिए तो इससे भारत को नुकसान ही होगा। यह भारत के रणनीतिक हित का मामला है। हम अपने दोनों तरफ दो पड़ोसी देशों को आक्रामक रुख नहीं अपनाने दे सकते।**

ढाका से शेख हसीना के निष्कासन को लेकर लोग और सत्तातंत्र चाहे जितने नाराज हों, सत्ता में उनकी वापसी को रिश्ते सामान्य करने की शर्त नहीं बनाया जा सकता। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन भारत के एजेंडे में शामिल नहीं है। सरकार को यह पता है, और यह उसके फैसलों से भी जाहिर होता है। लेकिन जब तक 'बांग्लादेशी घुसपैठिए' भारत की घरेलू राजनीति का मुद्दा बने रहेंगे, बांग्लादेश से संबंध सुधारने की व्यापक रणनीतिक इच्छा का तालमेल कैसे बैठेगा?

इसलिए, भारत थोड़ी उलझन और दुविधा में है। 2015 में, पाकिस्तान की ओर हाथ बढ़ाने की पहली कोशिश में विफलता के बाद से ही पाकिस्तान भाजपा की राजनीति के केंद्र में रहा है। उरी सर्जिकल स्ट्राइक के बाद जनाक्रोश की लहर में 2017 में भाजपा ने यूपी को जीता और पुलवामा हमले के बाद 2019 का लोकसभा चुनाव जीता। अब पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर यूपी में अगले साल होने वाले चुनाव पर तो असर डाल ही सकते हैं। बांग्लादेशियों का मुद्दा तो बाद में जुड़ा। यह इस विचार से मेल खाता है कि भारत अपनी पश्चिमी और पूर्वी सीमाओं पर मौजूद दो मुस्लिम-बहुल रणनीतिक खतरों की घेराबंदी में फंसा देश है।

लेकिन, इस समीकरण को जरा उलटकर देखें कि इससे किसे फायदा हो रहा है? इस तरह के असुरक्षा-बोध का फायदा उठाना भाजपा के लिए सुविधाजनक है लेकिन इससे पाकिस्तान और बांग्लादेश को हमारी घरेलू राजनीति में बढ़त मिलने का मौका मिल जाता है। हमारी आंतरिक राजनीति पर पाकिस्तान का जितना असर है, उतना बांग्लादेश का नहीं है। लेकिन दोनों ने अगर हाथ मिला लिए तो इससे भारत को नुकसान ही होगा। जो भी हो, ये बातें 'पार्टी पोलिटिक्स' की नहीं हैं। यह भारत के रणनीतिक हित का मामला है। उसके दोनों तरफ दो बड़े पड़ोसी देश अगर आक्रामक रुख अपना लेते हैं और हाथ मिला लेते हैं तब भारत को क्या हासिल होगा? भारत की कोशिश यह होनी चाहिए कि वे हाथ न मिला पाएं।

हमारी जो ध्रुवीकृत राजनीति है, उसमें पड़ोसी देशों के प्रति हमारी नीति को प्रमुखता देकर हम उनकी अहमियत ही बढ़ा रहे हैं। यह ऐसा खेल है, जिसे खेलना पाकिस्तान को खूब आता है। लेकिन इससे भारत के लिए विकल्प और गुंजाइशें सीमित हो जाती हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

**नजरिया** • देश के होनहार छात्रों में पैठता अवसाद

# आईआईटी में आत्महत्या की घटनाएं हमें क्या बताती हैं?

## युवा-मन

चेतन भगत
अंग्रेजी के उपन्यासकार
chetan.bhagat@gmail.com



**हम** समझते हैं कि किसी भी छात्र के लिए आईआईटी में दाखिला पाना बड़ी उपलब्धि होती है। इसीलिए ऐसे छात्रों को खुश होना चाहिए। या कम-से-कम दुःखी तो नहीं ही होना चाहिए। और अपनी जान लेने का तो सवाल ही नहीं उठता। फिर भी, पिछले ही सप्ताह आईआईटी बॉम्बे के एक और मेधावी छात्र ने आत्महत्या कर ली। वह ऐसा करने वाला पहला छात्र नहीं था। इस साल के पहले सात महीनों में आईआईटी बॉम्बे के तीन छात्रों ने आत्महत्या की है। आरटीआई के आधार पर की गई रिपोर्टिंग से पता चला कि 2025 में पूरे आईआईटी सिस्टम में 15 छात्रों ने आत्महत्या की थी, जबकि 2021 से 2025 के बीच ऐसा कदम उठाने वाले छात्रों की संख्या 65 थी।

आईआईटी बॉम्बे ने शुरुआत में कहा था कि छात्र को परीक्षा के दौरान फोन का इस्तेमाल करते हुए पाया गया था और उसने प्रश्नपत्र को एक एआई प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया था। इसके कुछ ही घंटे बाद उसका शव उसके कमरे में पंखे से लटका मिला। बाद में छात्र के परिवार ने जाति-आधारित उत्पीड़न का आरोप भी लगाया। जांच पूरी होने के बाद मामले से जुड़े तथ्य सामने आएंगे, लेकिन यह घटना समाज में मौजूद कई व्यापक मुद्दों को सामने लाती है। इनमें जीवन में कुछ कर दिखाने का अत्यधिक दबाव, परीक्षाओं में नकल को लेकर हमारा नजरिया, शिक्षा पर एआई का प्रभाव और मानसिक स्वास्थ्य सभी शामिल हैं।

आईआईटी में दाखिला पाने वाला लगभग हर छात्र अपने शहर या इलाके का स्टार होता है। स्कूल में टॉपर रहे ऐसे छात्रों को पड़ोसियों, दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच खूब सम्मान मिलता है। लेकिन आईआईटी पहुंचने के बाद वे ऐसे लोगों से भरी कक्षा में होते हैं, जो बिल्कुल उन्हीं जैसे हैं। जब पूरी कक्षा टॉपरों से भरी हो, तो हर कोई टॉपर नहीं हो सकता। बहुतों को बीच में रहना ही होगा। किसी न किसी को सबसे नीचे भी आना होगा। जिस व्यक्ति की पूरी पहचान ही एक मेधावी और शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र के रूप में बनी हो, उसके लिए कक्षा में महज औसत छात्र बन जाने की नई वास्तविकता बेहद आघातकारी हो सकती है। शायद यही वजह है कि कुछ छात्र नकल जैसे अनैतिक तरीकों का सहारा लेने लगते हैं।

अमेरिका के कई शीर्ष कॉलेजों में नकल को बेहद गंभीरता से लिया जाता है। अकसर इस पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई होती है। लेकिन भारत में हम अब भी इस बात को लेकर स्पष्ट नहीं हैं कि परीक्षा में नकल करते पकड़े गए किसी छात्र के साथ क्या किया जाना चाहिए। जिस समाज में भ्रष्टाचार व्यापक है, जहां 'टेबल के नीचे' की कमाई को उपलब्धि की तरह दिखाया जाता है, वहां हम यह तय नहीं कर पाए हैं कि नकल को किस नजर से देखा जाए। भारतीय कॉलेजों में नकल आम है और अकसर इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है। एआई ने तो इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। हमें नए सिरे से सोचना होगा कि हम परीक्षाएं किस तरह आयोजित करें, ताकि एआई के जरिए नकल करना संभव न हो।

**एक समाज के रूप में हमें इस तरह की घटनाओं पर विचार करने की जरूरत है। हमें ऐसा समाज नहीं बनाना चाहिए, जिसमें शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा व्यक्ति की पहचान का इतना केंद्रीय हिस्सा बन जाए कि असफलता उसे अपनी ही अहमियत खो देने जैसी लगे।**

आईआईटी में हो रही आत्महत्याएं हमें कुछ बताती हैं। भौतिकी और गणित की समस्याएं हल करने के लिए अच्छी बौद्धिक क्षमता होना एक बात है और मानसिक स्वास्थ्य होना दूसरी बात। शायद इतने सारे आईआईटीयन्स मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से इसलिए जूझते हैं क्योंकि अपने शुरुआती शैक्षणिक वर्षों से ही उन्हें बेहद तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा है। अगर आपको कोई व्यक्ति मानसिक रूप से संघर्ष करता हुआ नजर आए, तो उसे नजरअंदाज न करें। उससे बात करें, बिना किसी जजमेंट के उसकी बात सुनें और जरूरत पड़ने पर उसे पेशेवर मदद के लिए प्रोत्साहित करें। कौन जाने, ऐसा करके आप किसी की जान बचा रहे हों।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

**विश्लेषण** • गरीब, कमजोर लोगों का संकट बड़ा है

# वोटर सूची में सुधार जरूरी, बशर्ते मतदाता के अधिकार सुरक्षित हों

## एसआईआर

प्रियदर्शन
लेखक और पत्रकार
priyadarshan.parag@gmail.com



**मतदाता** सूची के शुद्धीकरण का सात्विक इरादा लेकर चुनाव आयोग द्वारा देश भर में चलाए जा रहे एसआईआर अभियान के नतीजे अलबत्ता कुछ और ही संकेत कर रहे हैं। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और उनके परिजनों तक को नोटिस चला गया है कि वे साबित करें कि पहले भी वे दिल्ली के वोटर रहे हैं। खुद एक चुनाव आयुक्त सहित कई जाने-पहचाने नेताओं को ऐसा ही नोटिस गया है। इसके पहले बेंगलुरु में भी नंदन नीलेकणी को ऐसा ही नोटिस दिया गया था।

वैसे केजरीवाल, नीलेकणी या दूसरे लोगों को फिक्र करने की जरूरत नहीं है। ये वे कद्दावर हैं, जिनके नामों या ब्योरों में मिलने वाली असंगतियां चुनाव आयोग उनके घर जाकर दूर कर देगा। लेकिन 2002 की मतदाता सूचियों से हर्फ-दर-हर्फ मिलान और पुष्टि का चुनाव आयोग का उत्साह उन करोड़ों मतदाताओं पर भारी पड़ रहा है, जिन्हें याद नहीं है कि उस समय वे या उनके मां-पिता कहां थे, उन्होंने कहां वोट दिए थे, उस समय उनके विधानसभा क्षेत्रों के नाम क्या थे, या उन दिनों मतदाता सूची में उनके नाम किस तरह दर्ज थे।

ये सवाल उन गरीब, कमजोर लोगों को ज्यादा संकट में डालने वाले हैं, जो नौकरी या रोजगार की मजबूरी में शहर-शहर, बस्ती-बस्ती भटकते और काम करते रहे हैं, उन महिलाओं के लिए मुसीबत बन रहे हैं जिनके नाम शादी के बाद बदल गए या जिनको खयाल नहीं आ रहा कि तब उनके नामों की वर्तनी क्या थी।

इसके नतीजे हम बंगाल में देख चुके हैं, जहां 91 लाख वोटरों के नाम कटे। इनमें करीब 22 लाख ऐसे थे, जिन्होंने चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी, अपने कागज जुटाए और इंतजार करते रहे कि उन्हें वोट देने का अधिकार मिलेगा। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की यह बात मान ली कि इन सबकी जांच के बाद ही इन्हें वोट देने का अधिकार दिया जा सकता है। चुनाव खत्म हो गए, अभी तक दावों की जांच जारी है और लाखों लोगों का वोट देने का अधिकार स्थगित या लम्बित है। इधर खबर आई है कि बंगाल एसआईआर ट्रिब्यूनल को प्राप्त हुई लाखों अपीलों के निराकरण में 12 वर्ष तक का समय लग सकता है और इस अवधि में प्रभावित मतदाता एक दशक से अधिक समय तक अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर सकेंगे!

चुनाव आयोग तो कहता है कि सबकी सुनवाई होगी, लेकिन जिसके पास कागज नहीं है, उसका क्या होगा? मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने हाल में यह भी कहा कि जिनके नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, उन्हें सरकारी योजनाओं का भी लाभ नहीं मिलेगा। यह एक तरह से लोगों से उनके नागरिक अधिकार छीनना है।

निश्चय ही, लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए मतदाता-सूचियों में निरंतर सुधार और संशोधन एक अपरिहार्य प्रक्रिया है। लेकिन जिस तरह बीते कुछ अरसे में इस प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है, उसको लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। लोकतंत्र के लिए जितना जरूरी यह है कि उसमें एक भी फर्जी या अवैध वोट न डाला जाए, उतना ही यह भी जरूरी है कि किसी भी पात्र नागरिक को उसके वोट देने के हक से वंचित न किया जाए। बांग्लादेशी या अन्य विदेशी घुसपैठियों को मतदान की प्रक्रिया से बाहर रखने की कवायद में कितने ऐसे घुसपैठिए मिले हैं, इसकी कोई संख्या अभी तक चुनाव आयोग ने नहीं दी है। यह अनायास नहीं है कि विपक्ष इस अभियान को संदेह की नजर से देख रहा है और अदालतों में इसे चुनौती दी जाती रही है।

**मतदाता-सूचियों में सुधार और संशोधन एक अपरिहार्य प्रक्रिया है। लेकिन लोकतंत्र के लिए जितना जरूरी यह है कि उसमें एक भी फर्जी या अवैध वोट न डाला जाए, उतना ही यह भी जरूरी है कि किसी भी पात्र नागरिक को उसके वोट देने के हक से वंचित न किया जाए।**

लेकिन अंततः यह देश के लोकतंत्र का, उसके नागरिकों के बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकारों का भी सवाल है। इसमें किसी प्रकार की कोई चूक, कोई हड़बड़ी न हो, और हर किसी का नाम सहज ढंग से शामिल हो सके- यह देखना राज्य का दायित्व है, जो उसे चुनाव आयोग के मार्फत पूरा करना है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

**मुद्दा** • जमुई और गुरुग्राम की घटनाएं बताती हैं कि देश की सड़कें आज भी लड़कियों के लिए असुरक्षित हैं...

# सड़कों पर लड़कियों का भी उतना ही अधिकार है जितना पुरुषों का

## फेमिनिज़्म

मेघना पंत
पुरस्कृत लेखिका, पत्रकार-वक्ता
meghnapant@yahoo.com



**भारत** में लड़कियों को नियमित रूप से दिए जाने वाले मशविरों में कुछ ऐसा है, जो हमारे समाज के बारे में बहुत कुछ उजागर करता है। यह कि उलझो मत, बहस मत करो, प्रतिक्रिया मत दो, उसे जाने दो, उसे रोकने की कोशिश मत करो, सावधान रहो। ये तमाम सलाहें व्यावहारिक लगती हैं, लेकिन ये थका देने वाली हैं। क्योंकि इनके पीछे यह धारणा है कि महिलाओं को पुरुषों की आक्रामकता से निपटना सीखना होगा।

कोई महिला जब 'नहीं' कहती है, तो उससे सबसे पहले यही अपेक्षा की जाती है कि वह अपने फैसले की वजह बताए। दूसरे, वह रास्ते से हट जाए। और तीसरे, वह सुनिश्चित करे कि जिस पुरुष को उसने 'नहीं' कहा है, वह नाराज न हो जाए। हाल में गुरुग्राम में हुई रोड-रेज की घटना इस बात को स्पष्ट रूप से सामने लाती है। यह घटना सिया के साथ हुई। उनके मुताबिक, वे बाइक चला रही थीं, तभी एक कार उनका पीछा करने लगी। उन्होंने ड्राइवर से दूरी बनाए रखने को कहा, पर टकराव बढ़ता गया। उनका आरोप है कि कार ने उनकी बाइक के सामने अचानक दिशा बदल दी, जिससे वे सड़क पर जा गिरीं। पूरी घटना बाइक्स पर लगे कैमरों में रिकॉर्ड हो गई।

इस तरह के कैमरों की बड़ी अहमियत है। उनके बिना यह कहानी सड़क किनारे हुए एक और उलझे विवाद में बदल जाती : शुरुआत किसने की? कौन गलत तरीके से गाड़ी चला रहा था? क्या यह महज दुर्घटना थी? क्या यह रोड-रेज था? क्या महिलाओं को गाड़ी चलानी चाहिए? लेकिन उस फुटेज ने महिला को वह चीज दी, जो अजनबियों के साथ होने वाले टकराव में उनके पास अकसर नहीं होती- यानी वास्तव में क्या हुआ, इसका प्रमाण। आरोपी ने कहा कि उसने जानबूझकर टक्कर नहीं मारी थी और टक्कर दुर्घटनावश हुई। लेकिन बाद में पुलिस ने सबूतों की समीक्षा करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया।

बिहार का जमुई मामला इस बात को और परेशान करने वाले तरीके से सामने लाता है। एक छात्रा और उसका सहपाठी कोचिंग से लौट रहे थे, तभी उन्हें रास्ते में रोक लिया गया, घेर लिया गया, परेशान किया गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। पूरी घटना वीडियो में रिकॉर्ड हो गई और बाद में इसी के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। अब तक तीन गिरफ्तारियां होने की खबर है। तो, कैमरा मायने रखता है।

सड़कें ऐसी जगह बनती जा रही हैं, जहां लड़कियों से सिर्फ यातायात ही नहीं, पुरुषों के एनटाइटलमेंट वाले रवैये से भी निपटने की अपेक्षा की जाती है। गुरुग्राम की घटना में सवाल यह है कि जब किसी टकराव के दौरान कोई महिला अपना स्पेस, अपने अधिकारों या अपनी गरिमा को छोड़ने से इनकार करती है, तब क्या होता है। कुछ लोगों के लिए किसी महिला का एक पॉवरफुल बाइक चलाना अब भी इतना असामान्य है कि वे इसे उकसावे के तौर पर लेते हैं। जब कोई महिला कहती है- दूरी बनाए रखें, तो इसे सड़क पर कही गई एक सामान्य हिदायत के रूप में लेने के बजाय चुनौती या उद्दंडता के रूप में देखा जा सकता है। यह बड़ी समस्या है।

महिलाओं को सड़क पर कैसे व्यवहार करना चाहिए, इस पर एक और लेक्चर की जरूरत नहीं है। भारत में महिलाओं से पूछिए कि वे सार्वजनिक जगहों पर कैसा महसूस करती हैं और ज्यादातर कहेंगी कि वे खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं। यह खतरनाक है, क्योंकि इसका असर महिलाओं की शारीरिक और आर्थिक स्वतंत्रता पर पड़ता है। बदले की कार्रवाई या नुकसान के डर से महिलाएं घर में रह जाती हैं या सड़क पर हर समय बेहद सतर्क रहती हैं। इसकी कीमत को हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। (ये लेखिका के अपने विचार हैं)

परिवार के हर सदस्य का व्हाट्सएप सुरक्षित रखें

दैनिक भास्कर & sk FINANCE का एक संयुक्त प्रयास
साइबर सुरक्षा अभियान
Co-powered by KGK REALTY | JECRC UNIVERSITY

व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से आए लिंक, फाइल या मैसेज को बिना जांचे न खोलें। व्हाट्सएप में टू-स्टेप वेरिफिकेशन और प्राइवेसी सेटिंग को सक्रिय रखें। ओटीपी या लॉगिन कोड किसी से साझा न करें और अनजान लिंक्ड डिवाइस की सूची नियमित रूप से जांचें।

साइबर सुरक्षा अभियान में भागीदार बनें
मिस्ड कॉल दें
8094-977-977

**इम्पैक्ट स्क्रीनिंग** • जीएसटी 2.0 का एक साल, टैक्स ढांचे में इस सुधार ने ऑटोमोबाइल सेक्टर की तस्वीर बदल दी

# गाड़ियों की बिक्री 20% बढ़ी, पहले ग्रोथ 5% थी

### पहले 11 महीनों में कारों की बिक्री में 22% उछाल

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

जीएसटी 2.0 लागू हुए एक साल पूरा हो गया है। छोटी कारों पर कुल प्रभावी टैक्स 29% से घटकर 18% और बड़ी गाड़ियों पर करीब 45% से घटकर 40% रह गया। इससे कीमतें सीधे घटीं और बिक्री में उछाल आया।

देश में 10 सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों के दाम में वेरिएंट के हिसाब से 40 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक की कटौती हुई। इससे टाटा पंच जैसी कारों की बिक्री साल भर में लगभग दोगुनी हो गई। मारुति सुजुकी के एमडी हिसाशी ताकेउची के मुताबिक, कंपनी की कारों की बिक्री अप्रैल-अगस्त 2026 में 36% बढ़ गई। एंट्री सेगमेंट में यह उछाल 96% तक रहा। ऑटो डीलरों के संगठन फाडा के प्रेसिडेंट साई गिरिधर के मुताबिक, अक्टूबर 2025 से अगस्त 2026 के बीच 3 करोड़ से ज्यादा गाड़ियां बिकीं। यह सालाना आधार पर करीब 20% ज्यादा है। जीएसटी 2.0 सुधार से पहले यह ग्रोथ 5% से भी कम थी।

**एक्शन**
### कारों पर जीएसटी में सीधे 11% तक कमी आई

छोटी कारों (पेट्रोल 1200सीसी/डीजल 1500सीसी तक, लंबाई 4 मीटर तक) पर पहले 28% जीएसटी+1% सेस यानी टैक्स 29% था। अब सेस हटाकर 18% फ्लैट टैक्स रह गया। 4 मीटर से बड़ी कारों-एसयूवी पर पहले 28% जीएसटी के साथ 15-22% सेस लगता था (कुल 43-50%), जो अब 40% है। ईवी पर पहले जैसा 5% टैक्स है।

**असर**
### 4 लाख से ऊपर पहुंची कारों की मासिक बिक्री

22 सितंबर 2025 को टैक्स घटते ही मारुति सुजुकी ने एक ही दिन में रिकॉर्ड 30,000 गाड़ियां बेच दीं। टाटा मोटर्स भी ने उसी दिन करीब 10,000 कारें बेचीं। सितंबर 2025 में माह-दर-माह कारों की बिक्री 11.4% बढ़ी, जबकि अगस्त में 6.8% घटी थी। इस साल फरवरी में कारों की बिक्री सालाना 10.6% बढ़कर रिकॉर्ड 4.18 लाख हो गई।

### कारें 1.5 लाख तक सस्ती, सबसे ज्यादा बिकने वाली 10 में से 9 की बिक्री 99% तक बढ़ी

| बिक्री के मामले में टॉप-10 मॉडल | टैक्स पहले | टैक्स अब | कीमतों में तब कितनी कटौती | बिक्री बढ़ी |
|---|---|---|---|---|
| टाटा पंच | 29% | 18% | 53,000-1.08 लाख | 99% |
| मारुति वैगनआर | 29% | 18% | 64-80 हजार | 39% |
| मारुति स्विफ्ट | 29% | 18% | 58–85 हजार | 60% |
| महिंद्रा स्कॉर्पियो | 48% | 40% | 1.01-1.45 लाख | 58% |
| मारुति फ्रॉन्क्स | 29% | 18% | 68,000-1.11 लाख | 51% |
| टाटा नेक्सॉन | 29% | 18% | 68,000-1.55 लाख | 32% |
| मारुति बलेनो | 29% | 18% | 60,000-86,100 | 25% |
| मारुति डिजायर | 29% | 18% | 61,000-87,700 | 12% |
| हुंडई क्रेटा | 45% | 40% | 38,000-72,000 | 2% |
| मारुति अर्टिगा | 45% | 40% | 41,000-46,400 | 0.4% |

नोटः बिक्री वृद्धि के आंकड़े अगस्त के सालाना, वेरिएंट के हिसाब से कीमत में कमी अलग-अलग होती है • स्रोतः कंपनी की घोषणाएं, कारदेखो, ऑटोकार इंडिया

### 11 महीने में सिर्फ कार ही नहीं, पूरे ऑटो सेक्टर की बिक्री में उछाल

रेटिंग एजेंसी इक्रा के मुताबिक, अक्टूबर 2025 से अगस्त 2026 तक के 11 महीनों के दौरान भारत में सभी तरह की गाड़ियों की कुल रिटेल बिक्री 2.9 करोड़ रही। यह सालाना आधार पर 20% की मजबूत वृद्धि है।

| कार | दोपहिया | कमर्शियल | ट्रैक्टर |
|---|---|---|---|
| 22% | 20% | 19% | 23% |

**पहली बार...** कारों की बिक्री में पहली बार वैकल्पिक ईंधन (सीएनजी/हाइब्रिड) वाले मॉडल पेट्रोल गाड़ियों से आगे निकल गए। फाडा के मुताबिक, बीते 11 महीनों में दोपहिया की बिक्री 2018 के अपने पुराने शिखर पर वापस पहुंच गई। स्रोतः क्रिसिल

**भास्कर नॉलेज**
### जीएसटी 2.0 क्या है?

▪ यह देश में टैक्स ढांचे में अब तक के सबसे बड़े सुधारों में से एक है। जीएसटी 2.0 के तहत पुराने चार स्लैब (5%, 12%, 18%, 28%) को घटाकर मुख्य रूप से दो स्लैब- 5% और 18% में समेट दिया गया।

▪ सिर्फ लग्जरी और 'सिन गुड्स' पर 40% की नई टैक्स दर बनाई गई। यह व्यवस्था 22 सितंबर 2025 से लागू है। ▪ सिन गुड्स का मतलब ऐसी वस्तुओं से है, जिनके इस्तेमाल से स्वास्थ्य या समाज पर नकारात्मक असर होता है। इसलिए सरकार इन पर सामान्य वस्तुओं की तुलना में ज्यादा टैक्स लगाती है। ▪ इनमें सिगरेट, पान मसाला, एरेटेड ड्रिंक्स/कार्बोनेटेड ड्रिंक, ऑनलाइन गेमिंग-लॉटरी आदि शामिल हैं।

### गांव आगे, एक्सपोर्ट भी बढ़ा

फाडा के मुताबिक जीएसटी 2.0 के बाद ग्रामीण भारत हर वाहन सेगमेंट में शहरी बाजार से तेज बढ़ा है। मारुति सुजुकी के एमडी हिसाशी ताकेउची के मुताबिक घरेलू बाजार में मजबूती से कंपनी की ग्लोबल प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, जिससे एक्सपोर्ट ऑर्डर बढ़े हैं और कंपनी अपनी कैपेक्स (पूंजीगत खर्च) योजनाएं भी तेज कर रही है।

---

अभी एक-दूसरे के ही यात्री बांट रहीं कंपनियां

# एअर इंडिया में 'एक्सप्रेस' को मर्ज करने की तैयारी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

एअर इंडिया के नए सीईओ टेवोल्डे गेब्रेमरियम टाटा ग्रुप की इस कंपनी में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहे हैं। वह लो-कॉस्ट सहयोगी कंपनी एअर इंडिया एक्सप्रेस को मुख्य ब्रांड एअर इंडिया में मर्ज पर विचार कर रहे हैं, ताकि भारी घाटा और दोहरे प्रशासनिक ढांचे की परेशानियां कम की जा सकें।



अभी दोनों एयरलाइंस अलग-अलग ऑपरेटिंग परमिट, मैनेजमेंट और कर्मचारियों के साथ काम करती हैं। प्लान के तहत दोनों अपने-अपने ब्रांड अलग रखेंगी, लेकिन एक ही ऑपरेटिंग परमिट के तहत उड़ानें भरेंगी। एविएशन कंसल्टेंसी एयरोइंटेलेक्ट के डायरेक्टर अमित मित्तल के मुताबिक, इससे पायलट, क्रू और मेंटेनेंस स्टाफ का अभी के मुकाबले बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा। अभी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि ग्रुप की दोनों एयरलाइंस एक जैसे रूटों पर 10-15 मिनट के अंतर पर उड़ानें भरकर एक-दूसरे के यात्री ही आपस में बांट रही हैं।

**प्लान** • 4 एयरलाइंस से दो हुए, अब एक की तैयारी

2022 में टाटा ग्रुप की तरफ से अधिग्रहण के बाद 'विहान.AI' योजना के तहत चार एयरलाइंस को दो में मिलाया गया था- विस्तारा को एअर इंडिया में, एयरएशिया इंडिया को एअर इंडिया एक्सप्रेस में। उसी दौरान सिंगापुर एयरलाइंस ने एअर इंडिया में 25.1% हिस्सेदारी ली थी। अब इन दोनों को मिलाकर एक एयरलाइन बनाने की तैयारी दिख रही है।

**असर** • मर्जर के मुख्य रूप से दो फायदे नजर आ रहे

1. मर्जर की सफलता कई सवालों पर टिकी है। मसलन, मर्जर से बनी कंपनी फुल-सर्विस होगी या लो-कॉस्ट, और चेक-इन, शेड्यूलिंग सिस्टम कैसे जुड़ेंगे।
2. मर्जर के बाद बड़ी फ्लीट से विमानों की फाइनेंसिंग-लीजिंग में मोलभाव की ताकत बढ़ सकती है। इससे एअर इंडिया की ऑपरेशन लागत घटने और ऑपरेशन बेहतर होने की संभावना है।

**अभी भारी घाटे में, 1 साल में दोगुना 22,238 करोड़...** ▪ वित्त वर्ष 2025-26 में एअर इंडिया ग्रुप को ₹22,238 करोड़ का घाटा हुआ। यह 1 साल पहले के ₹10,859 करोड़ से दोगुना से भी ज्यादा है, जबकि कुल आय ₹71,870 करोड़ रही।

### 'उड़ान' स्कीम दस साल के लिए बढ़ी, सिर्फ 18 महीने में तैयार होंगे एयरपोर्ट, अभी 3 साल लगते हैं

सरकार ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम उड़ान को 10 साल और बढ़ा दिया है। इससे ₹60,000 करोड़ के आर्थिक असर का अनुमान है। अब तक 21 राज्य सहमति दे चुके हैं, पश्चिम बंगाल का समझौता 28 सितंबर को होना है। 10 साल में यह स्कीम 90 से ज्यादा एयरपोर्ट शुरू कराकर 1.54 करोड़ यात्रियों को सस्ती कनेक्टिविटी दे चुकी है। अब एयरपोर्ट बनाने का औसत समय 3 साल से घटाकर 18 महीने करने का लक्ष्य है।

---

क्रूड 100 डॉलर से नीचे, फिर भी...

# चार दिन की तेजी थमी सेंसेक्स 330 अंक टूटा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

आईटी, कैपिटल गुड्स और फाइनेंशियल शेयरों में बिकवाली से मंगलवार को शेयर बाजार में चार दिन की तेजी थम गई। सेंसेक्स 330 अंक गिरकर 74,529 पर और निफ्टी 85 अंक टूटकर 23,329 पर बंद हुआ। ग्लोबल मार्केट में तेजी और कच्चा तेल सस्ता होने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में गिरावट आई। बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, सन फार्मा और अल्ट्राटेक सीमेंट नुकसान में रहे। दूसरी तरफ इटर्नल, इंटरग्लोब एविएशन, टाइटन और टाटा स्टील में बढ़त रही। ब्रेंट क्रूड 1.67% गिरकर 98.66 डॉलर प्रति बैरल रह गया। आईटी शेयरों में बिकवाली से इस सेक्टर का इंडेक्स 0.79% गिर गया। हेक्सावेयर 2.2%, टीसीएस 1%, इंफोसिस 1%, एचसीएल टेक 0.80% और टेक महिंद्रा 0.51% तक टूट गए।



**बाजार निचले स्तरों से संभलता नजर आया...** जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि ब्रेंट क्रूड के 100 डॉलर से नीचे आने से निवेशकों को राहत मिली, जिससे बाजार निचले स्तरों से संभला, पर बिकवाली के दबाव में माहौल सतर्क रहा।

---

**भरोसा** • प्रेमजी, नारायण मूर्ति, दमानी जैसे दिग्गज नहीं बेच रहे शेयर

# एनएसई के आईपीओ से पुराने निवेशक बनाएंगे 29,400 करोड़ रु. की संपत्ति

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश के सबसे बड़े शेयर एक्सचेंज एनएसई के आईपीओ में दिग्गज निवेशक अपने शेयर बेचने के बजाय बरकरार रख रहे हैं। एक विश्लेषण के मुताबिक शेयर न बेचने के इस फैसले से यह पूरा दिग्गज निवेशक समूह मिलकर 29,400 करोड़ रुपए की भारी संपत्ति बनाएगा।

इसमें आईटी दिग्गज अजीम प्रेमजी और एनआर नारायण मूर्ति के अलावा डीमार्ट के राधाकिशन दमानी, सुनील मुंजाल, क्रिस गोपालकृष्णन, रामदेव अग्रवाल और मोतीलाल ओसवाल जैसे बड़े नाम शामिल हैं। 22,561 करोड़ रुपए का यह आईपीओ पूरी तरह ऑफर फॉर सेल है, जिसका पूरा पैसा शेयर बेचने वाले अन्य निवेशकों को मिलेगा। ₹1,785 के ऊपरी प्राइस बैंड पर एनएसई का कुल मूल्यांकन 4.42 लाख करोड़ रुपए आंका गया है।

### पोर्टफोलियोः प्रेमजी, दमानी, मुंजाल का निवेश सबसे ज्यादा

| निवेशक | वैल्यू (करोड़ रु.) |
|---|---|
| प्रेमजी इन्वेस्ट | 10,231.6 |
| 360 वन | 7,139.3 |
| राधाकिशन दमानी | 6,856.0 |
| सुनील कांत मुंजाल | 1,600+ |
| क्रिस गोपालकृष्णन | 1,600+ |
| कैटामारन (नारायण मूर्ति) | 687 |

**बैंकरों को मिली 186 करोड़ फीस**
एनएसई के आईपीओ में 20 इन्वेस्टमेंट बैंकरों ने कुल 186 करोड़ रुपए फीस और कमीशन के रूप में कमाए। कुल खर्च 392.12 करोड़ रुपए रहा, जिसमें बैंकर फीस 47.49 फीसदी रही।

**लिस्टिंग** • 24 से बीएसई पर शुरू होगी शेयर ट्रेडिंग

यह आईपीओ 21 सितंबर को बंद हुआ था। इसमें 8.86 करोड़ शेयरों के मुकाबले 50.60 करोड़ से ज्यादा शेयरों के लिए बोलियां लगाई गईं। यानी कुल 5.71 गुना भर गया। इसमें क्यूआईबी का हिस्सा 12.68 गुना भरा था। 24 सितंबर से बीएसई में एनएसई के शेयरों की ट्रेडिंग शुरू होगी।

**इंतजार** • दशक भर की देरी, कई बड़े निवेशक निकल चुके

दिसंबर 2016 में पहले आवेदन के बाद को-लोकेशन विवाद के कारण एनएसई की लिस्टिंग टलती रही। सिटीग्रुप, गोल्डमैन सैक्स और नॉरवेस्ट वेंचर ने 2022 तक अपनी हिस्सेदारी बेच दी थी। 2007 से निवेशक रही एलिवेशन कैपिटल ने जनवरी-मार्च 2023 में 580.46 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे।

---

लिस्टिंग से बचने की रणनीति

# टाटा संस के कई हिस्से करने का प्रस्ताव बना

भाविनी मिश्रा | मुंबई

टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने लिस्टिंग से बचने के लिए टाटा संस को कई हिस्सों में बांटने (डीमर्जर) का प्रस्ताव दिया है। यह कानूनी रूप से संभव है। लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक इससे रिजर्व बैंक की लिस्टिंग की शर्त अपने आप खत्म नहीं हो जाएगी। आरबीआई ने हाल ही में टाटा संस के कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी रजिस्ट्रेशन सरेंडर करने का आवेदन खारिज कर दिया है। कंपनी को अपर-लेयर एनबीएफसी के नियमों का पालन करने को कहा है। इसी के बाद 17 सितंबर को टाटा संस के बोर्ड ने पब्लिक लिस्टिंग की दिशा में बढ़ने का फैसला किया, जबकि नोएल टाटा इसके खिलाफ हैं। कानूनी विशेषज्ञों के मुताबिक कंपनी एक्ट के तहत एनसीएलटी की मंजूरी से डीमर्जर हो सकता है, लेकिन यदि नई बनी कंपनियां भी किसी अन्य एनबीएफसी कैटेगरी में आ जाती हैं तो लिस्टिंग की बाध्यता बनी रह सकती है। 75% शेयरधारकों की मंजूरी और शापूरजी पालोनजी ग्रुप की संभावित कानूनी चुनौती भी बड़ी अड़चनें हैं।



---

लेन-देन के खुलासे का मामला

# हिंडनबर्गः अदाणी की 5 कंपनियों का केस सेटल

भास्कर न्यूज | मुंबई

अदाणी समूह की 5 कंपनियों ने रिलेटेड-पार्टी ट्रांजैक्शन (आरपीटी) खुलासे में खामियों के मामले में सेबी के साथ कुल 1.51 करोड़ रुपए में सेटल कर लिया है। यह मामला हिंडनबर्ग रिसर्च की 2023 रिपोर्ट से जुड़ा था।

फरवरी 2024 में सेबी ने कंपनियों को नोटिस भेजा था। आरोप था कि अदाणी एंटरप्राइजेज ने वित्त वर्ष 2012-13 में सहायक कंपनियों अदाणी एस्टेट्स और वकोडर इंवेस्टमेंट के बीच लेनदेन का खुलासा नहीं किया। साथ ही 2015-2021 के बीच कई कंपनियों की ऑडिट रिपोर्ट बिना वैध पीयर-रिव्यू सर्टिफिकेट वाली फर्मों से साइन कराई गई थीं। बहरहाल, सेटलमेंट में अदाणी एंटरप्राइजेज ने 76.05 लाख, अदाणी ग्रीन एनर्जी ने 45.5 लाख, जबकि अदाणी टोटल गैस, एडब्ल्यूएल एग्री और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने 9.75-9.75 लाख रुपए चुकाए। इससे पहले इसी महीने एपीएसईजेड के एमडी करण अदाणी और सीएफओ बी. रवि ने भी पीएमसी प्रोजेक्ट्स मामले में ₹13.65-13.65 लाख देकर मामला निपटाया था। पिछले साल सितंबर में सेबी हिंडनबर्ग के फंड डायवर्जन और फ्रॉड के आरोपों में समूह को क्लीनचिट दे चुका है।

---

**मैन्युफैक्चरिंग** • ग्रोथ नापने का तरीका बदला

# अब तैयार और कच्चे माल की महंगाई अलग-अलग आंकेंगे

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

सरकार ने देश के कारखानों की असली कमाई और ग्रोथ नापने की नई व्यवस्था का ब्योरा जारी किया है। इसे फरवरी 2026 से लागू किया जा रहा है। पुरानी व्यवस्था में महंगाई का सिर्फ मोटा अंदाजा लगाया जाता था, लेकिन अब तैयार और कच्चे माल की महंगाई अलग-अलग आंकी जा रही है। इसके लिए पुरानी व्यवस्था की जगह अब उद्योगों के वार्षिक सर्वे (एएसआई) और प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) का इस्तेमाल हो रहा है। महंगाई का यह नया हिसाब कारखानों के तैयार माल और उसमें इस्तेमाल कच्चे माल की असली कीमतों पर आधारित है। यह बदलाव मैन्युफैक्चरिंग की सही कमाई तय करने को लेकर चल रही चर्चा के बाद किया गया है। इससे एक कारखाने का तैयार सामान जब दूसरे कारखाने में कच्चा माल बनेगा, तो दोनों जगह महंगाई का सही हिसाब निकल सकेगा। पेंशन व्यवस्था में भी सुधार कर अब कर्मचारियों की भविष्य की पेंशन का हिसाब इस बात से लगाया जाएगा कि भविष्य में मिलने वाली पेंशन की आज के समय में कितनी कीमत है। पहले सिर्फ इस आधार पर मोटा-मोटा हिसाब लगा लिया जाता था कि जब कोई कर्मचारी रिटायर होगा, तब उसे कितनी पेंशन देनी पड़ेगी।

**प्रक्रियाः** 80% कच्चे माल के आधार पर पैमाना तय

कारखानों में सबसे ज्यादा (80%) इस्तेमाल होने वाले मुख्य कच्चे माल को नए तरीके में शामिल किया गया है। इसमें गेहूं, दूध, बिजली, पाम तेल, बेसन, सूती धागा, जूट बैग, सीमेंट और स्टील शामिल हैं। हालांकि, विदेश से आने वाले सामान और मिलान में कठिनाई के कारण डिब्बाबंद खाने, तेल और दवाओं को अभी इससे अलग रखा गया है।

---

## चीनः सुपरसोनिक जेट सिर्फ 27 करोड़ में तैयार; 2,470 किमी प्रति घंटा रफ्तार, पर आवाज कार का दरवाजा बंद होने जितनी




बीजिंग | चीन की तियानमुशान लैब ने 10 से 15 सीटों वाला सुपरसोनिक विमान टीएमएस-10 तैयार कर लिया है। करीब मैक 2 (2,470 किमी/घंटा) की रफ्तार से उड़ने वाला यह जेट शंघाई से लॉस एंजिलिस की दूरी महज 5 घंटे में तय कर सकेगा। आमतौर पर सुपरसोनिक विमान धमाके जैसी तेज आवाज (सोनिक बूम) करते हैं, लेकिन इससे केवल कार का दरवाजा बंद होने जितना शोर होगा। नासा के एक्स-59 (लगभग ₹2,367 करोड़ लागत) की तुलना में यह महज 27 करोड़ में बनकर तैयार हुआ है। अमेरिकी कंपनी 'बूम सुपरसोनिक' के बड़े एक्सबी-1 जेट के उलट, टीएमएस-10 छोटे प्रीमियम बिजनेस सेगमेंट को टारगेट करता है। इसकी पहली सुपरसोनिक टेस्ट फ्लाइट इसी साल के अंत तक होने की उम्मीद है।

---

**बिजनेस ब्रीफ**

### एंजल वन के ठक्कर ने ₹711 करोड़ में खरीदा घर

**नई दिल्ली** | एंजल वन के फाउंडर दिनेश ठक्कर ने मुंबई के जुहू में एम्बेसी टेराजा का पूरा टावर ₹711 करोड़ में खरीद लिया है। यह देश की सबसे बड़ी सिंगल रेजिडेंशियल डील है। यह जी+7 टावर है, जिसका कारपेट एरिया 63,000 वर्ग फीट है। प्रति वर्ग फीट कीमत ₹1.13 लाख है। अभी यह तैयार नहीं हुआ है।

### स्नैपडीलः पैरेंट कंपनी का आईपीओ 25 को

**मुंबई** | स्नैपडील की पैरेंट कंपनी ऐसवेक्टर का 420 करोड़ रुपए का आईपीओ 25 सितंबर को खुलेगा। यह 29 सितंबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए उपलब्ध रहेगा। इसका प्राइस बैंड 30 से 32 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। फ्रेश इश्यू 287 करोड़ रुपए का है और ओएफएस में 35% कटौती की गई है।

### यूज्ड-कार मार्केटप्लेस स्पिनी ला रही आईपीओ

**नई दिल्ली** | सचिन तेंदुलकर समर्थित यूज्ड-कार मार्केटप्लेस स्पिनी ने सेबी के पास आईपीओ कागजात दाखिल किए हैं। कंपनी इस इश्यू के जरिए 2,500 से 3,000 करोड़ जुटाने की तैयारी कर रही है। 2025 में कंपनी की आय 25% बढ़कर ₹4,657 करोड़ हो गई। कंपनी वर्तमान में 25 शहरों में कारोबार कर रही है।

### भारत की विकास दर 6.7% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली** | वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) सर्वे के अनुसार दुनिया भर में भारत के आर्थिक विकास की रफ्तार सबसे तेज रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2026-27 में यह 6.7 फीसदी दर्ज हो सकती है। डब्ल्यूईएफ के मुताबिक मजबूत घरेलू मांग से अर्थव्यवस्था को लगातार मदद मिल रही है।

---

5 महीने में 7 लाख करोड़ खर्च

### क्रूड आयात स्थिर, पर महंगा होने से बिल 48 फीसदी बढ़ा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

भारत में कच्चे तेल के आयात का बिल अप्रैल-अगस्त में 48.4% बढ़कर 74.8 अरब डॉलर यानी करीब 7 लाख करोड़ रुपए हो गया। पीपीएसी के मुताबिक, इन पांच माह में यह 0.4% घटकर 10.07 करोड़ टन रहा। लेकिन वैश्विक बाजार में तेल महंगा होने से खर्च बढ़ गया। इस पर 1 साल पहले के मुकाबले 2.3 लाख करोड़ रुपए ज्यादा खर्च हुए। अगस्त में भारतीय क्रूड बास्केट की औसत कीमत 90.19 डॉलर प्रति बैरल रही, जो एक साल पहले से 30.5% ज्यादा है। सितंबर में 18 तारीख तक कीमत 123.86 डॉलर हो गई।

---

**बिजनेस एंकर** 'कुछ मत करो' छुट्टी बनी नया फैशन; भारतीय युवाओं को अब सिर्फ सुकून चाहिए, दिलकश सेल्फी नहीं

# छुट्टी का नया ट्रेंडः घूमना कम, ठहरना ज्यादा; होमस्टे खुद बना डेस्टिनेशन

भास्कर न्यूज | मुंबई

भारत में छुट्टियों को लेकर लोगों का व्यवहार बदल रहा है और यह बदलाव ट्रैवल-हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के लिए नया कारोबारी मौका बनता जा रहा है। सैलानी अब 'ज्यादा देखने' की बजाय 'कम करने' को तरजीह दे रहे हैं। कंपनियां इसी डिमांड के हिसाब से अपनी रणनीति बदल रही हैं। एयरबीएनबी के 2026 इंडिया जेन-जी सर्वे (11 शहरों में) के मुताबिक 64% यात्री जानबूझकर यात्रा का पूरा शेड्यूल या रूट-प्लान अधूरा रखते हैं, जबकि दो-तिहाई का मकसद ही आराम और स्लो-डाउन है। यह सिर्फ लाइफस्टाइल ट्रेंड नहीं, बुकिंग पैटर्न में सीधा बदलाव है। 78% यात्री अपने कुल ट्रिप टाइम का आधा हिस्सा सिर्फ अपने स्टे में बिताते हैं, और 63% ने किसी खास प्रॉपर्टी की वजह से ही डेस्टिनेशन चुना। यानी अब स्टे खुद डेस्टिनेशन बन रहा है, और होटल-होमस्टे कारोबारियों के लिए यह एक नया रेवेन्यू (आय) एंगल है।

नैनीताल के पास पैंगोट में हाई-एंड होमस्टे 'द स्लो हाउस' चलाने वाली गुंजन विज इसे कारोबारी नजरिए से बताती हैं। उन्होंने बताया, 'पूरी विला एक ही ग्रुप को बुक होती है, कोई शेयर्ड डाइनिंग या लॉबी नहीं, और यह मॉडल ऑफ-सीजन में भी 70-80% ऑक्यूपेंसी बनाए रखता है।' वह कहती हैं, 'प्राइवेसी और खाली समय बेचना महंगा तो है, पर मांग असली है।' मेहमान अब आसपास घूमने की जगहों की बजाय यह पूछते हैं कि क्या कोई शेड्यूल तो नहीं है। यानी प्रॉपर्टी की मार्केटिंग खुद बदल रही है।

बुकिंग ट्रेंड में भी यह शिफ्ट साफ है। हर 10 में से 7 यात्री लंबी सालाना छुट्टी की बजाय तीन छोटी ट्रिप को तरजीह देते हैं। 87% की ट्रिप एक हफ्ते से कम की होती है। इसी वजह से डोमेस्टिक शॉर्ट-स्टे (2-6 रात) में करीब 80% की वृद्धि दर्ज हुई है। ट्रैवल प्लेटफॉर्म्स के लिए इसका मतलब है- कम दिनों की, बार-बार होने वाली बुकिंग पर फोकस बढ़ाना।

काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट आयुषी पाटनी के मुताबिक, यह डिमांड बर्नआउट और रिमोट वर्क कल्चर से जुड़ी है। लोग अब छुट्टी में भी प्रोडक्टिविटी नहीं चाहते। यही वजह है कि शहरों से दूर, शांत डेस्टिनेशन की सर्च तेजी से बढ़ रही है, जो छोटे और नए हॉस्पिटैलिटी ऑपरेटरों के लिए बड़े शहरों के महंगे होटल मार्केट से अलग एक नया सेगमेंट खोल रहा है। ट्रैवल ब्लॉगर, स्लो-ट्रैवल ग्रुप ट्रिप होस्ट कनक अग्रवाल कहती हैं कि सोशल मीडिया ज्यादातर सैलानियों को चेकलिस्ट टूरिज्म की तरफ धकेलता है, इसलिए यह अभी एक छोटा, लेकिन तेजी से बढ़ता सेगमेंट है- प्रीमियम प्राइसिंग की गुंजाइश के साथ।

### देश के टियर-2/3 शहरों में नए होमस्टे-हॉस्पिटैलिटी निवेश के मौके बढ़ रहे

ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म एगोडा की 2026 रिपोर्ट के मुताबिक 67% भारतीय यात्रियों के लिए छुट्टी की मुख्य वजह "रिलैक्सेशन' है। इसकी हॉस्पिटैलिटी राइजिंग रिपोर्ट में धर्मशाला, ऋषिकेश और उत्तरकाशी जैसी शांत जगहों की सर्च में सालाना बढ़ोतरी देखी गई। एयरबीएनबी के अगस्त 2026 डेटा में मानसून डोमेस्टिक सर्च सालाना करीब 40% बढ़ी, जिससे टियर-2/3 शहरों में नए होमस्टे-हॉस्पिटैलिटी निवेश की संभावना बन रही है।

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

📍EnglishEditorialsPDF with International Newspapers Editorials [35-40pages]

📍Hindi Editorials PDF

📍Daily Vocabulary PDF

## Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world. Asian, Europian & American

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

Click Here